तुलसी पूजन दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं



www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | बुधवार, 25 दिसंबर 2024 | 11 पौष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 7, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

सूर्योदय 7:11 सूर्यास्त 5:31

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 1.8 न्यू | 6.2 अधि |
| धर्मशाला | 5.1 न्यू | 16.9 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 78472.87 |
| निफ्टी | 23727.65 |
| सोना | 77,350 |
| चांदी | 91,670 |

**जयंती विशेष : आखिरी बार 2006 में आए थे प्रीणी, अटल टनल के रूप में हमेशा मनालीवासियों के बीच मौजूद हैं स्व. अटल बिहारी वाजपेयी**

# पूर्व पीएम वाजपेयी का मनाली से रहा अटल नाता, प्रीणी में बनाया दूसरा आशियाना

कमलेश वर्मा, कुल्लू/मनाली

**भारत** रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का कुल्लू-मनाली से अटल नाता रहा है। वह हिमाचल को अपना दूसरा घर मानते थे और उन्होंने मनाली के प्रीणी में अपना आशियाना बनाया व राजनीतिक व्यस्तताओं के बीच फुर्सत मिलते ही वह दिल्ली से मनाली की हसीन वादियों में बने अपने दूसरे घर प्रीणी आकर समय बिताते थे।

स्थानीय लोगों के साथ भी उनका बेहद लगाव रहा है। यहां प्रकृति की गोद में अटल के कवि हृदय से न जाने कितनी कविताओं और विचारों का सृजन हुआ था। मनाली का सौंदर्य भी अटल की कविताओं में पढ़ा जा सकता है। अटल प्रीणी स्कूल में बच्चों को अपनी रचनाएं सुनाते थे। स्व. वाजपेयी आखिरी बार 2006 में प्रीणी आए थे। इसके बाद तबीयत खराब होने के चलते यहां नहीं आ पाए। बेशक अब कभी प्रीणी नहीं आएंगे, लेकिन लोगों के साथ जुड़ी यादें हमेशा जीवत हैं। अटल टनल के रूप में हमेशा लोगों के बीच मौजूद हैं। प्रीणी में हर साल उनके जन्मदिवस पर यज्ञ का आयोजन होता है। (अनंत ज्ञान)

**प्रीणी में हर साल उनके जन्मदिवस पर होता यज्ञ**



वाजपेयी को अपने हाथ से बनाई घड़ी भेंट करते कुंदन। फाइल फोटो

### तुम्हारे मामा की नौकरी चली गई

2003 में केंद्र में कांग्रेस की सरकार बन गई। अटल जी उस साल राजनीतिक थकान मिटाने मनाली पहुंचे, तो उनका प्रीणी स्कूल में आना हुआ। वाजपेयी ने 15 हजार रुपए यह कहते हुए दिए कि अभी इतने ही हैं, क्योंकि हाल में ही तुम्हारे 'मामा' की नौकरी चली गई है।

### 1968 में पहली बार आए मनाली

**अटल** 1968 में पहली बार मनाली आए थे। वाजपेयी मनाली की वादियों से इतना प्रभावित हुए कि उन्होंने मनाली के प्रीणी में अपना दूसरा घर बना लिया। प्रधानमंत्री बनने पर हर साल जून महीने में एक सप्ताह तक मनाली से ही देश का संचालन किया। मनाली के प्रीणीवासियों ने उन्हें मुखिया की उपाधि दी। ग्रामीणों के वे प्रिय चाचू व बच्चों के प्रिय मामू बन गए। वाजपेयी ने प्रीणी गांव में 2005 में देवदार का पौधा रोपा था, जो आज भी यहां पर लहलहा रहा है।



धनी राजन राय ने की थी वाजपेयी को फोटो भेंट। (फाइल फोटो)

### अटल टनल के रूप में दी सबसे बड़ी सौगात

**रोहतांग** टनल का सपना वाजपेयी ने अपने लाहौली दोस्त टशी दावा उर्फ अर्जुन गोपाल संग देखा था, जो पूरा हो गया है। रोहतांग दर्रे के नीचे सुरंग बनाए जाने का निर्णय पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में 3 जून, 2000 को लिया था। अटल सुरंग के साउथ पोर्टल को जोड़ने वाली सड़क की आधारशिला 26 मई, 2002 को रखी थी। वाजपेयी ने 2003 में रोहतांग टनल के साउथ पोर्टल को जाने वाली सड़क का शिलान्यास किया था। सुरंग के दोनों छोर 15 अक्तूबर 2017 को जुड़े। हिमाचल मंत्रिमंडल की बैठक में 20 अगस्त 2018 को रोहतांग टनल का नाम पूर्व प्रधानमंत्री के नाम पर रखने का प्रस्ताव किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी की 95 वीं जयंती पर 25 दिसंबर, 2019 को उनकी स्मृति में रोहतांग टनल का नामकरण अटल टनल, रोहतांग के रूप में करने की घोषणा की थी।

### अटल की प्रेरणा से पंचायत प्रधान बना : कुंदन

**वाजपेयी** के घर में घास लगाकर हरियाली लाने वाले ग्रामीण कुंदन कहते हैं कि वह उन्हीं की प्रेरणा से पंचायत के प्रधान बने थे। घास लगाते समय मामू ने प्रधान बनने का आशीर्वाद दिया था। मामू के हाथों मिला प्यार व दुलार आज भी याद है। पुराने स्पेयर पार्ट को एकत्रित कर एक घड़ी बनाकर अटल जी को दी थी, जो आज भी उनके घर में मौजूद है। राजन राय कहते हैं कि उन्होंने वाजपेयी को फोटो भेंट की थी तो उन्होंने उनकी प्रतिभा को सराहा था।

## न्यूज शॉर्ट्स

### 'जय फिलिस्तीन' बोलने के मामले में ओवैसी तलब



**बरेली (उप्र)।** बरेली जिला अदालत ने संसद में 'जय फिलिस्तीन' बोलने के मामले में एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी को नोटिस जारी कर तलब किया है। अदालत ने मामले में सात जनवरी को सुनवाई तय की है। संसद में 'जय फिलिस्तीन' बोलने के मामले में ओवैसी के खिलाफ अधिवक्ता वीरेंद्र गुप्ता ने वाद दायर किया है, जिसमें उन पर संवैधानिक एवं कानूनी मान्यताओं का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है।

### सांसद राशिद की रेगुलर बेल की याचिका खारिज



**दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने आतंकी वित्तपोषण मामले में जम्मू-कश्मीर के सांसद इंजीनियर राशिद की नियमित जमानत याचिका पर आदेश पारित करने से मंगलवार को इनकार कर दिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने जमानत याचिका पर आदेश सुनाने संबंधी आरोपी की अर्जी खारिज कर दी।

### भगदड़ मामले में अल्लू अर्जुन से 3 घंटे पूछताछ



**हैदराबाद।** तेलुगु अभिनेता अल्लू अर्जुन से मंगलवार को पुलिस ने तीन घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। अभिनेता चार दिसंबर को फिल्म 'पुष्पा-2' की स्क्रीनिंग के दौरान मची भगदड़ में एक महिला की मौत होने की घटना के सिलसिले में पूछताछ के लिए यहां चिक्कड़पल्ली पुलिस के सामने पेश हुए।

### 26 और 27 दिसंबर को होगी जेपीसी की बैठक

**नई दिल्ली।** वक्फ (संशोधन) विधेयक पर संयुक्त समिति प्रस्तावित कानून पर विचार-विमर्श के हिस्से के रूप में राज्य प्रतिनिधियों से मौखिक साक्ष्य रिकॉर्ड करने के लिए 26 और 27 दिसंबर को बैठकें करेगी। समिति 26 दिसंबर को कर्नाटक मध्य प्रदेश और राजस्थान व 27 दिसंबर को उत्तर प्रदेश, ओडिशा और दिल्ली के प्रतिनिधियों की सुनवाई करेगी।

**अंदर के पन्नों पर पढ़ें**


- मंत्री पद की दौड़ में नहीं, क्षेत्र का विकास मकसद: चंद्रशेखर -पेज 3
- बिलासपुर अस्पताल में एक्स-रे सुविधा बहाल -पेज 6
- नेताओं को खुश करने के लिए विभाग ने दो दिन भटकाए दिव्यांग -पेज 9
- दिल्ली और एनसीआर से हटीं ग्रैप-4 की पाबंदियां -पेज 13
- अंडर-19 टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय महिला टीम घोषित -पेज 14


# चुनाव आयोग ने शांत किया वोटर लिस्ट पर मचा बवाल

## कांग्रेस के आरोपों का 66 पन्नों में दिया जवाब, कहा- वेबसाइट पर देखें डाटा

एजेंसी, नई दिल्ली



**चुनाव** आयोग ने कांग्रेस की ओर से महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर केंद्र सरकार व इलेक्शन कमीशन पर उठाए सवालों का 66 पन्नों में जवाब दिया है।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि महाराष्ट्र की हर विधानसभा सीट के लिए मतदाताओं से संबंधित पार्टी की ओर से मांगे गए डाटा और फॉर्म 20 महाराष्ट्र इलेक्शन कमीशन की वेबसाइट पर उपलब्ध है, जिसे डाउनलोड किया जा सकता है।

चुनाव आयोग ने कहा कि राज्य में मतदाताओं के नाम न तो मनमाने ढंग से जोड़े गए हैं और न ही हटाए गए हैं। कांग्रेस को दिए अपने जवाब में आयोग ने कहा कि हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव में शाम पांच बजे के मतदान के आंकड़ों की तुलना अंतिम मतदान आंकड़ों के साथ करना सही नहीं होगा। इसमें यह भी बताया गया कि कैसे शाम 5 बजे से रात 11:45 बजे तक मतदान प्रतिशत में वृद्धि सामान्य थी, जो कि मतदान के मतों को जोड़ने की प्रक्रिया का हिस्सा था और कैसे डाले गए मतों और गिने गए मतों में वास्तविक, लेकिन असंगत अंतर हो सकता है।

**मनमाने ढंग से न नाम हटाए और न जोड़े**

### वास्तविक मतदान प्रतिशत को बदलना असंभव

**आयोग** ने कहा कि वास्तविक मतदान प्रतिशत को बदलना असंभव है, क्योंकि मतदाता मतदान का विवरण देने वाला वैधानिक फॉर्म 17सी मतदान केंद्र पर मतदान बंद होने के समय उम्मीदवारों के अधिकृत एजेंट के पास उपलब्ध होता है। इसमें कहा गया है कि महाराष्ट्र में मतदाता सूची तैयार करने में पारदर्शिता के साथ नियम-आधारित प्रक्रिया का पालन किया गया और राज्य में मतदाता के नाम हटाए जाने में कोई अनियमित चलन नहीं था। इसने कांग्रेस को बताया कि मतदाता सूची तैयार करने में कांग्रेस प्रतिनिधियों की भागीदारी सहित उचित प्रक्रिया का पालन किया गया था।

### कांग्रेस ने चुनाव नियमों में बदलाव को सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मंगलवार को चुनाव से जुड़े इलेक्ट्रॉनिक डॉक्यूमेंट्स पब्लिक करने से रोकने के नियम को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। केंद्र सरकार ने 20 दिसंबर को पोलिंग स्टेशन के सीसीटीवी, वेबकास्टिंग फुटेज और उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे कुछ इलेक्ट्रॉनिक डॉक्यूमेंट्स को पब्लिक करने से रोकने के लिए चुनाव नियमों में बदलाव किया था। याचिका पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि चुनाव आयोग को ऐसे महत्वपूर्ण कानून (चुनाव संचालन नियम, 1961) में एकतरफा संशोधन करने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

**मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अधिकारियों को दिए निर्देश**

# करुणामूलक आधार पर रोजगार के लिए करें व्यापक नीति तैयार



शिमला में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

- 10 जनवरी को होने वाली बैठक में डाटा प्रस्तुत करने को कहा
- बोले, लंबित मामलों को निपटाने के लिए कार्य कर रही सरकार

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने करुणामूलक आधार पर रोजगार के लिए एक वृहद नीति तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सभी लंबित मामलों को एक ही बार में निपटाने के लिए तत्परता से कार्य कर रही है।

शिमला में मंगलवार को आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में नीति की समीक्षा करते हुए सीएम सुक्खू ने अधिकारियों को करुणामूलक आधार पर रोजगार के लिए आवेदकों का विभाग, आयु तथा शैक्षणिक योग्यता अनुसार डाटा संकलित कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को 10 जनवरी को होने वाली आगामी बैठक में अपेक्षित डाटा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार सेवा के दौरान अपने परिवार के सदस्यों को खोने वाले लोगों को सरकारी क्षेत्र में रोजगार प्रदान करने के लिए उदार व सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण अपना रही है। राज्य सरकार अधिक से अधिक आवेदकों को लाभान्वित करने के लिए सभी पहलुओं को ध्यान में रखेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार करुणामूलक आधार पर रोजगार प्रदान करने में विधवाओं तथा अनाथों को वरीयता देकर आश्रितों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अनुकंपा नियुक्तियों के मामलों के गहन अध्ययन के लिए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की अध्यक्षता में मंत्रिमंडलीय उपसमिति का गठन किया है। इसमें तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी और आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा इस उपसमिति के सदस्य हैं। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, प्रधान सचिव वित्त देवेश कुमार, सचिव डॉ. अभिषेक जैन व राकेश कंवर, विशेष सचिव वित्त रोहित जम्वाल और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# हिमाचल के पहाड़ी क्षेत्रों में दूसरे दिन भी रुक-रुककर बर्फबारी

## प्रदेशभर में 3 एनएच, 223 सड़कें व 356 ट्रांसफार्मर ठप

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



**हिमाचल** प्रदेश में बर्फबारी से कई जिलों में जनजीवन प्रभावित हुआ है। दूसरे दिन मंगलवार को भी शिमला के कुफरी, नारकंडा, किन्नौर, कुल्लू और लाहौल-स्पीति सहित अन्य ऊंचाई वाले क्षेत्रों में रुक-रुककर बर्फबारी हो रही है।

बर्फबारी से 3 राष्ट्रीय राजमार्गों समेत 223 सड़कें, 356 ट्रांसफार्मर और 19 पेयजल योजना ठप हुई हैं। शिमला जिले में सबसे ज्यादा सड़कों पर यातायात प्रभावित है। किन्नौर, मंडी, कांगड़ा, कुल्लू, लाहौल-स्पीति और चंबा जिलों में भी कई सड़कें बंद हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, राज्य के सात शहरों में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया है। 24 से 26 दिसंबर तक मैदानी इलाकों में घने कोहरे और शीतलहर का अलर्ट जारी किया है। 27 से 30 दिसंबर तक बारिश और बर्फबारी की संभावना है।

### बर्फबारी के चलते चार लोगों की मौत

**प्रदेश** में बर्फबारी के चलते 4 लोगों की मौतें हुई हैं। ये मौतें सोलन, बिलासपुर, चंबा और शिमला में हुई हैं। शिमला में बर्फ के बीच से एक व्यक्ति ऊंचाई से गिरा है, जबकि तीन मौतें एक्सीडेंट के चलते हुई हैं।

### विंटर कार्निवाल : मालरोड पर महानाटी



राजधानी शिमला में विंटर कार्निवाल के शुभारंभ पर माल रोड पर महानाटी डालतीं 250 महिलाएं। इस महानाटी में सैलानी भी जमकर झूमे।

**मीटिंग** पीएम ने बजट 2025 की तैयारियों को लेकर सेक्टोरल एक्सपर्ट्स और इकोनॉमिस्ट के साथ की बैठक

# मोदी ने अर्थशास्त्रियों से जाने विचार-सुझाव

एजेंसी, नई दिल्ली



**बजट** 2025 की तैयारी जारी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को सेक्टोरल एक्सपर्ट्स और इकोनॉमिस्ट के साथ बैठक की। इसमें वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री मोदी ने अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों से विचार और सुझावों को जाना। वित्त मंत्री सीतारमण 1 फरवरी, 2025 को लोकसभा में वित्त वर्ष 2025-26 का बजट पेश करेंगी। प्री बजट मीटिंग शेड्यूल के मुताबिक, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 26 दिसंबर को ट्रेड एंड सर्विस सेक्टर के साथ बैठक करेंगी। इसके बाद 27 दिसंबर को ट्रेड यूनियन और फाइनेंशियल एंड कैपिटल मार्केट स्टेक होल्डर्स के साथ बैठक होगी। 28 दिसंबर को इंफ्रा, एनर्जी एंड अर्बन सेक्टर के स्टेक होल्डर्स के साथ बैठक होगी।

30 दिसंबर को इंडस्ट्रीज के लोगों के साथ और एजुकेशनल एंड हेल्थ सेक्टर के स्टेक होल्डर्स के साथ बैठक होगी।

बैठक में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी, नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी बीवीआर सुब्रमण्यम, मुख्य आर्थिक सलाहकार अनंत नागेश्वरन, अर्थशास्त्री सुरजीत भल्ला, डीके जोशी समेत अन्य विशेषज्ञ शामिल हुए।

**सीतारमण 26 को करेंगी ट्रेड एंड सर्विस सेक्टर के साथ बैठक**

### कांग्रेस ने मानवाधिकार आयोग अध्यक्ष की नियुक्ति पर जताई आपत्ति

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी व राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के अध्यक्ष और सदस्यों के चयन को लेकर आपत्ति जताई है।

उन्होंने कहा कि चयन के लिए अपनाई गई प्रक्रिया मौलिक रूप से त्रुटिपूर्ण और पूर्व निर्धारित थी। इसमें आपसी परामर्श और आम सहमति की अनदेखी की गई थी। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष पद के लिए न्यायमूर्ति रोहिंटन फली नरीमन और न्यायमूर्ति कुट्टीयिल मैथ्यू जोसेफ के नाम प्रस्तावित किए थे। हालांकि, हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश वी रामसुब्रमण्यम को एनएचआरसी का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

# पुंछ में सेना का वाहन खाई में गिरा, 5 जवानों की मौत

एजेंसी, जम्मू



**जम्मू**-कश्मीर के पूंछ जिले में मंगलवार शाम सेना का वाहन 350 फुट गहरी खाई में गिर गया। इस हादसे में 5 जवानों की मौत हो गई। पांच घायल हैं और 4 की हालत गंभीर है।

सभी जवान शाम को लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) की ओर जा रहे थे। इसी दौरान बलनोई इलाके में घोड़ा पोस्ट के पास वाहन खाई में गिर गया। सूचना मिलते ही सेना की क्विक रिस्पांस टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू शुरू किया। घायल जवानों को आसपास के अस्पताल में शिफ्ट किया गया है। सभी जवान 11 मराठा रेजिमेंट के बताए जा रहे हैं। 8 जवानों को निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन अभी भी जारी है। व्हाइट नाइट कॉर्प्स ने सैनिकों के निधन पर संवेदना व्यक्त की है।

## न्यूज ब्रीफ

### हमीरपुर व्यापार मंडल के अध्यक्ष बने सुमित



**हमीरपुर।** हमीरपुर व्यापार मंडल के चुनाव में सुमित ठाकुर को अध्यक्ष चुना गया है। टाउन हॉल में हुई बैठक में यह चुनाव हुआ। करीब एक महीना पहले अनिल सोनी ने अध्यक्ष के नाते व्यापार मंडल इकाई को भंग कर दिया था और उसके बाद मंगलवार देर शाम को जो बैठक हुई, उसमें सुमित के नाम पर मुहर लग गई।

### बड़ा में ट्रैफिक जाम हुआ आम, बाईपास की मांग



**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा में वर्तमान समय में प्रतिदिन जाम लगना आम बात हो गई हैं। यहां पर ट्रैफिक जाम कई बार इतना लंबा लग जाता हैं कि उसे बहाल होने में आधे घंटे से भी ऊपर का समय लग जाता है, जिससे न केवल वाहन चालकों को बड़ी परेशानी होती हैं, बल्कि पैदल चलने वाले राहगीरों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कस्बा बड़ा में जाम लगने का मुख्य कारण कस्बा बड़ा के चौक पर सड़क का तंग होना एवं उस सड़क से धोलासिद्ध विद्युत परियोजना के लिए बड़ी गाड़ियों द्वारा हैवी मशीनरी लेकर जाना है। यह पालमपुर, बैजनाथ और जोगिंद्रनगर के लिए यात्रियों एवं पर्यटकों के लिए आने जाने के लिए ये कम दूरी (शॉटकट ) बाला रास्ता है, जिसके चलते हर वाहन चालक इस रास्ते से आवागमन करने के लिए अधिक प्रेफरेंस देते हैं। यहां के बुद्धिजीवियों ने कहा ककि ट्रैफिक जाम की समस्या के समाधान के लिए यदि यहां बाईपास सड़क बनाई जाती है तो आवश्य इस समस्या का समाधान हो सकेगा। उनका कहना है कि कस्बा बड़ा से सुजानपुर जाने वाली सड़क पर यदि बाईपास सड़क बन जाती है तो इस समस्या का भी समाधान हो जाएगा और निर्माणाधीन धोलासिद्ध विद्युत परियोजना के लिए जो हैवी मशीनरी लेकर जाने वाली गाड़ियों को जो इस तंग सड़क पर समस्या होती है, उसका भी समाधान हो जाएगा। अतः लोक निर्माण विभाग ओर प्रदेश सरकार को अवश्य इस पर चिंतन करना चाहिए। विभागीय सूत्रों के अनुसार काफी समय से कस्बा बड़ा में ट्रैफिक समस्या को मद्देनजर रखते हुए लोक निर्माण विभाग द्वारा बाईपास सड़क का सर्वे भी किया जा रहा था और लोगों में ये भी चर्चा चली हुई है कि बाईपास सड़क के लिए सर्वे की गई भूमि मालिकों से भी विभाग के अधिकारी बातचीत कर रहे थे, लेकिन बह बातचीत कहा तक पहुंची है, इस बारे में अब तक कुछ कह नहीं सकते हैं।

### तेलंगाना के युवा देखेंगे प्रदेश की संस्कृति



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** युवा संगम कार्यक्रम के तहत एनआईटी हमीरपुर में तेलंगाना से आए प्रतिनिधियों का स्वागत किया गया। युवा संगम कार्यक्रम में भाग लेने वाले तेलंगाना प्रतिनिधि एनआईटी हमीरपुर पहुंचे। इस शैक्षिक और सांस्कृतिक दौरे के लिए मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय हैदराबाद द्वारा चुने गए 18-30 वर्ष की आयु के युवाओं का स्वागत गर्मजोशी से किया गया। प्रतिनिधियों का औपचारिक स्वागत युवा संगम के नोडल अधिकारी डॉ. परम सिंह और सहायक नोडल अधिकारी डॉ. श्रीराम टी.एस. ने किया। हिमाचल प्रदेश में अपनी पांच दिवसीय यात्रा के दौरान समूह, राज्य की समृद्ध संस्कृति और प्राकृतिक सुंदरता को निहारने के लिए शिमला, धर्मशाला, पालमपुर और हमीरपुर के विभिन्न स्थानों का दौरा करेगा। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर के निदेशक प्रो. हीरालाल मुरलीधर सूर्यवंशी, कुलसचिव डॉ. अर्चना संतोष नानोटी, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अशोक कुमार और सह अधिष्ठाता छात्र गतिविधियां एवं छात्रवृत्ति डॉ. प्रदीप सिंह ने एक सफल और समृद्ध यात्रा के लिए प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दीं।

### कुकिंग इवेंट में 15 छात्रों ने दिखाई प्रतिभा



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारत के प्रमुख होटल प्रबंधन संस्थानों में से एक एनएफसीआई नेशनल फिनिशिंग एंड कलिनरी इंस्टीट्यूट ने अपने भव्य कुकिंग इवेंट एनसीसी सीजन-2, नेशनल कलिनरी चैलेंज-2025 के दूसरे चरण का आगाज मंगलवार को एनएफसीआई के हमीरपुर कैंपस में किया। प्रतियोगिता के पहले चरण से चयनित 15 छात्रों ने दूसरे चरण में हिस्सा लिया। इस चरण में छात्रों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली और इनमें से 3 छात्रों को फाइनल राउंड के लिए चयनित किया गया। प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले 31 जनवरीको आयोजित किया जाएगा। कैंपस की ब्रांच मैनेजर बनिता कुमारी ने बताया कि इस चरण में जज के रूप में आईएचएम हमीरपुर के एचओडी पुनीत बंटा ने छात्रों के कौशल को परखा।

### जनसमस्याओं का किया निवारण



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सुशासन सप्ताह के तहत आयोजित किए जा रहे 'प्रशासन गांव की ओर' कार्यक्रमों की कड़ी में मंगलवार को हमीरपुर उपमंडल की ग्राम पंचायत धलोट में एसडीएम संजीत सिंह की अध्यक्षता में जनसमस्याओं की सुनवाई की गई। एसडीएम ने बताया कि इस दौरान स्थानीय निवासियों की ओर से प्राप्त 11 शिकायतों को संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया है और संबंधित अधिकारियों को इनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार नादौन उपमंडल की ग्राम पंचायत दंगड़ी में भी एसडीएम राकेश शर्मा की अध्यक्षता में 'प्रशासन गांव की ओर' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें एसडीएम के अलावा खंड विकास अधिकारी निशांत शर्मा और उपमंडल स्तर के अन्य अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनीं। इनमें से अधिकांश का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया। उधर, बड़सर उपमंडल की ग्राम पंचायत पथलियार में तहसीलदार धर्मपाल नेगी ने 'प्रशासन गांव की ओर' कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए स्थानीय लोगों की समस्याओं की सुनवाई की।

### उत्कृष्ट संस्थान बनेगा मेडिकल कॉलेज : बिट्टू



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू हमीरपुर के मेडिकल कॉलेज को एक उत्कृष्ट चिकित्सा एवं मेडिकल शिक्षण संस्थान के रूप में विकसित कर रहे हैं। मंगलवार को राजकीय उच्च पाठशाला डुग्घा के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए उन्होंने बताया कि जोल सप्पड़ में बन रहे इस मेडिकल कॉलेज के नए परिसर में मुख्यमंत्री कैंसर संस्थान और नर्सिंग कॉलेज का भी प्रावधान करवा रहे हैं। इससे प्रदेश के कई जिलों के लोग लाभान्वित होंगे। इस दौरान उन्होंने शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद और अन्य गतिविधियों में सराहनीय प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया। इससे पहले, मुख्याध्यापक ओम प्रकाश शर्मा ने मुख्य अतिथि, अन्य अतिथियों और बच्चों के अभिभावकों का स्वागत किया और स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

## मसयाणा से होकर निकल रहे हाईवे के निर्माण में कोताही

# कुनाह खड्ड क्यों बन रही डंपिंग साइट?

**विक्रम ढटवालिया, मसियाणा ( हमीरपुर )**

फोरलेन की जगह टू-लेन टाइप हाईवे के निर्माण में डंपिंग साइट नहीं होने के कारण रोड कटिंग का मलवा कुनाह खड्ड में समाहित हो रहा है। खड्ड के जिस हिस्से पर गिरकर यह मलवा ठिकाना बना रहा है, उस खड्ड का स्वरूप बिगड़ने के आसार पैदा हो गए हैं, लेकिन कोई रोक-टोक, देखभाल और कोताही न हो, इस पर अंकुश लगाने के लिए एनएचएआई के किसी अधिकारी की जवाबदेही अभी तक बनी नहीं है, यही बड़ी विडंबना है।

इस खड्ड पर कई पेयजल योजनाएं भी मौजूद हैं, जिन्हें नुक्सान हो सकता है। मसियाणा के पास से होकर एक पहाड़ी को इन दिनों काटा जा रहा है। उसी से होकर यह रोड कोहली तक बनेगा। एक पुल भी खड्ड पर बनाया जाएगा, लेकिन बड़े आकार की इस कटिंग का सारा मलवा खाद में पहुंच रहा है। (अनंत ज्ञान)



गुनाह खड्ड में गिर रहा कटिंग का मलवा।

> यह करीब 17 किलोमीटर का पूरा रोड 'ग्रीन फील्ड एरिया' में आता है, इसलिए कटिंग का किया हुआ सारा मैटेरियल प्रयोग में आ जाएगा। जहां पर मटेरियल खड्ड में जाकर मिल रहा है, वहां अभी 46 मीटर की कटिंग होनी है। इसे सड़क निर्माण में ही प्रयोग किया जाएगा, इसलिए खड्ड के स्वरूप को नहीं बदला जाएगा। यह सड़क मार्ग अप्रैल माह के अंत तक हर हाल में मकम्मल करने का लक्ष्य रखा गया है।
>
> **जहांगीर हसन, कंपनी प्रमुख**

**पेयजल योजनाओं को हो सकता है नुकसान**

#### डंपिंग साइट कहीं नहीं

निर्माण कंपनी का कहना है कि इस लगभग 17 किलोमीटर लंबे सड़क मार्ग के निर्माण के लिए डंपिंग साइट की जरूरत नहीं थी, इसलिए उसे बनाया भी नहीं गया है, लेकिन इतना मलवा कहां जाएगा? इस पर कोई भी कुछ कहने से गुरेज कर रहा है।

#### अप्रैल के अंत तक निर्माण का लक्ष्य

जिस झंडू कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा इस टू-लेन टाइप हाईवे का निर्माण किया जा रहा है, उसका मानना है कि अप्रैल के अंत तक यह सड़क मार्ग तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है और यह मकम्मल भी हो जाएगा, क्योंकि मुख्य रूप से एक पुल तैयार हो गया है और दूसरे का निर्माण कार्य जारी है।

## हमीरपुर नगर निगम की नोटिफिकेशन जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

**41752 की आबादी, 94 गांव, तकरीबन 18 वार्ड बनेंगे डी-मिटेशन के बाद**

हमीरपुर नगर परिषद को नगर निगम बनाने की अधिसूचना जारी हो गई है। अब हमीरपुर नगर परिषद को नगर निगम के नाम से माना जाएगा। इसमें 94 गांव शामिल किए गए हैं, जिनकी कुल आबादी तकरीबन 41752 होगी। शहरी विकास के प्रधान सचिव देवेश कुमार के हवाले से जारी की गई इस अधिसूचना में कहा गया है कि अब हमीरपुर नगर निगम होगा राजपत्र (ई-गजट) में प्रकाशित होते ही नगर परिषद का नाम खत्म हो गया है।

**अब वार्डबंदी के लिए होगी डीलिमिटेशन :** अब हमीरपुर नगर निगम के तकरीबन 18 वार्ड बनाए जाएंगे, जिनके लिए अलग से नोटिफिकेशन जारी होगी। इसके तहत डीलिमिटेशन होगी। यानी अभी इस नगर परिषद के 11 वार्ड थे, जो अब बढ़कर लगभग 18 हो जाएंगे। यानी राजनीतिक माहौल अब नए परिवेश में शुमार हो जाएगा। इसके अलावा अब नगर निगम का कुल क्षेत्रफल 40.77 स्क्वेयर किलोमीटर बनेगा।

**नो कॉन्फिडेंस बैठक 26 को ही होगी :** वर्तमान नगर परिषद की नो कॉन्फिडेंस बैठक 26 दिसंबर को ही होगी। इसका समय सुबह 11 की बजाए अब दोपहर बाद 4 बजे तय कर दिया गया है। उधर सूत्रों का कहना है कि एक पक्ष हाईकोर्ट में भी गया है और उस पर सुनवाई 26 तारीख को ही होने के लिए तय हुई है।

**मात्र औपचारिकता रह जाएगा विरोध :** नगर निगम में शामिल किए गए कई इलाकों के लोग विरोध में उतरे हुए थे, लेकिन अब क्योंकि नोटिफिकेशन जारी हो ही गई है, इसलिए उनका विरोध अब औपचारिकता रह जाएगा। नगर निगम का दायरा बढ़ने से चुनाव लड़ने के इच्छुक लोगों का भी अभी से सुगबुगाहट का क्रम शुरू हो गया है।

### नेपाली मूल के दो लोगों से पकड़ी चरस

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार भोरंज में नाकाबंदी व यातायात चैकिंग के दौरान नेपाली मूल के दो व्यक्तियों वीरेंद्र व सहदेव से 502 ग्राम चरस बरामद की है। इस पर पुलिस ने उनके खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

भोरंज थाना प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिन्हें कल माननीय अदालत में पेश करके पुलिस अभिरक्षा ली जाएगी तथा पता लगाया जाएगा कि इस खेप को लेकर कहां से आए थे तथा कहां लेकर जाना था। उन्होंने लोगों से अपील की कि नशा तस्करों के संदर्भ में जानकारी स्थानीय पुलिस को देकर समाज को नशा मुक्त बनाने की मुहिम में भागीदार बनें।

## प्रदेश के सरकारी स्कूलों में रिसोर्स शेयरिंग से मजबूत होगी प्राइमरी स्तर की शिक्षा : सुरेश

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरेड़ी का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह सोमवार को मनाया गया। इसमें भोरंज के विधायक सुरेश कुमार बतौर मुख्यातिथि कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. राजगीर ने उन्हें सम्मानित किया।



पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरेड़ी में सुरेश कुमार का भव्य स्वागत किया गया।

इस दौरान विधायक सुरेश कुमार ने कहा कि स्कूलों में रिसोर्स शेयरिंग से प्रदेश में प्राइमरी स्तर का ढांचा मजबूत होगा और सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या में बढ़ौतरी होगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कलस्टर सिस्टम के किसी पॉवर में कोई कमी नहीं आएगी, बल्कि शिक्षा में गुणात्मक सुधार होगा। उन्होंने कहा कि भरेड़ी में बनने वाले खेल छात्रावास से लिए औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं और मार्च 2025 से यहां पर कक्षाएं शुरू की जाएंगी। उन्होंने पुराने भवन के पास चार नए कमरे परीक्षा भवन व इतने ही उपरी मंजिल पर बनाने की घोषणा की। स्कूल में स्टेडियम व सिंथेटिक खेल मैदान बनाने की भी घोषणा की। इससे पहले स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. राजगीर ने स्कूल की उपलब्धियों को अवगत करवाया। कार्यक्रम के अंत में विधायक सुरेश कुमार ने मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में भोरंज ब्लॉक अध्यक्ष विजय बन्याल, पूर्व अध्यक्ष राजीव लाल मैहर, बैंक निदेशक रोशन लाल शर्मा, खाद्या आपूर्ति विभाग के निदेशक विक्रम शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता वतन सिंह डोगरा, सहित अन्य उपस्थित थे।

### बस स्टैंड में निजी बस ऑपरेटरों की टाइम टेबल को लेकर हाथापाई



आरोपियों को हमीरपुर थाने ले जाती पुलिस।

**रवि ठाकुर, हमीरपुर।** हमीरपुर बस स्टैंड में मंगलवार सुबह 10.30 बजे के करीब दो निजी बस ऑपरेटरों की टाइम टेबल को लेकर भिंड़त हो गई। इसमें एक बस के कंडक्टर को मुंह पर गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस चौकी के सामने ही यह घटना क्रम पेश आया है। बताया जा रहा है कि एक निजी बस का कंडक्टर अपनी बस में पांच-छह युवकों को भरकर ले आया था, जिन्होंने मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। इनमें से मारपीट कर रहे दो-तीन युवकों को बस स्टैंड में दूसरे बस ऑपरेटरों ने दबोच लिया, जबकि कुछेक भागने में सफल रहे। पुलिस दोनों पक्षों को पकड़ कर पुलिस थाना हमीरपुर ले गई है। बताया जा रहा है कि दोनों बस ऑपरेटर सलौणी से एक साथ हमीरपुर आते हैं। ऐसे में टाइम टेबल को लेकर यह झगड़ा हुआ है। पुलिस चौकी के सामने ही युवक कंडक्टर को लहुलूहान करेक निकल गए, लेकिन पुलिस कुछ नहीं कर पाई। बस ऑपरेटरों ने मारपीट कर रहे दो-तीन युवकों को पकड़ा और उन्हें पुलिस चौकी ले गए, जहां पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए हैं। (अनंत ज्ञान)

## डॉ. अंबेडकर के अपमान के विरोध में कांग्रेसियों का प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के अपमान के मामले को लेकर कांग्रेसियों ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। पूर्व जिला अध्यक्ष सुमन भारती के नेतृत्व में बाजार के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस से लेकर मिनी सचिवालय तक नारे लगाते हुए जुलूस निकाला। इसके बाद एडीसी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भी भेजा।

कांग्रेसियों का कहना था कि लोकसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान अमित शाह ने जो टिप्पणी की थी, वह संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के खिलाफ थी। इसी को लेकर कांग्रेसियों ने मंगलवार को पार्टी के आह्वान पर हमीरपुर में भी प्रदर्शन किया। इस मौके पर सुमन भारती के अलावा विधायक सुरेश कुमार, डॉ पुष्पेंद्र





गांधी चौक में प्रदर्शन करते कांग्रेसी, (दाएं) एडीसी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा।

वर्मा, सेवादल के मदनलाल कौंडल और ब्लॉक अध्यक्ष फ्रंटल आर्गेनाइजेशन के नेता इसमें शामिल हुए।

उन्होंने कहा कि बीजेपी हमेशा से लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों के प्रति तिरस्कार दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ती। इस बार तो हद ही पार कर दी। संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन के दलों ने संसद में सरकार से संविधान पर चर्चा की मांग रखी। अडानी, मणिपुर, संभल जैसे मामलों पर सदन में बहस की मांग लगातार ठुकराए जाने के बाद प्रतिपक्ष की संविधान पर चर्चा की मांग मान ली गई।

इस मौके पर कांग्रेस समेत सभी दलों ने सरकार को लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यों की प्रतिबद्धता याद दिलाई, समता, समानता और न्याय के डॉ. अंबेडकर के आदर्शों पर चलने की सलाह बीजेपी को कतई रास नहीं आई। सतापक्ष ने लगातार विपक्ष को बोलने से रोकने की कोशिश की। यही नहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने डॉ. अंबेडकर का अपमान कर संघ और बीजेपी की मनुवादी मानसिकता उजागर कर दी।

गौर हो कि शाह ने कहा था कि अभी एक फैशन हो गया है अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर। इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। कांग्रेस समेत प्रतिपक्ष ने पीएम मोदी से अमित शाह के इस्तीफे की मांग की है, लेकिन मोदी सरकार डॉ. अंबेडकर के अपमान को अपराध मानने को तैयार नहीं है, उल्टे बीजेपी ने संसद की कार्रवाई ठप रखी। उन्होंने कहा कि जब तक अमित शाह इस्तीफा नहीं देंगे, हम विरोध-प्रदर्शन जारी रखेंगे।

### आयुर्वेदिक अस्पताल में पैरा-सर्जिकल प्रक्रियाओं से रोगों का सफल उपचार



**संजीव चौहान, टौणी देवी।** टौणी देवी के ऊहल के अंतर्गत कढ़ियार स्थित आयुर्वेदिक अस्पताल में परंपरागत आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धतियों से रोगों का प्रभावी उपचार किया जा रहा है। यहां आधुनिक आयुर्वेदिक पैरा-सर्जिकल प्रक्रियाओं जैसे मर्म थैरेपी, अग्निकर्म, विद्कर्म, रक्तमोक्षण, कपिंग थेरेपी और जलौका (लीच थेरेपी) का उपयोग किया जा रहा है। इन उपचार पद्धतियों के माध्यम से शरीर के विभिन्न दर्द और रोगों का सफल समाधान किया जा रहा है। खासकर, कटी शूल (लंबर पेन), साइटिका, गतिवा शूल, सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस, टेनिस एल्बो, एड़ी का दर्द (प्लांटर फैशियाइटिस), कैल्केनल स्पर और त्वचा रोग जैसी समस्याओं में मरीजों को विशेष लाभ मिल रहा है। वहीं, अस्पताल के विशेषज्ञ डॉ. जोगिंदर ठाकुर, डॉ. मुकेश कतना और डॉ. चंदा चोपड़ा आयुर्वेद को बढ़ावा देने में निरंतर प्रयासरत हैं।

### सेरा में आज होगा हर घर सूर्या योजना पर कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, नादौन।** हर घर सूर्या योजना के बारे में आम लोगों को जागरूक करने के लिए 25 दिसंबर को गांव सेरा के विश्रामगृह में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें देहरा की विधायक कमलेश ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। विद्युत मंडल नादौन के वरिष्ठ अधिशाषी अभियंता कर्णवीर सिंह पटियाल ने नादौन क्षेत्र के लोगों से इस कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

### प्रशासन गांव की ओर में 20 शिकायतों का मौका पर किया निपटारा



**नादौन।** गुड गवर्नेंस वीक के तहत प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम ग्राम पंचायत भवन दंगड़ी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीम नादौन राकेश शर्मा ने की। कार्यक्रम में तहसीलदार नादौन रोहित कंवर, बीडीओ नादौन निशांत शर्मा, बीएमओ केके शर्मा, उपमंडल आयुर्वेद अधिकारी नादौन, वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी नादौन, उपकोष अधिकारी नादौन, निरीक्षक खाद्य आपूर्ति, उद्योग प्रसार अधिकारी नादौन, वन परिक्षेत्र अधिकारी, कृषि प्रसार अधिकारी नादौन के अलावा पंचायत प्रतिनिधि भी मौजूद थे। कार्यक्रम में ग्रामीणों की 25 शिकायतें प्राप्त हुईं जिसमें से 20 का मौका पर समाधान कर दिया गया व 5 शिकायतों को संबंधित विभागों को तुरंत कार्रवाई हेतू निर्देश दिए गए।

### सभी पात्र लोगों तक पहुंचे सरकारी योजनाओं का लाभ : डीसी अमरजीत



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** जागरूकता के अभाव में आम लोग सरकार की कई योजनाओं का लाभ नहीं उठा पाते हैं, इसलिए, फील्ड में जागरूकता पर विशेष जोर ध्यान दिया जाना चाहिए। उपायुक्त अमरजीत सिंह ने मिनी सचिवालय भोरंज में उपमंडल स्तर के सभी अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए ये निर्देश दिए। इस अवसर पर उपायुक्त का स्वागत एवं आभार व्यक्त करते हुए एसडीएम शशिपाल शर्मा ने कहा कि उपमंडल में सभी विकास कार्यों को तेजी से पूरा करने तथा कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए जारी सभी दिशा-निर्देशों की अक्षरशः अनुपालना सुनिश्चित की जाएगी।

**अनदेखी** दुकानदारों ने दुकानों के आगे सड़क पर सजाया सामान, कौन करे कार्रवाई

## हमीरपुर शहर में बढ़ता अतिक्रमण, प्रशासन लाचार

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

हमीरपुर शहर को सुंदर बनाने में नगर परिषद ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। शौचालयों से लेकर पार्किंग और पार्कों के निर्माण से लेकर सफाई व्यवस्था को पूरी तरह से दुरुस्त कर दिया है, लेकिन शहर में लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण की समस्या से पार पाने में नगर परिषद पिछड़ रही है। दुकानदार सड़क पर सरेआम सामान सजा रहे हैं, जिन्हें नगर परिषद या किसी अन्य विभाग की कार्रवाई का कोई डर नहीं है।

शहर में गांधी चौक से लेकर अस्पताल चौक तक सड़क के दोनों तरफ इसी तरह का आलम है। अतिक्रमण के कारण सड़क संकरी हो गई है, जिस कारण आने-जाने वाले लोगों, बुजुर्गों और महिलाओं को समस्या का सामना करना पड़ता है। सबसे ज्यादा मुश्किल तो उस समय होती है, जब कोई कार या अन्य वाहन बाजार से गुजरता है तो लोगों को दुकान के अंदर या नाली पर बने जंगले में



दुकानों के बाहर सजाया गया सामान जिससे राहगीरों को परेशानी हो रही है।

वाहन को चढ़ाना पड़ता है। बहरहाल दुकानदारों ने इस तरह से दुकानों के बाहर सामान सजाया है कि अब सड़क पर चलना भी मुश्किल हो रहा है।

इससे पहले भी नगर परिषद के कर्मचारियों ने अतिक्रमण पर कार्रवाई की, लेकिन यह मात्र औपचारिकता ही साबित हो रही है। नगर परिषद हमीरपुर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को नोटिस देने तक ही सीमित रहा है, उसके बाद इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। नगर परिषद के कर्मचारी जब भी अतिक्रमण कर रहे दुकानदारों पर कार्रवाई करने जाते हैं तो इसकी सूचना दुकानदारों को पहले ही मिल जाती है, जिसके कारण दुकानदार सड़क पर रखा सामान अंदर कर लेते हैं।

यहां तक की पुलिस प्रशासन ने भी अतिक्रमण हटाने को लेकर कार्रवाई की, लेकिन इसका असर भी दुकानदारों पर कुछ समय के लिए हुआ और फिर से दुकानदारों ने सड़क पर सामान सजा दिया है। यही नहीं उपमंडल दंडाधिकारी संजीत ठाकुर ने भी पुलिस की मदद से अतिक्रमण करने वाले को चेतावनी दी और दुकानों के बाहर रखे सामान को पुलिस की मदद से सड़क से हटाया था, लेकिन दो दिन बाद ही दुकानदारों ने फिर उसी तरह से सामान सड़क पर सजा दिया।

> दुकानदारों द्वारा सड़क पर रखे सामान को हटा दिया था। कार्रवाई के बाद दुकानदार सुधर गए होंगे, लेकिन दुकानदारों ने अगर फिर से शहर में दोबार अतिक्रमण को शुरू कर दिया है तो उसे किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा। एक-दो दिन में अतिक्रमण पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> **संजीत ठाकुर, उपमंडल दंडाधिकारी**

अब आलम यह है कि सब्जी बेचने वाले, बूट-चप्पल, कपड़ा बेचने वाले और बर्तन बेचने वाले दुकानदारों ने दुकान के बाहर सड़क पर सामान सजाना शुरू कर दिया है। अब देखना है यह कि शहर में सड़क पर अतिक्रमण कर रहे दुकानदारों पर प्रशासन क्या कार्रवाई करता है। यदि प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं करता है तो सभी दुकानदार सड़क पर सामान सजाना शुरू कर देंगे। (अनंत ज्ञान)

### शहादत को न मिला मान-सम्मान, सुक्खू सरकार सिर्फ शादियों की मेहमान : विनोद



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** जिला भाजपा के सचिव विनोद ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर शहीदों के सम्मान के मामले को लेकर हमला बोला है। उन्होंने पूछा है कि मुख्यमंत्री पिछले 2 सालों में किसी भी शहीद जवानों की अंत्येष्टि में क्यों नहीं शामिल हुए हैं। उन्हें प्रदेश की जनता और शहीदों के परिवारों को जवाब देना चाहिए।

जब से सुक्खू सरकार हिमाचल में स्थापित हुई है, तभी से शहीदों की शहादत को न कभी मान मिला, न सम्मान। कांग्रेस सरकार व खुद मुख्यमंत्री सिर्फ शादियों में नजर आए। भारतीय सैनिक प्रशासन हर तरह से सक्षम मोदी सरकार में है, फिर भी शहीद परिवार सहानुभूति भरी नजरों से प्रदेश सरकार की तरफ देखता है, लेकिन वहीं पिछले दो सालों में हिमाचल के कई जवान शहीद हुए, उनकी अंत्येष्टि या उसके बाद भी प्रदेश के मुख्यमंत्री ने जाना जरूरी नहीं समझा। वहीं, दूसरी तरफ जब भी भाजपा की सरकार हिमाचल प्रदेश में होती थी और जब भी किसी शहीद का पार्थिव शरीर उसके घर आता था तो स्वयं भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री उनके घर जाकर परिवार को मान-सम्मान देते थे। कांग्रेस की प्रदेश सरकार के मुखिया अपने शीर्ष नेतृत्व के नक्शे कदम पर चल रहे हैं। विनोद ने सवाल उठाते हुए कहा कि वहीं पिछले दो वर्षों में हुई शहीद की शहादत को कांग्रेस सरकार व मुख्यमंत्री ने मान-सम्मान तो छोड़ो, मिलना भी उनसे जरूरी नहीं समझा।

### 20 जनवरी तक बंद रहेगी दसमल भौंखर गदड़ू-लगमनवीं सड़क

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज में दसमल-भौंखर गदडू-लगमनवीं सड़क की आवश्यक मरम्मत के कारण इस सड़क पर यातायात 20 जनवरी तक बंद कर दिया गया है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए एसडीएम शशिपाल शर्मा ने बताया कि इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक मनोह होकर आवाजाही कर सकते हैं। उन्होंने सभी वाहन चालकों से सहयोग की अपील की है।

# मंत्री पद की दौड़ में नहीं, क्षेत्र का विकास मकसद : चंद्रशेखर

## कहा- भाजपा में हताशा, जबसे सुक्खू मुख्यमंत्री बने तबसे शरारतों का दौर शुरू हुआ

मंडी जिले की एकमात्र धर्मपुर सीट से जीतकर विधानसभा पहुंचे कांग्रेस **विधायक चंद्रशेखर** ने नगरोटा बगवां स्थित 'अनंत ज्ञान' के न्यूज रूम में हुए साक्षात्कार में वर्तमान राजनीति एवं प्रदेश और देश के कई बड़े मसलों को लेकर बेबाकी से अपनी बात रखी। उन्होंने **संपादक समरजीत** के साथ हुई एक्सक्लूसिव बातचीत के दौरान छात्र राजनीति से लेकर विधायक बनने तक के सफर का जिक्र भी किया। पेश हैं बातचीत के मुख्यांश-

**सवाल : छात्र राजनीति से लेकर विधायक बनने तक का सफर कैसा रहा?**

**जवाब :** छात्र जीवन में जब हम राजनीति में आए उस वक्त मूल्यों और विचारधाराओं की बात होती थी। व्यवस्थाओं के अंदर जो सब चलता था उसको हम समझने की कोशिश कर रहे थे। बाद में प्रतीत हुआ कि जब तक आप विधायिका के अंदर नहीं पहुंचते तो जो विचार हमने अर्जित किए उन विचारों को क्रियान्वित नहीं कर सकते इसलिए सक्रिय राजनीति में आने का फैसला किया। मुझे वीरभद्र सिंह का आशीर्वाद मिला और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के प्रयास से टिकट हासिल किया। धर्मपुर भाजपा का गढ़ कभी नहीं था। यह बात ठीक है कि संघर्ष लंबा रहा। धर्मपुर में तीन दशक से मेरे विरोधी पक्ष के भाजपा के स्थापित और सक्रिय नेता थे। 2022 के चुनाव में जिस तरह से धर्मपुर की जनता ने परिवर्तन कर मुझे चुना उसके लिए मैं उनका आभारी हूं। आज मंडी जिले से मैं अकेला जीतकर आया हूं और मेरे ऊपर जिले को आगे ले जाने और विकास करवाने की बड़ी जिम्मेदारी है। हालांकि, 2012 में भी मैं काफी नजदीक पहुंच गया था, लेकिन सब भाग्य का खेल है।

**सवाल : आप पूरे मंडी जिले का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। ऐसे में कहीं मंत्री पद की रेस में तो नहीं?**

**जवाब :** नहीं, मैं इस मामले में बड़ा स्पष्ट रहा हूं। सीएम ने बीच में चाहा भी कि मुझे कोई महत्वपूर्ण संवैधानिक दायित्व दिया जाए, लेकिन मैंने उनसे कहा कि मुझे पहले विधायिका को बेहतर तरीके से समझना है। चूंकि मंडी बड़ा जिला है और पार्टी को पिछले एक दशक में बहुत बड़ा झटका लगा है इसलिए वहां पार्टी को पुनर्गठित करने की जरूरत ज्यादा है। जिस तरह से मंडी के हजारों कार्यकर्ता संघर्ष कर रहे हैं मैं भी उनके संघर्ष में शामिल होना चाहता हूं। मंडी कर्मभूमि के रूप में शुरू से ही हिमाचल की राजनीति में केंद्र बिंदु रहा है इसलिए हम उस गौरव को वापस जान पाना चाहते हैं जब हम शिखर पर पहुंचे थे। मंत्री पद की न कोई दौड़ है न लालसा। मात्र अपने क्षेत्र का विकास करना चाहता हूं।

**सवाल : विधानसभा में ऐसे मुद्दे उठे जो मुद्दे थे ही नहीं, क्या कहना चाहेंगे ?**



धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर से

विशेष बातचीत

**जवाब :** आपने बिलकुल सही कहा। जिस तरह से प्रदेश की जनता विशेषकर बेरोजगार, नौजवान और ग्रामीण क्षेत्रों में बसे लोग जो उम्मीद सरकारों से करते हैं उन सब आकांक्षाओं पर खरा उतना विधायक की मौलिक जिम्मेदारी है। जनता ने भाजपा को विपक्ष में बैठने का जनादेश दिया है लेकिन छटपटाहट बहुत है। जबसे सुक्खू मुख्यमंत्री बने हैं तबसे शरारतों का दौर शुरू हुआ और राज्यसभा के चुनाव तक जाते-जाते यह चरम पर पहुंच गया। भाजपा में हताशा तब और बढ़ गई जब प्रदेश के अंदर उपचुनाव थोपे गए। भाजपा ने चली हुई सरकार को गिराने के कृत्य किए। भाजपा ने उसे ऑपरेशन लोटस कहा। हम सीएम सुक्खू के नेतृत्व में वापस 40 की संख्या पर पहुंच गए हैं, यह सब उसी की हताशा है। ऐसे में मुद्दे कोई नहीं बचे तो भाजपा फिर समोसा कांड और जंगली मुर्गे जैसी गौण बातें ही करेगी। भाजपा मुद्दाविहीन हो चुकी है। ऐसे घटिया मुद्दे उठाने के पीछे भाजपा की मंशा सीएम की छवि खराब करने की है। सीएम सुक्खू दृढ़ संकल्प से आगे बढ़ रहे हैं और पूरा विधायक दल एकजुट है। भाजपा ने यह नहीं सोचा था कि वह भ्रष्टाचार पर बहस का प्रस्ताव लाएगी और कांग्रेस उसे स्वीकार कर लेगी। भाजपा चाह रही थी कि वह वॉकआउट करेगी और बाहर जाकर कहेगी कि सरकार भ्रष्टाचार पर बात नहीं करना चाहती।

**सवाल : धर्मपुर क्षेत्र के लिए बेतहाशा पाइपें सेंक्शन हुईं, क्या इसमें भी भ्रष्टाचार है?**

**जवाब :** जब पिछली सरकार विकास का मॉडल दिखा रखी थी तो उस वक्त मैं जनता के साथ विपक्ष की भूमिका में था। सिंचाई योजनाएं ऐसी बनाई जिनके ऊपर आज भी हमें काम करना पड़ रहा है। भारत सरकार का जल मिशन आया तो हमें उम्मीद थी कि पानी के लिए नेटवर्किंग होगी, लेकिन जिस तरह से पाइपों के जखीरे उतरे उसे देखकर प्रतीत हुआ कि यहां कोई बहुत बड़ी जल क्रांति आने वाली है। अफसोस इस बात का है कि वह जल क्रांति जमीन पर नहीं उतर पाई। आज भी पाइपें वैसे ही पड़ी हैं। अगले 10 सालों के लिए पाइपों की खरीद कर ली गई है। व्यापारिक घरानों से मिलीभगत कर पाइपों के जखीरे यहां पहुंचा दिए, जिसका निचोड़ यह है कि हॉर्टिकल्चर के सबसे ज्यादा 52 क्लस्टर मेरे विधानसभा क्षेत्र में हैं। 2 लाख पौधे लगा दिए गए हैं, लेकिन सिंचाई योजना अभी तक नहीं है। ऐसे में हमें पीने वाले पानी के टैंकों से उन पौधों की सिंचाई करनी पड़ रही है। यहां महज 5000 रुपए की नौकरी पर रखे युवाओं का सर्वाइवल बहुत मुश्किल है।

**सवाल: अपने विधानसभा क्षेत्र के लिए आप किन मुद्दों पर काम करना चाहते हैं ?**

**जवाब :** शिक्षा में गुणवत्ता, स्वास्थ्य और लोगों की आजीविका को बढ़ाना मेरा मुख्य मकसद है। मेरे क्षेत्र के बहुत सारे लोग बेरोजगार हैं और अपने जीवनयापन की लड़ाई लड़ रहे हैं। मुझे उनके रोजगार की चिंता है। किसानों के लिए सिंचाई परियोजनाओं पर काम करना है। सड़कें चौड़ी करवानी हैं। सुक्खू सरकार गाय का दूध 45 और भैंस का 55 रुपए प्रति लीटर खरीद रही है। इससे महिलाओं की एमपावरमेंट बढ़ेगी और इसके लिए मुझे को-ऑपरेटिव सोसाइटियों पर काम करना है।

### कांग्रेस मजबूत, करेगी वापसी

**भारत** बहुदलीय प्रणाली वाला मुल्क है। 2014 तक यूपीए की सरकार सोनिया गांधी और डॉ. मनमोहन सिंह की रहनुमाई में लगातार दस साल चली। बहुत सारे सुधार हुए। आरटीआई एक्ट आया, शिक्षा का अधिकार आया। फूड, सिक्योरिटी तथा भूमि अधिग्रहण जैसे बिल आए। मनरेगा और आधार भी आया। इसके बाद नरेंद्र मोदी ने देश को बहुत से सपने दिखाए। उन्होंने पूरे मुल्क में परिवर्तन करने की बात कही, जिसमें युवा आकर्षित हुए। फिर भारत के अंदर धार्मिक उन्माद और कट्टरवाद बढ़ा। राहुल गांधी ने इन अंदरूनी मुश्किलों को समझा और कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक भारत जोड़ो यात्रा की। नतीजा यह हुआ कि कांग्रेस में नई जान आई और पार्टी मजबूत हुई। आज सरकार के समक्ष इतना बड़ा विपक्ष खड़ा है कि उसे एक देश एक चुनाव जैसे बिल पास करवाना आसान नहीं होगा। चुनौतियां बेशक हैं, लेकिन हमें पूरा विश्वास है कि खड़गे, राहुल और प्रियंका के नेतृत्व में गांव-गांव में लोगों को मोबिलाइज कर हम आगे बढ़ेंगे। जिस तरह से हम राज्य वाइज चूक रहे हैं, उन चीजों का विश्लेषण हो रहा है। कांग्रेस एक बड़ा जनांदोलन है। निश्चित तौर पर कांग्रेस फिर वापसी करेगी।

### चिट्टा राष्ट्र के खिलाफ साजिश

**चिट्टा** राष्ट्र के खिलाफ एक साजिश है। हमारे पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान से इसकी शुरुआत हुई। पहले इसने पंजाब और हरियाणा को डसा और अब हिमाचल की बारी है। नशे के कारोबार में जुड़े लोगों की महत्वकांक्षाएं इतनी ज्यादा हो गई हैं कि वह रातों-रात पैसा बनाने के चक्कर में रहते हैं। स्कूल, कॉलेज और प्रोफेशनल कोर्स करवाने वाले संस्थानों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगार युवाओं को भी अपना शिकार बना रहे हैं। हैरानी यह है कि कानून के कई रक्षक भी इस धंधे में शामिल हो रहे हैं। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने एक प्रस्ताव रखा था कि यदि कोई व्यक्ति चिट्टे के केस में फंस जाता है तो उसे राहत दिलाने के लिए कृपया विधायक और मंत्रियों को पुलिस थानों से फोन न करवाएं। सुक्खू सरकार ने चिट्टे के खिलाफ अब यह नीति ही बना दी है। मैं भी ऐसे केसों में कड़ाई के साथ निपटना चाहता हूं। इसमें मांओं का भी बड़ा रोल है। अंधेरा होने के बाद देर रात्रि उनका बच्चा घर लौट रहा है तो यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनका बच्चा जल्दी घर लौटे। समाजसेवी संगठनों, बुद्धिजीवी वर्गों और प्रेस के बंधुओं को भी चिट्टे के खिलाफ एकजुट होकर अभियान चलाना चाहिए नहीं तो हमारी आने वाली पीढ़ियों को लकवा मारा जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### दीपिका शर्मा ने जीता मिसेज नॉर्थ इंडिया-2024 का खिताब



**शालनी शर्मा, रक्कड़।** हिम जागृति मंच प्रागपुर से अपना करियर बनाने बाली अंब की दीपिका शर्मा ने दिल्ली में हुई फैशन प्रतियोगिता प्राइड ऑफ इंडिया में मिसेज नॉर्थ इंडिया-2024 का खिताब जीतकर पूरे इलाके व हिमाचल का नाम रोशन किया। हिम जागृति मंच प्रागपुर की प्रबंधक मंजु जस्वाल ने बताया कि यहां हर स्टेट से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें दीपिका शर्मा ने पहला स्थान हासिल करके टाइटल अपने नाम किया।(अनंत ज्ञान)

### कुमारसैन में 13 वर्षीय बच्ची से दुराचार, मामला दर्ज

**शिमला।** शिमला जिला के कुमारसैन में 13 वर्षीय बच्ची से दुराचार करने का मामला सामने आया है। आरोप यह है कि एक युवक बच्ची को बहला फुसलाकर घर ले गया और जबरन उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। पुलिस ने पीड़िता की मां की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बच्ची की मां ने बताया कि वह मूल रूप से नेपाल के रहने वाले हैं, लेकिन काफी वर्षों से शिमला के कुमारसैन के ओडी में रह रहे हैं। महिला ने बताया कि आरोपी युवक उसकी बेटी को बहला फुसलाकर कर अपने घर डिगाधार ले गया, जहां उसने उसके साथ दुराचार किया है। पीड़िता की मां ने आरोप लगाया कि आरोपी दीपक कुमार उनकी बेटी से दुष्कर्म किया। आरोपी युवक भी मूल रूप से नेपाल का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### बिजली उपभोक्ता शीघ्र पूरी करें केवाईसी की प्रक्रिया

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** बिजली बोर्ड द्वारा छूटे हुए घरेलु विद्युत उपभोक्ताओं को आधार कार्ड से जोड़ने हेतु शुरू की गई केवाईसी की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने का आग्रह किया गया। सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल नेरवा इंजिनियर अरविंद धीमान ने बताया कि विद्युत उपमंडल नेरवा के अंतर्गत भी यह प्रक्रिया एक अक्टूबर से शुरू कर दी गई है तथा इसकी अंतिम तिथि 31 अक्तटूबर निर्धारित की गई थी,परंतु अभी भी कई उपभोक्ताओं ने इस प्रक्रिया को पूरा नहीं किया है, लिहाजा केवाईसी के लिए निर्धारित तिथि 31 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है ।

### नगर पंचायत के पार्षद कपिल देव शर्मा का हृदय गति रुकने से निधन



**नादौन।** नगर पंचायत नादौन के मनोनीत पार्षद कपिल देव शर्मा (42) पुत्र सोहन लाल शर्मा का हृदय गति रुकने से निधन हो गया है। जिससे क्षेत्र में शोक व्याप्त है। नगर पंचायत अध्यक्ष शम्मी सोनी सहित काफी संख्या में लोगों ने आज मनोनीत पार्षद कपिल देव शर्मा को अंतिम विदाई दी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व उनकी पत्नी विधायक कमलेश ठाकुर ने अपने शोक संदेश में कहा है कि कपिल देव के असामयिक निधन का समाचार अत्यंत दुःखद एवं हृदय विदारक है।

### बर्फबारी से बागवानों के खिले चेहरे,आम लोगों की बढ़ी मुश्किलें



**सपना सूद, चौपाल/नेरवा।** सीजन का दूसरा हिमपात जहां किसानों बागवानों के चेहरे खिल उठे है,वहीं सड़कें बंद होने और ठंड का प्रकोप बढ़ने से आम लोगों की मुश्किलें बढ़ गई है। जिला की सबसे ऊंची चोटी पर तीन फीट से अधिक तथा चौपाल शिमला मार्ग पर चौपाल और देहा के बीच दो से अढ़ाई फीट बर्फबारी हुई है। चौपाल क्षेत्र में बर्फबारी के कारण चौपाल से खिड़की,चंबी,देहा मुख्य मार्ग एवं कुपवी से हरिपुर धार तथा कुपवी देईया सड़क मार्ग भी बंद हो गया है। चौपाल-चंबी-देहा मार्ग पर कल शाम के समय लोकनिर्माण विभाग द्वारा सड़क को साफ करने का प्रयास किया जा रहा था लेकिन रूक-रूक कर बर्फबारी के कारण सभी वाहनों की आवाजाही के लिए सड़क बंद है।

## विंटर कार्निवाल का आगाज, सीएम ने 250 महिलाओं संग डाली महानाटी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**







हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में मंगलवार को विंटर कार्निवाल का आगाज हुआ। पहले दिन माल रोड पर 250 महिलाओं ने महानाटी डाली। इस महानाटी में सैलानी भी जमकर झूमे। इस दौरान महिलाओं ने ढुंगे नालूए और नाटी सिरमौर वालिए पहाड़ी गाने में शानदार प्रस्तुति दी।

इसके बाद भाषा एवं संस्कृति विभाग की कल्चरल परेड हुई। हालांकि, यह परेड रोजाना माल रोड से रिज तक आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विंटर कार्निवाल को हरी झंडी दिखाई और कार्यक्रम की शुरुआत की। वहीं, सीएम सुक्खू समेत कई मंत्रियों ने भी नाटी डाली। विंटर कार्निवाल की पहली संध्या में शबाब साबरी ने धमाल मचाया। 10 दिनों तक चलने वाले इस विंटर कार्निवाल में पंजाबी गायक सतिंदर सरताज, कुलदीप शर्मा, राजीव शर्मा समेत 20 से ज्यादा मशहूर गायक प्रस्तुति देंगे। पुलिस, होमगार्ड और सेना के बैंड भी कार्निवाल में प्रस्तुतियां देते नजर आएंगे। इसके अलावा मिस कार्निवाल, वॉयस ऑफ शिमला, प्रिंस और प्रिंसेस जूनियर, स्ट्रांगेस्ट यूथ ऑफ शिमला, साइकिलिंग, क्राफ्ट मेला, लिट-फेस्ट जैसे कार्यक्रम भी विंटर कार्निवाल का मुख्य आकर्षण रहने वाले हैं। बता दें कि शिमला में टूरिज्म को बढ़ावा और क्रिसमस और न्यू ईयर पर शिमला आने वाले टूरिस्टों के मनोरंजन के मकसद से नगर निगम शिमला ने बीते साल से विंटर कार्निवाल की शुरुआत की है। विंटर कार्निवाल से एक दिन पहले शिमला में बर्फबारी से आयोजन में जरूर बाधा आई है। मगर यह प्रदेश वासियों सहित पर्यटकों के लिए सौगात से कम नहीं है। इससे टूरिस्ट की भीड़ और ज्यादा उमड़ने लगी है। लिहाजा शिमला पहुंचने वाले पर्यटक बर्फ के विंटर कार्निनाल का आनंद उठा सकेंगे। शिमला में अब रोजाना पर्यटकों की भीड़ बढ़ती जा रही है।

यहां पर कारोबारियों के कारोबार को भी पंख लगे है। पर्यटक रिज मैदान पर लगे स्टॉल में जमकर खरीददारी कर रहे है।

## सरकार ने 17 एएसपी और डीएसपी के किए तबादले

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

सरकार ने 17 पुलिस अधिकारियों के तबादले किए है। इसको लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई है। इनमें एएसपी और डीएसपी शामिल हैं। अधिसूचना के मुताबिक एएसपी आशीष शर्मा राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो शिमला को सैकंड भारतीय रिजर्व बटालियन सकोह जिला कांगड़ा में नियुक्त किया गया है। एएसपी नरवीर सिंह (यातायात, पर्यटन और रेलवे) शिमला को राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो शिमला में तैनात किया गया है।

एएसपी रेनू कुमारी राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो हमीरपुर को पुलिस मुख्यालय शिमला में पदस्थ किया गया है। डीएसपी प्रताप सिंह एचपी इंस्टीट्यूट ऑफ पुलिस स्टडीज, डरोह जिला कांगड़ा को राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो हमीरपुर में भेजा गया है। वहीं डीएसपी मनोहर लाल को चौथी भारतीय रिजर्व बटालियन सुंगलबर्ट, जिला हमीरपुर से बैजनाथ जिला कांगड़ा में डीएसपी लगाया गया है। डीएसपी लाल मन को 5वीं भारतीय रिजर्व बटालियन बस्सी, जिला बिलासपुर से बदलकर जिला हमीरपुर के बड़सर में डीएसपी लगाया गया है।

डीएसपी कमल किशोर-1 संचार एवं तकनीकी सेवाएं शिमला को राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो शिमला में पदस्थ किया गया है। एसडीपीओ बैजनाथ अनिल कुमार को पुलिस प्रशिक्षण कॉलेज, दरोह, जिला कांगड़ा में डीएसपी के रूप में पदस्थ किया गया है। डीएसपी विपिन कुमार राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो शिमला को साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन शिमला में लगाया गया है। डीएसपी (क्राइम) सीआईडी शिमला विक्रम चौहान अब डीएसपी (सिटी) शिमला होंगे। डीएसपी प्रणव चौहान छठी भारतीय रिजर्व बटालियन, धोलाकुआं जिला सिरमौर को डीएसपी रोहड़ू जिला शिमला लगाया गया है। एसडीपीओ भावनगर किन्नौर राज कुमार को डीएसपी डाडासीबा जिला कांगड़ा लगाया गया है। डीएसपी (अवकाश आरक्षित) हमीरपुर सुनील दत्त को फोर्थ जंगलबेरी, जिला हमीरपुर में डीएसपी के रूप में पदस्थ किया गया है।

डीएसपी अमित अंगरीश प्रथम भारतीय रिजर्व बटालियन, बनगढ़ जिला ऊना अब छठी भारतीय रिजर्व बटालियन धौलाकुआं जिला सिरमौर में डीएसपी होंगे। डीएसपी विक्रम सिंह छठी भारतीय रिजर्व बटालियन, धौलाकुआं जिला सिरमौर को 5वीं भारतीय रिजर्व बटालियन, बस्सी जिला बिलासपुर में भेजा गया है।

डीएसपी शिमला सिटी मनवेंद्र ठाकुर को डीएसपी पांवटा साहिब लगाया गया है। डीएसपी पुलिस प्रशिक्षण कॉलेज, डरोह, जिला कांगड़ा हरिश कुमार अब पुलिस मुख्यालय शिमला में डीएसपी (अवकाश आरक्षित) के रूप में पदस्थ किया गया है। इसके अतिरिक्त आईपीएस आदिति सिंह को एसडीपीओ पांवटा साहिब जिला सिरमौर से पुलिस मुख्यालय शिमला में रिपोर्ट करने के लिए कहा गया है।

इसी तरह आईपीएस सचिन हिरेमठ विशेष फाउंडेशन कोर्स के समापन के बाद पुलिस मुख्यालय शिमला में रिपोर्ट करेंगे। डीएसपी रोहड़ू रविंदर कुमार को भी पुलिस मुख्यालय शिमला में रिपोर्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। इन पुलिस अधिकारियों की तैनाती के आदेश अलग से जारी किए जाएंगे।

## बाधित सड़कों को बहाल करने के निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि 23 दिसंबर को हुई बर्फबारी के कारण प्रदेश में लगभग 350 सड़कें अवरूद्ध हो गई थी। इन सड़कों की बहाली के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा 70 जेसीबी, 13 रोबो, 13 बुल्डोजर, 76 टिप्पर व 96 अन्य मशीनों सहित कुल 268 मशीनें विभिन्न स्थानों पर तैनात की गई हैं। लोक निर्माण विभाग द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी आवश्यक संसाधनों का उपयोग करके जल्द से जल्द सड़कों को बहाल किया जाए। उन्होंने कहा कि आज 235 सड़कें खोल दी गई हैं और 25 दिसंबर तक 80 से 85 सड़कें खोल दी जाएंगी। शेष बची हुई सड़कें यातायात के लिए आगामी 2-3 दिनों में बहाल कर दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू हिमाचल प्रदेश को पर्यटन की दृष्टि से एक बेहतर राज्य बनाने की दिशा में प्रयासरत हैं। हाल में हुई बर्फबारी के बाद देश-विदेश से हजारों की संख्या में पर्यटक प्रदेश में भ्रमण के लिए आ रहे हैं। बर्फबारी के कारण उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए लोक निर्माण विभाग पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है।

### बर्फबारी के बाद ज्यादातर सड़कें बहाल : उपायुक्त

**शिमला** में बर्फबारी के बाद अब ज्यादातर सड़कें बहाल हो गई है। उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने कहा कि पहाड़ों पर बर्फबारी के बाद मौसम सुहावना हो गया है और पर्यटक भी अच्छी तादात में पहाड़ों का रुख कर रहे हैं। ऐसे में कुछ समस्याओं का सामना भी करना पड़ रहा है, लेकिन सीजन की दूसरी बर्फबारी के बाद शिमला में फिलहाल ज्यादातर रास्तों को खोल दिया गया है।

समीक्षा बैठक

### एचआरटीसी आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर : मुख्यमंत्री

## 8 माह में एचआरटीसी की आय में 63.47 करोड़ की वृद्धि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि राज्य सरकार निगम को आत्मनिर्भर एवं व्यवहार्य बनाने के लिए ठोस कदम उठा रही है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार के प्रयासों तथा निगम के कार्यबल की समर्पित सेवाओं के फलस्वरूप इस वर्ष के प्रथम आठ माह में निगम की आय में 63.47 करोड़ रुपए की वृद्धि दर्ज की गई है। सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार निगम को हर महीने लगभग 60 करोड़ रुपये का अनुदान जारी कर रही है और पिछले दो वर्षों से निगम द्वारा कर्मचारियों और पेंशनरों को समय पर वेतन एवं पेंशन के भुगतान सुनिश्चित किए जा रहे हैं। हिमाचल में परिवहन के सीमित साधन हैं। इस स्थिति में निगम राज्य की जीवन रेखा की तरह कार्य कर रहा है। प्रतिदिन निगम की बसों के माध्यम से लगभग पांच लाख लोग यात्रा करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को 31 मार्च, 2026 तक देश का हरित ऊर्जा राज्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है और इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए वर्तमान राज्य सरकार एचआरटीसी को 'ग्रीन एचआरटीसी' में बदलने की दिशा में कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि निगम ग्रीन हिमाचल की परिकल्पना को साकार करने और आने वाली पीढ़ियों के लिए राज्य के पर्यावरण को संरक्षित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। निगम की डीजल बसों के पूरे बेड़े को ई-बसों से परिवर्तित किया जा रहा है और राज्य सरकार एचआरटीसी को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार ने इलेक्ट्रिक बसों की खरीद के लिए 327 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। सुक्खू ने यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधाएं प्रदान करने के लिए नए बस अड्डों के निर्माण के निर्देश भी दिए।

### जल ऊर्जा पर्यटन को किया जाएगा प्रोत्साहित

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने ऊर्जा विभाग द्वारा कार्यान्वित की जा रही विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में अधिक से अधिक हरित ऊर्जा का दोहन करने के लिए तत्परता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सोलन जिले के नालागढ़ में एक मेगावाट क्षमता की ग्रीन हाइड्रोजन परियोजना निर्माणाधीन है तथा ऊना जिले के पेखुबेला में 32 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना का निर्माण रिकॉर्ड छः माह में पूरा कर लिया गया है। ऊना जिले में दो और ऐसी परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं, जिन्हें शीघ्र ही जनता को समर्पित किया जाएगा। सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार स्थानीय युवाओं को स्वरोजगार तथा रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए प्रदेश में जल ऊर्जा पर्यटन को बढ़ावा देने पर विचार कर रही है।

### बाबा साहेब के अपमान के लिए देश से माफी मांगे कांग्रेस: जयराम

**शिमला।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने हमेशा अपमान किया है। बाबा साहेब का अपमान करना ही कांग्रेस पार्टी, गांधी-नेहरू परिवार की पॉलिसी और लीगेसी रही है। बाबा साहेब के अपमान का कोई भी मौका कांग्रेस के नेताओं ने आजादी के पहले भी नहीं छोड़ा और आजादी मिलने के बाद भी नहीं छोड़ा।

उन्हें चुनाव जीतने से रोका, उन्हें मंत्रिमंडल से बाहर निकालने के कुत्सित प्रयास किए। अपनी सरकार में अपने परिजनों को सत्ता में रहते ही भारत रत्न देने वाले बाबा साहेब को अपनी सरकार में भारत रत्न भी नहीं दिया। यह सब इतिहास में दर्ज है। दुखद यह है कि कांग्रेस ने बाबा साहेब के साथ किए अपमान और साजिशों के बारे में देश दुनिया को पता भी नहीं चलने दिया। कांग्रेस को अंबेडकर के प्रति किए गए अपमान के लिए पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए।

### गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ कांग्रेस ने किया धरना-प्रदर्शन



**शिमला।** गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर को लेकर दिए गए बयान के बाद देश भर में विपक्षी दल प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं कांग्रेस द्वारा देश भर में धरना प्रदर्शन किया जा रहा है और राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर अमित शाह को गृहमंत्री के पद से हटाने की मांग की जा रही है।

वहीं कांग्रेस द्वारा भी हिमाचल प्रदेश में जिला स्तर पर प्रदर्शन किया जा रहे हैं। राजधानी शिमला में कांग्रेस द्वारा अंबेडकर चौक चौड़ा मैदान से डीसी ऑफिस तक रोष रैली निकाली गई और डीसी ऑफिस के बाहर धरना प्रदर्शन किया।

गृहमंत्री के इस्तीफे की मांग की। साथ ही डीसी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेज कर उन्हें पद से हटाने की मांग की।

## न्यूज ब्रीफ

### फोरलेन निर्माण में दो मीटर और दिलवाई जाए छूट

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** फोरलेन सड़क निर्माण लेकर दो मीटर की छूट देने पर शाहपुर बचाओ संघर्ष समिति ने कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज का आभार प्रकट किया है। शाहपुर बाजार बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष राजीव भारद्वाज ने कहा कि शाहपुर बाजार में फोरलेन सड़क की चौड़ाई 35 मीटर रखी गई थी, जिसे सांसद जी के प्रयासों से लगभग तीन मीटर तक घटाया गया है। समिति के महासचिव नवनीत शर्मा ने कहा कि हम प्रदेश सरकार से मांग करते हैं कि सरकार भी 2 मीटर की छूट दे, क्योंकि भूमि अधिग्रहण प्रदेश सरकार करवाती है। व्यापारी वर्ग चाहता है कि शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया इस विषय को मुख्यमंत्री सुक्खू से विचार-विमर्श करके शाहपुर के व्यवसायियों कम से कम दो मीटर की छूट ओर दिलाएं। उन्होंने कहा कि ऐसी ही छूट उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर के दुकानदारों को दिलवा चुके हैं। जिन्होंने 1100 दुकानों को टुटने से बचा लिया व फोरलेन 20.5 मीटर में निर्माण करवा दिया। नवनीत शर्मा ने कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि भारद्वाज के सफल प्रयासों की तरह प्रदेश सरकार भी शाहपुर बाजार को जरूर राहत दिलवाएगी।

### आंगनबाड़ी सहायिका का साक्षात्कार स्थगित

**अजीत वर्मा, जयसिंहपुर।** बाल विकास परियोजना लंबागांव के अंतर्गत भगेतर, मोलग व जुल्लाहपट आंगनबाड़ी केंद्रों के आंगनबाड़ी सहायिका के पद के लिए 26 दिसंबर को होने वाले साक्षात्कार विभागीय कारणों से स्थगित किए गए हैं। साक्षात्कार अगले महीने 18 जनवरी 2025 को होंगे। बाल विकास परियोजना अधिकारी लंबागांव ने बताया कि इच्छुक महिला उमीदवार उक्त पदों के लिए 15 जनवरी 2025 सायं पांच बजे तक उनके कार्यालय में आवेदन कर सकती हैं। अन्य जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस पर बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय लंबागांव में संपर्क किया जा सकता है।

### पठानिया से मिले यूथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रवि

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** विधानसभा फतेहपुर के नवनियुक्त यूथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रवि कुमार ने सोमवार को फतेहपुर विधायक भवानी सिंह पठानिया के साथ उनके निवास स्थान मंझार में भेंट की। इस दौरान नवनियुक्त यूथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष ने विधायक से आशीर्वाद भी मांगा। वहीं, रवि ने कहा यूथ कांग्रेस को मजबूत करने के लिए निष्पक्षता से अपने कर्तव्य का निर्वहन करेंगे। कहा विधायक ने भी उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है। इस मौके पर पूर्व यूथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष जगजीत उर्फ जग्गू सहित अन्य युवा उपस्थित रहे।



### नायब तहसीलदार के माध्यम से राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** फतेहपुर कांग्रेस की टीम ने मंगलवार को ब्लॉक अध्यक्ष फतेहपुर कैप्टन जीत कुमार शर्मा की अगुवाई में नायब तहसीलदार फतेहपुर के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन भेज गृह मंत्री के व्यान पर आपत्ति जाहिर की है। इस बारे जानकारी देते हुए ब्लॉक अध्यक्ष कैप्टन जीत कुमार शर्मा ने कहा हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारत रत्न संविधान निर्माता डॉक्टर भीम राब अम्बेडकर के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की थी। जिसके विरोध में मंगलवार को महामहिम को ज्ञापन भेजा गया है। उन्होंने कहा कि भीमराव अंबेडकर के खिलाफ की गई टिप्पणी पर जब तक केंद्रीय गृह मंत्री सार्वजनिक माफी नही मांगते हैं तब तक कांग्रेस का विरोध जारी रहेगा। इस मौके पर रघुबीर पठानिया, निर्मल सिंह, विनय शर्मा, कुलवंत सिंह आदि उपस्थित रहे।



### जूती घुंघरूआं वाली... गाने पर थिरके बच्चे

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** मिनर्वा पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल आलमपुर ठाकुरद्वारा में वार्षिक पारितोषण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्कूली छात्र व छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जूती घुंघरूआं वाली पंजाबी गाने पर छात्र-छात्राओं ने खूब ठुमके लगाए। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति मेडल से सम्मानित हिमाचल प्रदेश पुलिस के पुलिस इंस्पेक्टर प्रवीण राणा ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले छात्रों में अक्षरा, वर्षा, बाणी, कार्तिक, शिवांश अंशुमन, प्रियांशु, अक्षित इत्यादि ने भाग लिया। स्कूल के स्टाफ में उपप्रधानाचार्य अजय शर्मा, राशि, रेनू सुनीता राणा, सुशांत ,दीक्षा राणा, अंशिका राणा आदि उपस्थित रहे। मुख्यातिथि ने बताया कि बच्चों को नशे से दूर रहकर खेलकूद व पढ़ाई में दिलचस्पी लेनी चाहिए। सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते समय पूरी सतर्कता व सावधानी बरतनी चाहिए। कार्यक्रम के समापन पर मुख्यातिथि द्वारा बच्चों को इनाम बांटे गए तथा उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।



### धीरा पंचायत घर में कल होगी बिजली मीटरों की केवाईसी

**अनंत ज्ञान, डरोह।** विद्युत उपमंडल डरोह के सहायक अभियंता इंजीनियर सुभाष कुमार ने प्रेस को जारी एक बयान में कहा कि उपमंडल डरोह के अंतर्गत आने वाले सभी उपभोक्ता अपने अपने घरेलू बिजली मीटरों की केवाईसी करवा लें। विद्युत विभाग के कर्मचारी 26 दिसंबर को पंचायत घर धीरा में विद्युत मीटरों की केवाईसी करेंगे। जो विद्युत उपभोक्ता अभी तक विद्युत मीटरों की केवाईसी नहीं करवा पाए हैं वे अपने मीटरों की केवाईसी उपरोक्त तिथि को करवा लें ताकि विद्युत मीटरों में मिलने वाली सुविधाओं सब्सिडी का लाभ मिल सके। इसके लिए जरूरी दस्तावेज आधार कार्ड, राशनकार्ड विद्युत बिल तथा मोबाइल फोन भी अपने साथ आवश्य लेकर आएं। आपका मोबाइल नंबर आधार कार्ड से लिंक होना चाहिए। अगर कोई उपभोक्ता केवाईसी करवाने में सहयोग नहीं करता है तो उसे भविष्य में विद्युत बिल से मिलने वाली सुविधाएं सब्सिडी से वंचित होना पड़ेगा। इसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### अदित्य ने ताइक्वांडो में जीता स्वर्ण पदक



**अनंत ज्ञान, डरोह।** न्यूगल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल भवारना का आठवीं कक्षा का छात्र ताइक्वांडो राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में भाग लेने उत्तराखंड गया था। वहां पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश तथा उत्तराखंड आदि के खिलाड़ियों के बीच कड़े मुकाबले में आदित्य ने स्वर्ण पदक जीत कर स्कूल एवं माता-पिता का नाम रोशन किया है। स्कूल पहुंचने पर स्कूल के निर्देशक महोदय अशोक कटोच, प्रबंधक अंकुर कटोच, एवं प्रधानाचार्या निशा गुलेरिया ने आदित्य एवं परिवार जनों को बधाई दी।

### स्वयंसेवियों ने की कन्या छात्रावास की सफाई



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** मंगलवार को पंडित संत राम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में सात दिवसीय एनएसएस शिविर आरंभ हुआ। शिविरका उद्घाटन विद्यालय प्रमुख प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार कौंडल द्वारा किया गया। इस अवसर पर एनएसएस सलाहकार कमेटी के साथ अन्य प्राध्यापक भी उपस्थित रहे। प्राचार्य ने एनएसएस के महत्त्व को बताते हुए सभी स्वयंसेवियों को सामाजिक कार्य करने के लिए प्रेरित किया। यह कैंप एनएसएस प्रभारी डॉक्टर सुलक्ष्णा शर्मा और प्रोफेसर अमन कुमार की निगरानी में 30 दिसंबर तक चलेगा। कैंप के प्रथम दिवस पर एनएसएस स्वयंसेवियों ने कन्या छात्रावास की सफाई के साथ मेस का कार्यभार भी संभाल लिया।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर के अपमान पर भड़की कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

## अमित शाह का जलाया पुतला, इस्तीफे की मांग की

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

संसद में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा भीमराव अंबेडकर पर दिए गए बयान के विरोध में मंगलवार को धर्मशाला मुख्यालय में कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं द्वारा जिला स्तरीय मार्च निकाला गया तथा अमित शाह से इस्तीफे की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने इस दौरान शाह के पुलते को भी आग लगाई तथा केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।



धर्मशाला में गृह मंत्री अमित शाह के पुतले को जलाते कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता।

इससे पूर्व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांगड़ा उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति को एक ज्ञापन भी भेजा। विजयइंद्र करण, पुनीत मल्ली, नागेश मनकोटिया आदि ने कहा कि भाजपा द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का किया गया अपमान इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया है, जिसे कभी बुलाया नहीं जाएगा।

उन्होंने कहा कि जब तक गृह मंत्री इस अपमान को लेकर अपने पद से इस्तीफे नहीं दे देते उनका विरोध जारी रहेगा। उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया की सरकार देश में लोकतंत्र और संविधान को खत्म करने पर लगी है, जिसके कांग्रेस किसी भी कीमत पर सहन नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि अंबेडकर पूरे देश के लिए पूजनीय हैं। अमित शाह को माफी मांगनी चाहिए।

उन्होंने पीएम मोदी की ओर से अमित शाह के बयान के बचाव में किए गए सोशल मीडिया पोस्ट्स पर भी सवाल उठाए तथा कहा कि अगर बाबा साहेब के बारे में कोई गलत बोलता है, उसको अपने कैबिनेट से निकाल देना चाहिए था, परंतु नरेंद मोदी तानाशाही पर उतर आए हैं, जिसे बर्दाश्त नही किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्य है कि एक दलित नायक, जो देश में सबके लिए पूजनीय हैं, उनका अपमान किया गया। प्रधानमंत्री को जरा-सा भी बाबा साहेब अंबडेकर के प्रति श्रद्धा है तो अमित शाह को तुरंत बर्खास्त कर देना चाहिए। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज की गई, लेकिन क्या सरकार में सीसीटीवी फुटेज की जांच की, इसमें दिखे कि राहुल गांधी ने सांसदों को धक्का दिया। शाह एवं मोदी के इशारे पर यह सब हो रहा है।

# स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट स्कूल की बस से 29 पेटी अवैध शराब बरामद

**अनिल छांगू, जवाली**



पुलिस थाना जवाली के अंतर्गत नशे के विरुद्ध चलाए गए अभियान में शराब माफियाओं के खिलाफ पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 29 पेटी देसी अबैध शराब वरामद की है। यह शराब जवाली के एक प्रतिष्ठित निजी स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट स्कूल जवाली के स्कूल की बस से बरामद की है ।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस थाना जवाली के तहत कुठेड़-जवाली मार्ग पर हरियां पुल पर स्प्रिंग डेल कान्वेंट स्कूल जवाली एक निजी प्रतिष्ठित स्कूल की बस नं.-एचपी54डी4918 को रोका तो उसमें 29 पेटी अवैध शराब बरामद की है। जिला पुलिस अधिकारी नूरपुर एसपी नूरपूर अशोक रत्न ने बताया कि निजी स्कूल की बस में बंटी पुत्र शमशेर सिंह व रमन कुमार पुत्र रमेश कुमार दोनों निवासी समकेड़ तहसील जवाली जिला कांगड़ा के कब्जे से उनकी स्कूल बस से 29 पेटी (348 बोतल देसी शराब बरामद करने मे सफलता प्राप्त की है। जिस पर दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना जवाली में आबकारी अधिनियम के अधीन पंजीकृत करके आरोपियों को गिरफतार किया गया है। आगामी कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। उन्होंने कहा है कि शराब माफिया को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं प्रिंसिपल

**इस** संबंध में स्प्रिंग डेल कान्वेंट स्कूल जवाली के प्रिंसिपल डॉ. राजीव नरयाल से बात की गई तो उन्होंने कहा कि ड्राइवर पिछले लगभग चार महीनों से हमारे स्कूल में कार्यरत था और रोज शाम को बच्चों को छोड़कर बस को अपने घर पर खड़ा करता था और आज सुबह जब अभिभावकों के फोन आने लगे कि स्कूल बस नहीं आई तो पता चला कि ड्राइवर को बस में शराब सहित पकड़ा है। तो उसी समय पुलिस को स्कूल प्रबधन द्वारा इसकी शिकायत जवाली पुलिस स्टेशन में दे दी गई है।

# 25 साल से मैक्लोडगंज में नहीं हुई व्हाइट क्रिसमस

**संजय अग्रवाल, मैक्लोडगंज**

पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज में पिछले 25 वर्षों से व्हाइट क्रिसमस का आनंद पर्यटक नही उठा पाए हैं। इस बार भी क्रिसमस के मौके पर पर्यटकों को व्हाइट क्रिसमस का इंतजार है। सेंट जॉन चर्च ऐसी चर्च है जिसे भारत की प्रसिद्ध धरोहरों में पहचान दी गई है।

इस चर्च को देखने के लिए तथा यहां छुपी यादों को ताजा करने के लिए दुनिया भर से अंग्रेज लोग मैक्लोडगंज का रुख करते हैं। मैक्लोडगंज के धौलाधार पर्वतों में हुए हल्के हिमपात से यह लग रहा है कि इस बार क्रिसमस के मौके पर पर पर्यटकों को व्हाइट क्रिसमस मनाने का मौका मिल सकेगा।

जानकारी के अनुसार सेंट जॉन चर्च का निर्माण 1852 के दौरान ब्रिटिश शासन काल के दौरान हुआ था। अभी तक मैक्लोडगंज में हिमपात न होने के कारण पर्यटकों की संख्या में भी भारी कमी दर्ज की जा रही है, जिससे होटल कारोबारियों के चेहरे पर भी निराशा देखी जा रही है। होटल एसोसिएशन धर्मशाला के अध्यक्ष अश्वनी बाबा के अनुसार इस बार मौसम की बेरुखी की मार होटल कारोबार पर पड़ी है। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार मैक्लोडगंज में पर्यटकों की संख्या बेहद कम है, जिससे होटल कारोबारियों के साथ हर कोई छोटा दुकानदार भी निराश व परेशान है। उन्होंने कहा कि अगर क्षेत्र में स्नोफॉल हो जाए तो पर्यटकों की रौनक यहां देखी जा सकती है। उन्होंने कहा कि पिछले दो महीने से वर्षा न होने के कारण इसका असर पर्यटन पर पड़ा है। (अनंत ज्ञान)



मैक्लोडगंज स्थित सेंट जॉन चर्च।

# 9 ग्राम चिट्टे सहित युवक काबू

**गगल।** गगल पुलिस थाना के अंतर्गत थाना प्रभारी उधम सिंह ने बताया के देर रात दस बजे के लगभग गगल पुलिस के हैड कांस्टेबल सुदेश कुमार पुलिस टीम के साथ रात पेट्रोलियम के दौरान गांव मनेड के पास गांधी ग्राउंड के पास बैठे युवक अजय कुमार जो कि पासू का रहने वाला है, से लगभग 9 ग्राम चिट्टा बरामद किया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।



वहीं, रात को सब इंस्पेक्टर कुलदीप कुमार टीम को लेकर पुलिस थाने में नाके के दौरान अजय कुमार निवासी डगवार ने अपनी कार में रखी देसी शराब की तीन पेटियां बरामद की उसके खिलाफ भी पुलिस ने मामला दर्ज करके गाड़ी को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। चिट्टे के आरोपी को आज पुलिस न्यायालय में पेश करगी।

# बाबा साहेब का अपमान पूरे देश के संविधान का अपमानः शांतनु

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**



ऑल इंडिया कांग्रेस के कांगड़ा-चंबा को-ऑर्डिनेटर और पर्यवेक्षक शांतनु चौहान ने मंगलवार को धर्मशाला में पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि केंद्र की मोदी सरकार अपनी भाषा और परिभाषा को भूल चुकी है। गृहमंत्री अमित शाह ने जिस प्रकार से बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का अपमान किया है उससे साफ जाहिर होता है कि देश की सत्ता किन लोगों के हाथों में आ चुकी है।

उन्होंने कहा कि शाह द्वारा सदन में की गई अपमानजनक टिप्पणी न केवल बाबा साहेब का अपमान है, बल्कि देश के संविधान का भी अपमान है। उन्होंने मांग की कि अमित शाह को इस मामले में नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल प्रभाव से अपने पद से इस्तीफा दें और माफी मांगें। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पर जो आरोप लागए जा रहे हैं कि राहुल ने धक्का दिया है वह मिथ्यापुरण है। भाजपा एक नौटंकी पार्टी है और लोगों का ध्यान भटकाने के लिए यह किया गया। इस मौके पर विधायक किशोरी लाल, पुनीत मल्ली, अजय महाजन, कर्ण सिंह आदि मौजूद थे।

# कांग्रेस को 34 साल के बाद आई अंबेडकर की याद : लेखराज

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश महामंत्री लेखराज ने मंगलवार को धर्मशाला में पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि देश के सत्ता में बैठे अमित शाह जैसे लोग बाबा साहेब बाबा भीमराव अंबेडकर को मान-सम्मान नहीं दे सकते तो उन्हें उनका अपमान करने का भी कोई हक नही है।

उन्होंने कहा कि अंबेडकर के अपमान की बहुजन समाज पार्टी कड़े शब्दों में निंदा करती है तथा गृह मंत्री अमित शाह से इस्तीफे की मांग करती है। उन्होंने कहा कि 34 साल के बाद कांग्रेस पार्टी को भी बाबा भीमराव अंबेडकर की याद आई है। उन्होंने कभी भी अंबेडकर को भारत रत्न पुरस्कार नहीं दिया तथा अब कांग्रेस उनके नाम पर राजनीतिक रोटियां सेंक रही है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता वोट की राजनीति का सहारा लेकर अंबेडकर के अपमान व हाथों में उनकी फोटो लेकर जगह-जगह प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भीमराव अंबेडकर ने हमेशा ही दलित व पिछड़ा वर्ग के लोगों के हित्तों की रक्षा की, जिसे कांग्रेस के लोगों ने भी कभी कबूल नहीं किया। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री ने अगर समय रहते माफी नहीं मांगी तो उनके खिलाफ सड़कों पर उग्र अंदोलन किया जाएगा।



पत्रकारों को संबोधित करते बसपा के प्रदेश महामंत्री लेखराज।





# पारस स्कूल में मनाया तुलसी पूजन दिवस व वीर बाल दिवस

**राकेश डोगरा, डरोह**

मंगलवार को पारस पब्लिक स्कूल भवारना में तुलसी पूजन दिवस, वीर बाल दिवस और क्रिसमस दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस उपलक्ष्य में विद्यालय के निदेशक महेश चंद कटोच और प्रधानाचार्या नीलम राणा द्वारा विधि-विधान से तुलसी पूजन किया गया।

कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने सुंदर ग्रीटिंग कार्ड बनाए। कक्षा नर्सरी व केजी के बच्चों ने सेंटा क्लॉज की भूमिका में सुसज्जित होकर सुंदर नृत्य पेश किया। इसके साथ ही 11वीं के छात्रों ने वीर बाल दिवस पर आधारित लघु नाटिका पेश करके धर्म की रक्षा के लिए बलिदान हुए वीर बच्चों की वीरता से सबको परिचित करवाया।

अध्यापिका सोनिया वर्मा ने सिख धर्म की रक्षा के लिए शहीद हुए वीर बाल बच्चों की शहादत बताते हुए अपने विचार सांझा किए। इसके साथ ही अध्यापिका शशि बाला और रेनू शर्मा ने अपने भाषण के माध्यम से तुलसी पूजन दिवस और क्रिसमस दिवस का महत्व बताया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या ने क्रिसमस दिवस के साथ-साथ इस दिन से जुड़े सनातन धर्म से संबंधित त्योहारों को भी मनाने की सीख दी। उन्होंने नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नव वर्ष हम सबके लिए मंगलमय हो। (अनंत ज्ञान)

# हिंदी कहानी और कविता विषय पर हुई कार्यशाला

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**



कार्यशाला के दौरान उपस्थित स्कूली बच्चे व अध्यापकगण।

राजकीय महाविद्यालय रिड़कमार में मंगलवार को रचनात्मक लेखन कार्यशाला हिंदी कहानी और कविता विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य प्रोफेसर मनोज द्वारा मुख्य वक्ता का महाविद्यालय में आने पर स्वागत किया गया। इस कार्यशाला के प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार प्रताप जरयाल रहे। इन्होंने महाविद्यालय के बच्चों को अपनी हिंदी और पहाड़ी में स्वरचित कविताएं और गजलें प्रस्तुत की।

उन्होंने बताया कि कविता मन के भाव होते हैं, उन्हें लिखकर व्यक्त किया जा सकता है। उन्होंने अपने जीवन के अनुभवों को भी बच्चों के समक्ष साझा किया। इसके बाद कार्यशाला के दूसरे सत्र में प्रोफेसर आशा मिश्रा ने कविता और कहानियों पर व्याख्यान प्रस्तुत किए, जिसमें उन्होंने मुख्य बिंदुओं पर बात की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार कविता और कहानी का लेखन किया जाए, जिससे की कविता या कहानी अपना समाज में एक मुकाम बना सके। इस मौके पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक गण मौजूद थे, जिसमें प्रोफेसर मनोज कुमार, प्रोफेसर हाकम चंद, प्रोफेसर भूपेंद्र सिह भी तथा महाविद्यालय के सभी गैर शैक्षणिक सदस्य भी मौजूद रहे। मंच का संचालन प्रोफेसर आशा मिश्रा द्वारा किया गया।

# नेशनल फार्मर्स-डे पर अरनी विवि ने दिया सस्टेनेबल फार्मिंग का संदेश

**अनंत ज्ञान, अर्नी**





अर्नी विश्वविद्यालय इंदौरा में नेशनल फार्मर्स-डे के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में सुदर्शन सिंह, ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर, इंदौरा और सम्माननीय अतिथि के रूप में डॉ. मनीष श्रीवास्तव, प्रो-वाइस चांसलर, अरनी विश्वविद्यालय, उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. मनीष श्रीवास्तव ने विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज के छात्रों द्वारा सस्टेनेबल एग्रीकल्चर को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की। उन्होंने इंटीग्रेटेड न्यूट्रिएंट, पेस्ट और डिजीज मैनेजमेंट जैसी पहलों पर चर्चा करते हुए उनके पर्यावरण-अनुकूल लाभों को रेखांकित किया।

मुख्यातिथि सुदर्शन सिंह ने उपस्थित छात्रों और किसानों को ऑर्गेनिक फार्मिंग अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने ऑर्गेनिक खेती के फायदों को बताते हुए कहा कि यह न केवल पर्यावरण के लिए अनुकूल है, बल्कि उपभोक्ताओं के लिए स्वस्थ और सुरक्षित उत्पाद सुनिश्चित करती है। विश्वविद्यालय के चांसलर, डॉ विवेक सिंह ने स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज के छात्रों और राज्य के किसानों को उनके कठिन परिश्रम और योगदान के लिए बधाई दी और उनके भविष्य की सफलता की कामना की। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की मिस मेहर शाह, डायरेक्टर ऑपरेशंस, विभिन्न विभागों के प्रमुख, फेकल्टी मेंबर्स और स्थानीय किसान उपस्थित रहे। इस आयोजन में डॉ. जेपी ठाकुर, डीन, स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर एंड लाइफ साइंसेज और डॉ. शरद त्रिपाठी, एचओडी, स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर, ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**आयोजन** तिब्बती प्रशिक्षण केंद्र में स्कूल प्रीफेक्ट्स और कैप्टन के लिए नेतृत्व कार्यशाला का शुभारंभ

# तिब्बती स्कूलों में विशेष जरूरतों वाले बच्चों की बढ़ती संख्या पर चिंता की व्यक्त

**संजय अग्रवाल, मैक्लोडगंज**

केंद्रीय तिब्बती प्रशासन की ओर से तिब्बती स्कूलों में शीतकालीन अवकाश के लिए शैक्षणिक वर्ष समाप्त होने के साथ ही शिक्षा विभाग ने मैक्लोडगंज में प्रशासनिक प्रशिक्षण केंद्र में स्कूल प्रीफेक्ट्स और कैप्टन के लिए नेतृत्व कार्यशाला का शुभारंभ किया।



बच्चों के साथ निर्वासित तिब्बत सरकार की शिक्षा मंत्री थारलाम डोलमा चांगरा।

उद्घाटन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में निर्वासित तिब्बत सरकार की शिक्षा मंत्री थारलाम डोलमा चांगरा ने तिब्बती छात्रों को शिक्षित करने और तिब्बती स्कूलों के प्रशासन के अनुभवों के बारे में गहन जानकारी दी। कार्यशाला में नेपाल स्थित दो तिब्बती स्कूलों सहित 16 विभिन्न तिब्बती स्कूलों के कुल 43 छात्र प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसके अलावा इन स्कूलों के 16 शिक्षक इस छह दिवसीय कार्यशाला में छात्रों के साथ परामर्शदाता और अभिभावक के रूप में मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षा विभाग के शैक्षणिक अनुभाग से अतिरिक्त सचिव तेनजिन दोरजी के परिचयात्मक भाषण से हुई। उन्होंने नेतृत्व कार्यशाला का अवलोकन प्रदान किया, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया कि इसका उद्देश्य निर्वासित तिब्बतियों के लिए बुनियादी शिक्षा नीति के उद्देश्यों के अनुरूप प्रतिभागियों के नेतृत्व कौशल को बढ़ाना और अन्य आवश्यक क्षमताएं प्रदान करना है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कार्यशाला का उद्देश्य छात्र नेताओं में करुणा और सार्वभौमिक जिम्मेदारी जैसे मानवीय गुणों को विकसित करना है, साथ ही तिब्बती सांस्कृतिक और भाषाई विरासत को संरक्षित करने के महत्व को रेखांकित करना है, जिसे तिब्बत में सरकारी स्कूलों में व्यवस्थित रूप से कमजोर किया जाता है।

अपने मुख्य भाषण में कलोन थरलम डोलमा चांगरा ने एक मजबूत तिब्बती निर्वासित समुदाय की स्थापना में दलाईलामा के नेतृत्व में पुरानी पीढ़ियों द्वारा किए गए अपार बलिदानों और योगदानों को याद किया। इस कार्यशाला के दौरान, सलाहकार और सुविधाकर्ता तिब्बती भाषा और संस्कृति के महत्व, निर्वासन में तिब्बती लोकतंत्र के विकास, एसईई लर्निंग, नेतृत्व और शिक्षा, संघर्ष समाधान, नेताओं के लिए संचार कौशल, स्कूलों में लैंगिक समानता और कैरियर मैपिंग सहित विभिन्न विषयों का पता लगाएंगे। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### मिलवां-बारोटा सड़क का निर्माण कार्य शुरू

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** 23 करोड़ रुपए से बनने वाले मिलवां बारोटा सड़क का आज निर्माण कार्य का शुभारंभ मलेंद्र राजन द्वारा किया गया। विधानसभा क्षेत्र इंदौरा के अंतर्गत स्थानीय विधायक मलेन्द्र राजन द्वारा हर रोज विकास की नई बुलंदियों को छूने का प्रयास किया जा रहा है उसी कड़ी के तहत आज काफी समय से मिलवा बरोटा सड़क मार्ग की दयनीय हालत के चलते लोगों को काफी असुविधा हो रही थी लोगों की पुर मांग के चलते विधायक द्वारा इस सड़क का निर्माण जो के12 किलोमीटर सड़क मार्ग उस पर यह कार्य निर्माण शुरू किया जिसके तहत तकरीबन पंजाब हिमाचल सीमा पर कई लोगों को इस मार्ग के निर्माण से निजात मिलेगी।



### मैंझा रोड पर 10 ग्राम चिट्टे सहित युवक काबू

**अनंत ज्ञान, डरोह।** नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ भवारना पुलिस का अभियान लगातार जारी है तथा पुलिस नशे के सौदागरों पर कड़ी नजर रखे हुए है। इसी बीच पुलिस थाना भवारना की टीम ने गश्त के दौरान राष्ट्रीय उच्च मार्ग 154 में मुख्य सड़क मार्ग में मैंझा रोड से कुछ कदम आगे रेलवे लाइन के पास युवक को 10 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी केहर सिंह के नेतृत्व में भवारना पुलिस की विशेष टीम क्षेत्र में गश्त पर थी। इस दौरान पुलिस को देखते ही मुख्य सड़क मार्ग में रेलवे लाइन के पास एक युवक पैदल जा रहा था जो कि पुलिस की गाड़ी देख हड़बड़ा गया। संदेह होने पर युवक की चेकिंग की गई तो पुलिस ने उससे 10 ग्राम चिट्टा बरामद किया। आरोपी की पहचान अभिषेक कुमार पुत्र नारायण सिंह गांव मैंझा के रूप में हुई है।

### विद्यार्थियों को माउंटेनियरिंग कोर्स के दिए टिप्स



**आशीष दमीर, कांगड़ा।** राजकीय महाविद्यालय मटौर की कैरियर काउंसलिंग सेल द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें श्री साईं विश्वविद्यालय पालमपुर से आए डॉ नीरज मरवाह, नवनीत गुप्ता, कैप्टन नारायण ठाकुर बतौर मुख्य वक्ता उपस्थित रहे। नारायण ने विद्यार्थियों को माउंटेनियरिंग कोर्स व इसमें भविष्य की उज्ज्वल संभावनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की वहीं, नवनीत गुप्ता ने वर्तमान संदर्भ में तकनीकी और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के प्रयोग और नौकरी पाने की दृष्टि से उसकी बढ़ती अनिवार्यता की जानकारी सांझा करते हुए विश्वविद्यालय में चलने वाले विभिन्न कोर्सेज, डिप्लोमा की जानकारी भी प्रदान की। इस अवसर पर प्राचार्य ने अपनी विशेष उपस्थिति दर्ज करते हुए विद्यार्थियों को इस जानकारी से लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रोफेसर शिवानी दत्ता, प्रोफेसर सुदेश कुमारी, प्रो राजलक्ष्मी भी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### एसडीएम कार्यालय परिसर के शौचालयों पर लटका ताला

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** जहां एक तरफ केंद्र व प्रदेश सरकार स्वच्छ भारत मिशन को लेकर प्रतिवर्ष लाखों रुपए खर्च कर सरकारी तंत्र के माध्यम से आम लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रही है, तो वहीं दूसरी तरफ उपमंडलस्तरीय कार्यालय परिसर फतेहपुर में बने शौचालयों की गंदगी का कारण बन रहे हैं। ऐसा ही दृश्य मंगलवार को दोपहर करीब 12 बजे मीडिया के कैमरे में कैद हुआ, जिसमें एसडीएम कार्यालय फतेहपुर के परिसर में सर्वजनिक शौचालय ताले में कैद पाए गए। वहीं, इससे यह तो स्पष्ट हो ही जाता है कि जब शौचालयों पर ताला लटका हो तो आपात स्थिति में लोगों को खुले में ही शौच जाना पड़ सकता है। इतना ही नहीं कार्यालय के इर्द-गिर्द गंदगी का भी आलम बना हुआ है। जिसे देख मालूम होता है कि स्वच्छ भारत मिशन सिर्फ आम लोगों को जागरूक करने के लिए ही है, न कि सरकारी कार्यालयों पर लागू होता है।



### अभिनव जम्वाल एयरफोर्स में देशभर में नंबर वन पर



**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा के जसवां परागपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव बाड़ी के अभिनव जम्वाल ने एयरफोर्स में आल इंडिया में नंबर वन रैंक हासिल किया है जो कि प्रदेश और जसवां के लिए एक गौरव की बात है। बता दें कि अभिनव ने तीनों सेनाओं के लिए क्वालीफाई किया था जिसमें उन्होंने एयरफोर्स में पूरे देश में प्रथम स्थान हासिल किया और एयरफोर्स में अभी अधिकारी का पद ग्रहण करेंगे। अभिनव के पिता नरेश जम्वाल इंडियन नेवी में सूबेदार मेजर के रैंक पर हैं और इनके बड़े भाई आर्मी में मेजर हैं। वहीं, अभिनव को एयरफोर्स में प्रथम स्थान मिलने पर समस्त परिवार ने बधाई दी है।

### नीट की तैयारी को खुलेंगे कोचिंग सेंटर

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि नीट की परीक्षा की तैयारी हेतु शाहपुर विधानसभा के अंतर्गत शाहपुर तथा लंज में दो कोचिंग सेंटर खोले जाएंगे, ताकि बच्चों को परीक्षा की तैयारी के लिए बेहतर मार्गदर्शन मिल सके। उपमुख्य सचेतक आज राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शाहपुर के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि पठानिया ने कहा कि जहां-जहां शिक्षा की लौ पहुंचती है वह क्षेत्र अग्रणी होकर आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने बच्चों को गुणात्मक शिक्षा एवं बच्चों के लिए विभिन्न कार्यक्रम शुरू किए हैं। उन्होंने कहा कि अब अध्यापकों के साथ-साथ बच्चों को भी एक्सपोजर हेतु विदेश भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि शाहपुर नगर पंचायत के सात वार्डों के लिए सीवरेज योजना पर 56 करोड़ की धनराशि व्यय की जाएगी, जिसमें 14 करोड़ के कार्य प्रगति पर हैं। उन्होंने बताया कि 1.50 करोड़ से मॉडर्न थाने के भवन का निर्माण कार्य जारी है और इसे शीघ्र ही पूरा कर लिया जाएगा। एसडीएम शाहपुर करतार चंद ने भी इस अवसर पर अपने विचार रखे। उन्होंने स्कूल द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों को इस नर्सरी की अच्छी देखभाल हेतु अध्यापकों के साथ-साथ माता-पिता भी अपना पूरा सहयोग दें। अभिभावक अपने बच्चों का ही नहीं अपितु गांव के सभी बच्चों का उचित मार्गदर्शन करें। प्रधानाचार्य अनिल जरयाल ने मुख्यातिथि तथा अन्य आए हुए मेहमानों का स्वागत किया एवं उपमुख्य सचेतक का कार्यक्रम में आने पर आभार जताया। उपमुख्य सचेतक ने वर्षभर में विभिन्न गतिविधियों में अव्वल रहे बच्चों को सम्मानित किया। इस अवसर पर शाहपुर की अध्यक्ष उषा शर्मा, तहसीलदार दीक्षांत ठाकुर, अधिशासी अभियंता विद्युत अमित शर्मा, पूर्व सीएमओ डॉ. सुशील शर्मा, प्रधानाचार्य शमशेर भारती, जिप सदस्य नीना ठाकुर,सुरजीत राणा, डीडी शर्मा, प्रदीप बलौरिया, उपमुख्य सचेतक के सलाहकार विनय, एसएचओ करतार सिंह आदि उपस्थित रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत गुनेहड़**
**विकास खंड बैजनाथ , जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत गुनेहड़ में वाटर कूलर और जिम खोलने की निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। अतः इच्छुक सप्लायर दिनांक 24.12.2024 से 30.12.2024 तक सील बंद लिफाफे में पंचायत प्रधान या पंचायत सचिव के पास जमा करवाएं। निविदाएं दिनांक 04.01.2025 को 11 बजे खोली जाएंगी। निविदाओं को स्वीकार या रद्द करने का निर्णय केवल ग्राम पंचायत गुनेहड़ का होगा। सप्लायर के पास अपना जीएसटी नं. होना अनिवार्य होगा।

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत गुनेहड़



## धीरा स्कूल में मेधावी सम्मानित

**डरोह।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धीरा में मंगलवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष संजय सिंह चौहान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुशील कुमार धीमान ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा इस मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। चौहान ने कहा कि प्रदेश की सुक्खू सरकार विद्यालयों में गुणात्मक शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए कृत संकल्प है। इससे पूर्व विद्यालय परिसर पहुंचने पर मुख्यातिथि संजय सिंह चौहान का विद्यालय प्रबंधन द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया और शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट करके उन्हें सम्मानित किया। विद्यालय प्रबंधन की और से विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों और अन्य गण्यमान्य लोगों को संजय सिंह चौहान ने सम्मानित किया।

# चरणबद्ध तरीके से पंचायत घरों का होगा निर्माण : पठानिया

## रैत ब्लॉक के सद्दूं में पंचायत भवन का किया शिलान्यास

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**



उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि सभी पंचायतों में चरणबद्ध तरीके से पंचायत घरों का निर्माण किया जाएगा, ताकि पंचायत स्तर पर कामकाज निपटाने के लिए बेहतर सुविधा मिल सके। उपमुख्य सचेतक ने रैत ब्लाक के सद्दू में 33 लाख की लागत से निर्मित होने वाले पंचायत घर तथा लगभग 16 लाख से मत्स्य तालाब एवं इन्टेक चैनल का शिलान्यास करने के उपरांत कहा कि राज्य सरकार ने पंचायतीराज संस्थाओं के माध्यम से स्थानीय निकायों को सुदृढ़ करने के लिए नए पंचायत घरों के निर्माण के लिए चालू वित वर्ष में 24 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत किया गया है।

पठानिया ने कहा कि सद्दू पंचायत के पानी बिजली सड़को के सुधारीकरण का काम जारी है ताकि आम जनमानस को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि एक करोड़ 6 लाख से बनने वाली पानी की स्कीम से सद्दू पंचायत में पेयजल की बेहतर सुविधा मिलेगी।

उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार पिछले दो वर्षों से समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए कार्य कर रही है तथा उनके कल्याण के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ विभिन्न योजनाएं कार्यक्रम लागू किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि विधवाओं के 27 वर्ष तक के बच्चों की उच्च शिक्षा के खर्च के लिए एक नई योजना पर कार्य चल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश अनाथ बच्चों के लिए व्यापक देखभाल और सहायता सुनिश्चित करने के लिए कानून बनाने वाला देश का पहला राज्य बना है। उन्होंने कहा कि इस पहल के तहत 6,000 अनाथ बच्चों को 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' के रूप में अपनाया है तथा सरकार उनके कल्याण और शिक्षा को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद मिल सके। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि हिमाचल प्रदेश वर्ष 2027 तक आत्मनिर्भर और 2031 तक देश का सबसे समृद्धशाली राज्य बने।

उन्होंने कहा कि संसाधनों को बढ़ाने और फिजूलखर्ची को रोकने के लिए कड़े कदम उठा रहे है। आज जो कड़े फैसले सुक्खू सरकार ने लिए है वे आने वाले समय में हिमाचल प्रदेश को समृद्धि और विकास की राह पर लेकर जाएंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार सरकारी नीतियों में बदलाव लाकर अतिरिक्त राजस्व कमाने में सफल हो रही है। आबकारी नीति में बदलाव से पिछले वित्त वर्ष में 2631 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया गया। उन्होंने कहा कि हिमाचल दूध पर समर्थन मूल्य देने वाला पहला राज्य हिमाचल बना है इससे पशु पालकों की आमदनी में बढ़ोतरी होगी तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा।

## बच्चों के भविष्य को संवारने में शिक्षक की अहम भूमिका : चंद्र कुमार



**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** कृषि एवम पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने कहा है कि बच्चों के भविष्य को संवारने में शिक्षक की अहम भूमिका होती है। शिक्षक बच्चों को ज्ञान प्रदान करने के साथ-साथ उनके जीवन के विविध क्षेत्रों में सफलता की राह दिखाता है। यह उदगार कृषि मंत्री ने मंगलवार को जवाली विधानसभा क्षेत्र के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल गुगलाड़ा के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने स्कूल प्रबंधन को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से विद्यार्थियों तथा स्कूल प्रबंधन द्वारा वर्षभर के दौरान अर्जित उपलब्धियों को दर्शाने का विशेष अवसर प्राप्त होता है। चंद्र कुमार ने प्रदेश के सरकारी शिक्षण संस्थानों में बच्चों की संख्या को बढ़ाने के लिए अध्यापकों तथा अभिभावकों से विशेष प्रयास करने पर बल दिया। उन्होंने अध्यापकों को समय के साथ अपने आपको अपडेट करने तथा बेहतर शिक्षण शैली अपनाने का आह्वान किया, ताकि उसका लाभ अध्ययनरत बच्चों को मिल सके। उन्होंने शिक्षकों तथा अभिभावकों से बच्चों को नशे से दूर बनाए रखने के लिए भी सकारात्मक कदम उठाने का आग्रह किया। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। कृषि मंत्री ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों के लिए अपनी ऐच्छिक निधि से 11 हजार रुपए देने की घोषणा की।

## शिक्षा जीवन का अभिन्न अंग: मलेंद्र राजन

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**



विधायक मलेंद्र राजन को सम्मानित करते हुए प्रधानाचार्य रश्मि पठानिया व अन्य।

विधानसभा क्षेत्र इंदौरा के अंतर्गत राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोधवां में मंगलवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें स्थानीय विधायक मलेंद्र राजन ने बतौर मुख्यअतिथि के तौर पर शिरकत की।

स्कूल में पहुंचने पर राजन को प्रधानाचार्य रश्मि पठानिया द्वारा पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रवचल एवं पुष्प अर्पित करके किया। इस अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा कई रंगारंग प्रोग्राम प्रस्तुत कर आए हुए मेहमानों की खूब वाह वाह बटोरी।

इस मौके पर राजन ने कहा के शिक्षा मनुष्य के जीवन का अभिन्न अंग है और छात्रों को मन लगाकर पढ़ाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत से ही जीवन में लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है और सफलता प्राप्त करने का कोई शॉर्टकट नहीं होता। विधायक ने कहा के सरकारी स्कूलों में सही मापदंड न होने के चलते स्टूडेंट्स की संख्या लगातार कम हो रही है जिसके तहत मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा कड़ा फैसला लेते हुए करीब 800 स्कूलों में एक भी बच्चा शिक्षा ग्रहण नहीं करता था, को बंद करने का एक साहसिक फैसला लिया गया जो कि सराहनीय कदम है। इस मौके पर उन्होंने बच्चों के प्रोत्साहन के लिए 21 हजार की राशि भी देने की घोषणा की। इस मौके पर इंदौरा कांग्रेस कमेटी के प्रधान देवेंद्र मनकोटिया, पूर्व ब्लाक इंदौरा के अध्यक्ष विकास चम्बयाल, मास्टर ओंकार थाना प्रभारी कल्याण सिंह ठाकुर तथा अन्य विभागों के कर्मचारी इस मौके पर उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## एयरपोर्ट पर सुनवाई अब 31 दिसंबर को

**गगल।** प्रदेश उच्च न्यायालय में गग्गल हवाई अड्डे के विस्तार को लेकर आज भी सरकार की ओर से बो रिपोर्टें पेश नहीं की गई जो रिपोर्टें एयरपोर्ट विस्तारीकरण से जुड़ी हुई थी आज सरकारी पक्ष के वकील ने न्यायालय को बताया के जिन अधिवक्ता ने यह रिपोर्टें पेश करनी थी। वह आज बीमार होने की वजह से न्यायालय में पेश नहीं हुए। जिस पर माननीय न्यायालय ने अब अगली सुनवाई 31 दिसंबर को रखी है। जानकारी देते हुए संघर्ष समिति के अध्यक्ष रजनीश मोना ने बताया के अब इलाकावासियों की नजरें बेसब्री से अदालत के फैसले का इंतजार कर रही है। जनता को न्यायालय पर विश्वास है कि न्यायालय जनता के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय नहीं होने देंगे।

## क्रिसमस को लेकर जिला पुलिस प्रशासन ने निर्देश किए जारी

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**



क्रिसमस को लेकर धर्मशाला, मैक्लोडगंज, पालमपुर व अन्य पर्यटन क्षेत्रों में पुलिस की पूरी नजर रहेगी। 25 दिसंबर के दिन क्रिसमस पर पर्यटकों को किसी प्रकार की परेशानी की सामना करना पड़े इसको लेकर कांगड़ा के एएसपी बीर बहादुर ने धर्मशाला में पत्रकारों को बताया कि क्रिसमस को लेकर पर्यटन क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया है तथा इसके लिए थाना प्रभारियों को भी निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि कांगड़ा पुलिस की ओर से यातायात की वन-वे व्यवस्था की जाएगी। जाम की स्थिति से निपटने के लिए पुलिस की ओर से इस व्यवस्था को लागू किया जाएगा। साथ ही यातायात और सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से पुलिस की ओर से मैक्लोडगंज के अलावा अतिरिक्त पुलिस यूनिट भी तैनात की जाएगी।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

**सूचना**

**मैं इंदु शर्मा** (43 वर्ष) पत्नी श्री पवन कुमार निवासी गांव व डाकघर बड़ी, सब तहसील राजा का तालाब, तहसील फतेहपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.) 176051 घोषणा करती हूं कि मेरे बेटे आदित्य शर्मा जन्म दिनांक 22.10.2007 व अरनब शर्मा जन्म दिनांक 05.09.2013 के जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम इंदु बाला गलत दर्ज है। जबकि मेरा सही नाम इंदु शर्मा है। मेरे बेटों के जन्म प्रमाण पत्रों में मेरा सही नाम इंदु शर्मा दर्ज किया जाए। मेरे बेटे आदित्य शर्मा के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम आदित्य दर्ज है जोकि गलत है। उसका सही नाम आदित्य शर्मा है। सबंधित नोट करें।

## धर्मशाला में निक्षय मित्र योजना को सुदृढ़ बनाने पर दिया जोर

**धर्मशाला।** धर्मशाला में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला कांगड़ा में निक्षय दिवस अभियान की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी मीटिंग हाल में किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश सूद ने की। बैठक का संचालन करते हुए जिला स्वास्थ्य व क्षय रोग उन्मूलन अधिकारी जिला कांगडा डॉ. राजेश सूद ने कार्यक्रम के अंतर्गत चल रही गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी, एसएमओ, जिला खंड चिकित्सा अधिकारी आदि ने भाग लिया। इस समीक्षा बैठक में शिल्पी पांडेय, पीएमटीबीएमबीए कंसल्टेंट, हिमाचल प्रदेश ने भी टीबी मुक्त अभियान को सफल बनाने के लिए सभी के सहयोग को सराहा। डॉ. राजेश सूद ने बताया निक्षय पोषण योजना के लिए 1429 रोगियों ने सहमति जताई जिनमे 1295 को निक्षय मित्रों ने पोषण सहायता दी। इस बैठक में लायन्स क्लब धर्मशाला अध्यक्ष रामपाल चोपड़ा सदस्यों सहित उपस्थित रहे।

## हिमालयन के बच्चों ने मनाया क्रिसमस-डे

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**



हिमालयन के बच्चों ने क्रिसमस बड़ी धूमधाम से मनाया। किड्स किंगडम स्कूल में मंगलवार को क्रिसमस-डे पर प्रभु यीशु के जन्म से संबंधित बच्चों ने नृत्य कर जन्मदिवस को मनमोहन मनाया।

इस कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से सीनियर केजी के बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने नाटक मंचन भी प्रस्तुत किए व अपनी-अपनी कला का प्रदर्शन किया। क्रिसमस-डे सॉन्ग पर बच्चों ने नृत्य कर जमकर धूम मचाई। सेंटा क्लाज के रूप में सजे छोटे-छोटे बच्चों ने सब का मन अपनी और आकर्षित किया। इस अवसर पर सेंटा क्लाज ने बच्चों को उपहार बांटे और कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने मिलकर औद्योगिक परिक्षेत्र का भ्रमण किया। इस अवसर पर विद्यालय के निर्देशक अनुराग गुप्ता ने बच्चों व सभी अभिभावको के साथ मिलकर केक काटा और इस जन्म दिवस को मनाया। अंत में इस अवसर पर सबको शुभकामनाएं देते हुए एकता और भाईचारे का संदेश दिया और कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ उनमें उत्साह एवं रुचि बढ़ती है व आगे बढने की प्रेणा मिलती है । क्रिसमस के साथ-साथ नव वर्ष के आगमन की भी सबको शुभकामनाएं दीं।

## दिल्ली कॉन्वेंट स्कूल में पंजाबी भांगड़े पर मची धमाल

**सालबिया शर्मा, गरली**



दिल्ली कॉन्वेंट स्कूल लोअर सुनहेत में मंगलवार को वार्षिक को पारितोषिक समारोह बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्कूल प्रबंध निदेशक डॉ. प्रवीण राजपूत की अध्यक्षता मे आयोजित हुए इस समरोह मे बतौर चीफ गेस्ट पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने शिरकत की।

प्रधानाचार्य गुंजन परमार व प्रबंधक निदेशक डॉ. प्रवीण राजपूत आदि ने अनुराग ठाकुर का कैंपस पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित सरस्वती गणेश वंदना से हुई। स्टूडेंट्स ने नाटी दा चस्का बुरा, पहाडी नाटी, झमाकड़ा, पंजाबी भांगड़ा आदि प्रस्तुत किए। अनुराग ठाकुर ने बच्चों के कार्यक्रम की सराहना करते हुए होंसलाफजाई की। अनुराग ने कहा कि आजकल के समय में बच्चों को फोन नशे से दूर रखने के लिए अभिभावक व अध्यापकों की अहम भूमिका रहती है। हमें इन चीजों को दूर रखने का प्रण करना होगा। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव शर्मा, मंडल अध्यक्ष निर्मल सिंह, महामंत्री जगदीप ढडवाल, रणजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

**PARAS PUBLIC SR. SEC. SCHOOL**
BHAWARNA TEH. PALAMPUR DISTT. KANGRA
CBSE Affiliation No-630178, "A School with a Universal Vision"
Committed to provide a robust, vibrant and holistic school education
Wish you a Very Happy Christmas & New Year 2025
Adm./Registration Opened for Session: 2025-2026

Salient Features
E. Learning With Smart Class & LEDs. Hi-Tech Comp. Labs. Well Equipped Science Labs & Library. Frequent Career Counseling Programmes. Sports:- Cricket, Boxing, Chess, T.T., Basket Ball, Kabaddi. Regular Parent Teacher Meet. Ovens in Junior Classes. Water Refrigerators. Regular Yoga, Music, Dance Classes, Karate, Scouts & Guides. Skill Based Programmes. Fun & Educational Excursions. Teacher Cum Student's Workshop. Outstanding CBSE Class 10th & 12th Result Every Year. Well educated and experienced Staff. School Transport Facility. Well equipped Play way Rom

Staff Required:- (1) P.G.Ts - English, Commerce, Chemistry, Bio, Physics, Maths. (2) T.G.Ts- S.St., English, Skt. (3) Librarian, M.P. Ed., Yoga, Psychology, Computer, Drawing, Dance Teachers, Music Instrumental, Accountant /Clerk, Office Manager, Co-ordinator. (4) Drivers, Peons and Watchman. Submit Resume with passport size photograph at the earliest up to 30th December 2024.

Contact: 94187-45807, 98059-63037
Email Id. paraspublicschool786@gmail.com

## भागवत के मूल्यवान सुझाव पर भारत को करना चाहिए विचार : शांता कुमार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि मैं स्वामी रामदेव का बहुत अधिक सम्मान करता हूं। उन्होंने योग को घर-घर तक पहुंचाया। इतना ही नहीं महात्मा गांधी के सपने स्वदेशी को साकार कर दिखाया और देश के लाखों लोगों को रोजगार भी दिया, लेकिन उन्होंने जो मोहन भागवत के सुझाव पर जो कुछ कहा उस पर वे पुनर्विचार करें।

उन्होंने कहा हजारों साल पुराने इतिहास को बदला नहीं जा सकता। भारत में विदेशी आक्रमणकारी आए। मंदिरों को तोड़कर मस्जिदें बनाईं। उस समय देश उनका मुकाबला नहीं कर सका। यह बड़ी सच्चाई है कि आज भारत का मुसलमान उन हिंदुओं का वशंज है, जिन्होंने किसी कारण अपना धर्म बदला। आज का मुसलमान मंदिर तोड़ कर मस्जिद बनाने वालों का वशंज है। उन्होंने कहा कि इस सच्चाई को सर्वोच्च न्यायालय के अवकाश प्राप्त मुख्य न्यायधीश मुहम्मद करीम छागला ने स्वीकार करते हुए कहा था मेरी रगों में हिंदु ऋषि मुनियों का खून दौड़ता है। मेरे बुजुर्गों ने केवल पूजा करने का तरीका बदला था। सैंकड़ों साल तक भारत ने गुलामी के दिन देखे।

शांता ने कहा कि मोहन भागवत ने जो मूल्यवान सुझाव दिया है उस पर सारे भारत को गंभीरता से विचार करना चाहिए। सरदार पटेल के प्रयत्नों से सोमनाथ मंदिर का उद्धार हो गया था। अयोध्या में राम मंदिर भी बन गया। हिंदु, मुसलमान नेताओं को बैठकर काशी और मथुरा को भी मुकदमेंबाजी से अलग होकर हिंदुओं को सौंप देना चाहिए। यह चार स्थान भारत के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के लिए परम आवश्यक हैं।

जय गुरुदेव
WELCOME
जय गुरु रविदास जी
रविदास सोइ साधु भलो जो पर उपकार कमाय। जइसोइ कहहि वहिसोई करहि आपा नांही जताय॥
हरि मानव एकता संत सम्मेलन
25 दिसम्बर 2024
सद्‌गुरु रविदास महाराज जी
ब्रह्मलीन श्री श्री 108 स्वामी जगत गिरि जी महाराज
द्वारा:- स्वामी जगत गिरि चैरीटेबल ट्रस्ट

## न्यूज ब्रीफ

### झंडूता स्कूल में वार्षिक समारोह की धूम



**अनंत ज्ञान, झंडूता।** शाहिद अश्विन कुमार स्मारक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला झंडूता का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें मुख्यातिथि विवेक कुमार पूर्व अध्यक्ष कृषि उत्पाद विपणन समिति बिलासपुर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इससे पहले प्रधानाचार्य पवन संख्यान ने मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों और बच्चों के अभिभावकों का स्वागत किया तथा स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पेश की। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबको मंत्र मुक्त किया। मुख्यातिथि विवेक कुमार ने बच्चों को पढ़ाई खेलकूद एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों में अव्वल रहे विद्यार्थियों को पुष्कृत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने बास्केटबॉल स्टेडियम बनाने का आश्वासन दिया व स्टेडियम पर सेड बनाने के लिए 3 लाख देने की घोषणा की।

### विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहने की ली शपथ



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** हिमाचल प्रदेश सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा नेशनल एक्शन प्लान फॉर ड्रग डिमांड रिडक्शन के अंतर्गत संतोषी आईटीआई, घुमारवीं में संवाद सत्र 'जैम सेशन' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर नियोजक, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने की। कार्यक्रम में मंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार नशे के उन्मूलन के लिए जागरूकता, परामर्श और कानूनी कार्रवाई जैसे अनेक कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि नशा केवल व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर नहीं करता, बल्कि परिवार और समाज के विकास में भी बाधा डालता है। मंत्री ने युवाओं से आग्रह किया कि वे न केवल स्वयं नशे से दूर रहें, बल्कि अपने परिवार और समुदाय को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें। उपस्थित लोगों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई।

### समारोह में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किए पेश



**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोठीपुरा, जिला बिलासपुर में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता सरपाल ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। प्रधानाचार्या निर्मला ठाकुर ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विद्यालय और विद्यार्थियों की साल भर की उपलब्धियों को रेखांकित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने खेलकूद, शैक्षिक, सह-शैक्षिक और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हंस राज, कोठीपुरा पंचायत की प्रधान पिंकी देवी व उप प्रधान जगदीश ठाकुर, राजपुरा पंचायत की प्रधान हेमा देवी, भारतीय वायुसेना से सेवानिवृत वारंट ऑफिसर भंडारी राम ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कर समारोह की शोभा बढ़ाई।

### नुक्कड़ नाटक से लोगों को बताई योजनाएं



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** कुड्डी और दयोली पंचायतों में सूचना एवं जन-संपर्क विभाग, हिमाचल प्रदेश तथा जिला लोक संपर्क विभाग, बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में नटराज सांस्कृतिक कला मंच, घुमारवीं के कलाकारों ने अंतरराष्ट्रीय नृत्यांगना फूलां चंदेल के नेतृत्व में जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण जनता को राज्य सरकार की जनहितैषी और कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करना था। कलाकारों ने गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उपस्थित लोगों को सुख आश्रय योजना, पुरानी पेंशन योजना, आपदा राहत मुआवजा वृद्धि, और इंदिरा गांधी प्यारी बहना योजना जैसी योजनाओं के लाभ और कार्यान्वयन के बारे में बताया। कुड्डी पंचायत में कार्यक्रम में पंचायत सचिव श्री बृज लाल ठाकुर, पंचायत सदस्य, और महिला मंडल प्रधान कांता देवी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। दयोली पंचायत में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत प्रधान विमला सोनी और महिला मंडल प्रधान रीना ठाकुर ने की।

### महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति किया जागरूक



**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** निदेशालय महिला एव बाल विकास हिमाचल प्रदेश के सौजन्य से मिशन शक्ति योजना के तहत मंगलवार को अतिरिक्त उपायुक्त बिलासपुर डॉ निधि पटेल की अध्यक्षता में तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी बिलासपुर हरीश मिश्रा के मार्गदर्शन में जिला बिलासपुर के नारी शक्ति संगठन के संदर्भ में मंत्रालय महिला एवं बाल विकास भारत सरकार के अंतर्गत चलाई जा रही मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत एक दिवसीय शिवर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त बिलासपुर डॉ. निधि पटेल ने की। उन्होंने महिलाओं तथा बच्चों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए तथा शिक्षित बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी हरीश मिश्रा ने महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजना मिशन शक्ति के उद्देश्य तथा इसके अंतर्गत चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ उन्होंने महिलाओं तथा बच्चों के लिए चलाई जा रही विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में नारी शक्ति संगठन की सभी महिलाओं की समस्याओं की जनसुनवाई भी की गयी तथा उनका निवारण करने का आश्वासन दिया गया।

### शैक्षणिक गतिविधियों में अव्वल बच्चे सम्मानित



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं उपमंडल के तहत आने वाली मैहरी काथला में नवालोक आदर्श विद्यालय खनसरा मैहरी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम और रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए मनाया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्रधानचार्य उमेश दत्त शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। जब कि कार्यक्रम की अध्यक्षता विशिष्ट सेवा प्रमाण पत्र प्राप्त सेवा निवृत्त शिक्षक अमीचंद शर्मा ने की। इस दौरान कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम, दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विद्यालय प्रबंधक बाबूलाल धर्मानी ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह व टोपी भेंट कर सम्मानित किया।

इस उपलक्ष्य पर मुख्याध्यापिका सुमन चंदेल ने शिक्षा, खेलकूद, सांस्कृतिक, संस्कृत, बाल विज्ञान मेला आदि विविध गतिविधियों में उत्तम प्रदर्शन तथा राज्य स्तर तक विद्यालय का नाम रोशन करने वाली छात्राओं का विवरण प्रस्तुत करते हुए वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। छात्राओं ने इस समारोह में विविध रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। अंत में मुख्य अतिथि ने सभी बच्चों की प्रस्तुतियों और उनके द्वारा किए गए उत्तम प्रदर्शन को सराहा। वर्ष भर शैक्षणिक तथा अन्य गतिविधियों में अव्वल रहने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया गया।

# बिलासपुर अस्पताल में एक्स-रे सुविधा बहाल

## काफी दिनों से अस्पताल में खराब हो गई थी एक्स-रे मशीन, अब मरीजों को मिली राहत

शुभम राही, बिलासपुर




अनंत ज्ञान इंपैक्ट

क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में एक बार फिर से एक्स-रे सुविधा बहाल हो गई है। काफी दिनों से खराब पड़ी मशीन को अस्पताल प्रशासन ने ठीक करवा दिया है और अब मरीजों के एक्स-रे अस्पताल परिसर में निःशुल्क हो रहे हैं। अस्पताल में बंद हुई एक्स-रे सुविधा से मरीजों को अपना एक्स-रे करवाने के लिए मार्किट में जाना पड़ रहा था साथ ही उनको इसके लिए महंगें दाम भी चुकाने पड़ रहे थे। ऐसे में अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। ऐसे में अस्पताल प्रशासन हरकत में आया और उन्होंने तुरंत प्रभाव से अस्तपाल में खराब हुई एक्स-रे मशीन को ठीक करवाया। आपको बता दें कि अस्पताल में लगभग 10 से अधिक दिनों तक एक्स-रे सुविधा बंद पड़ी हुई थी। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि एक्स-रे मशीन के साफटवेयर में कुछ दिक्कत आ गई थी। ऐसे में उन्होंने इसको अब ठीक करवा दिया है और मरीजों को इसकी एक बार फिर से सुविधा मिलना शुरू हो गई है। गौरतलब है कि सर्दियों के मौसम में जुखाम और बुखार के अधिक मरीज जिला अस्पताल में पहुंच रहे हैं। वहीं, अधिकतर ऐसे मरीजों की जांच छाती के एक्स-रे के बाद ही की जाती है। लेकिन बिलासपुर अस्पताल में काफी दिनों से खराब पड़ी एक्स-रे मशीन की वजह से काफी दिक्कतें हो रही थी। अब फिर से सुविधा बहाल होने की वजह से मरीजों को इसकी सुविधा मिल रही है। (अनंत ज्ञान)



'बिलासपुर अस्पताल में एक्स-रे सुविधा शुरू हो गई है। मशीन के सॉफ्टवेयर में कुछ दिक्कत आ गई थी, लेकिन उसको अब ठीक करवा दिया गया है। मरीजों को बेहतर सुविधा देने के लिए अस्पताल प्रशासन दिन-रात कार्यरत हैं और मरीजों को असुविधा नहीं होगी।

-डॉ. एके सिंह, चिकित्सा अधीक्षक बिलासपुर।

### आधुनिक तकनीक से लैस है एक्स-रे मशीन

**आपको** बता दें कि अस्पताल प्रशासन की ओर से अस्पताल में आधुनिक तकनीक से लैस एक्स-रे मशीन है। यहां पर प्रत्येक प्रकार के एक्स-रे यहां पर किए जाते है। वहीं, खास बात यह है कि यहां पर सभी एक्स-रे सुविधा निःशुल्क मरीजों को मिलती है। लेकिन कुछ समय से मशीन खराब होने की वजह से यहां पर मरीजों को दिक्कतें और सबसे अधिक असर उनकी जेब पर पड़ रहा था। वहीं, इस सारे मामले की जानकारी जब चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एके सिंह को पता चला तो उनकी ओर से तुरंत कंपनी को पत्र लिखा गया और उनसे फोन पर भी संपर्क किया गया। कंपनी की ओर से यहां पर पहुंचे कर्मचारी ने इस मशीन को ठीक किया और अब यहां पर एक्स-रे सुविधा फिर से शुरू हो गई है, जिससे अब लोगों को परेशानी नहीं होगी।

# कीरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर दुर्घटनाओं से परेशान लोगों ने एडीसी को दिया ज्ञापन



अतिरिक्त उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए किसान मोर्चा के सदस्य।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

कीरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं से परेशान क्षेत्र के लोगों ने भाजपा किसान मोर्चा घुमारवीं मंडल के अध्यक्ष एवं औहर पंचायत के पूर्व प्रधान देश राज शर्मा की अगुवाई में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. निधि पटेल को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में देश राज शर्मा ने कहा है कि कीरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर स्टेट बैंक औहर के पास आए दिन स्थानीय लोग सड़क दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। अभी तक 7-8 लोग सड़क को पार करते समय वाहन की चपेट में आने से मौत के आगोश में समा चुके हैं।

उन्होंने तर्क दिया कि फोरलेन के दोनों ओर ग्रामीणों की जमीनें हैं। जिस कारण लोगों को कृषि कार्य और पशुओं के लिए घास आदि लाने के लिए सड़क के आर-पार जाना पड़ता है। जिस कारण सड़क को पार करते अक्सर लोग दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं।

उन्होंने कहा है कि इसी प्रकार कल्लर व पलथीं में भी सड़क को पार करने के लिए ओवर फुट ब्रिज नहीं है। जिला प्रशासन से मांग की है कि औहर, पलथीं और कल्लर में लोकहित में ओवर फुट ब्रिज बनाए जाएं ताकि लोग सड़क दुर्घटना का शिकार होने से बच सकें। चेतावनी दी है कि यदि तीनों जगहों पर शीघ्र ओवर फुट ब्रिज न बनाए गए तो लोकहित में किसान मोर्चा को विरोध करना पड़ेगा।

वहीं, अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. निधि पटेल ने लोगों को आश्वासन दिया कि इस बारे में प्रशासनिक स्तर पर शीघ्र ही उचित कदम उठाए जाएंगे। इस अवसर पर गुरदेव शर्मा, मजनू राम, मनोहर लाल, कश्मीर सिंह, श्रवण, विक्रम ठाकुर, आकाश, मदन लाल, अनमोल धीमान व विशाल आदि मौजूद रहे।

# कार सवार 3 युवकों से 13.86 ग्राम चिट्टा बरामद

अनंत ज्ञान, बिलासपुर



पुलिस के साथ काबू आरोपी।

थाना सदर पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान कीरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर मंडी भराड़ी में कार सवार 3 युवकों से 13.86 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। जानकारी के अनुसार थाना सदर पुलिस गत रात को गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान पुलिस द्वारा मंडी-भराड़ी में नाका लगाकर आवागमन करने वाले वाहनों का निरीक्षण किया जा रहा था।

इस दौरान चंडीगढ़ की तरफ से आई एक कार नंबर एचपी87-0913 को निरीक्षण के लिए रोका गया। कार में 3 युवक सवार थे। पुलिस को सामने देखकर संबंधित युवक घबरा गए। पुलिस ने जब कार की तलाशी ली तो यह चिट्टा बरामद किया। आरोपियों की पहचान 28 वर्षीय मुनीष कुमार निवासी थुनाग जिला मंडी, 28 वर्षीय अंकुश गुप्ता निवासी तांदी डाकघर थुनाग जिला मंडी व 34 वर्षीय नितेश गुप्ता निवासी देहरी डाकघर चतरोखड़ी तहसील सुंदरनगर जिला मंडी के रूप में हुई। एएसपी बिलासपुर शिव चौधरी ने बताया कि थाना सदर पुलिस द्वारा मामले की आगामी कार्रवाई की जा रही है।

# 25 लीटर कच्ची शराब बरामद

**श्री नयना देवी जी।** थाना कोट कहलूर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक घर में दबिश देकर वहां से 25 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। जानकारी के अनुसार थाना कोट कहलूर पुलिस गत सायं गश्त कर रही थी। जब पुलिस मजारी पुल के पास पहुंची तो पुलिस को सूचना मिली कि मजारी में एक व्यक्ति द्वारा कच्ची शराब बेचने का धंधा किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान पुलिस को एक 40 लीटर की कैनी मिली जिससे 25 लीटर शराब निकली। पुलिस ने इंद्रजीत सिंह निवासी मजारी तहसील श्री नयना देवी जी के विरुद्ध थाना कोट कहलूर में मामला दर्ज कर लिया। एएसपी बिलासपुर शिव चौधरी ने बताया कि थाना कोट कहलूर पुलिस द्वारा मामले की आगामी कार्रवाई की जा रही है।

# रेट-वेट-डेट और बिल का ध्यान रखें उपभोक्ता



जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मौजूद विद्यार्थी व अन्य।

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में (एचईआईएस हायर एजुकेशन इंस्टिट्यूट सोसायटी) में बीबीए विभाग ने राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया।

महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. प्रीतम लाल ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने विद्यार्थियों को उपभोक्ताओं के अधिकारों के लिए जागरूक किया। इससे पूर्व एचईआईएस के सचिव डॉ.सुरेश शर्मा ने विद्यार्थियों से इस दिवस की विशेष जानकारी के लिए प्रश्न पूछे।

डॉ. सुरेश ने शर्मा कहा कि जागरूक उपभोक्ताओं कोई भी वस्तु खरीदने से पहले रेट, वेट तथा डेट की जानकारी होनी चाहिए तथा कोई भी वस्तु खरीदने के उपरांत उसके बिल प्राप्त करना चाहिए। इस रैली में बीबीए विभाग के समन्वयक प्रो. अनिल, विभागाध्यक्ष प्रो.रजनी, डॉ. रवि तथा प्रो.भारती साथ रहे।

# बी.वॉक कार्यक्रम के लिए प्रेरक सत्र आयोजित

**अनंत ज्ञान, दधोल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल में बी.वॉक कार्यक्रम के लिए प्रेरक (मॉबिलाइजेशन) सत्र आयोजित हुआ। राजकीय महाविद्यालय कलरी से प्रोफेसर राजीव चौहान व प्रोफेसर गौरव संख्यान द्वारा यह सत्र आयोजित किया गया। राजीव हॉस्पिटैलिटी और टूरिज्म में विशेषज्ञता रखते हैं, जबकि गौरव खुदरा प्रबंधन (रिटेल मैनेजमेंट) पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि रिटेल मैनेजमेंट में बीवोक. कार्यक्रम 3 वर्षीय स्नातक व्यावसायिक डिग्री है, जो छात्रों को खुदरा के क्षेत्र में ज्ञान प्रदान करती है। यह कार्यक्रम इंटर्नशिप, फील्ड स्टडीज और उद्योग विशेषज्ञों के साथ संवाद के माध्यम से व्यावहारिक अनुभव भी प्रदान करता है।

# बिलासपुर में कांग्रेस नेताओं ने निकाली विरोध रैली




अनंत ज्ञान, बिलासपुर

मंगलवार को बिलासपुर मुख्यालय पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा धरना प्रदर्शन दिया गया। संसद में बाबा साहब पर की गई टिप्पणी का कांग्रेस कमेटी ने विरोध किया। नगर के सर्किट हाउस से लेकर डीसी ऑफिस तक विरोध रैली निकाली गई। इस मौके पर कांग्रेस समेत सभी दलों ने सरकार को लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यों की प्रतिबद्धता याद दिलाई।

उन्होंने कहा कि दुख की बात ये है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमित शाह को सीख देने के बजाय आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति तेज कर दी। कांग्रेस समेत प्रतिपक्ष ने पीएम मोदी से अमित शाह के इस्तीफे की माग की है, लेकिन मोदी सरकार डॉ. अंबेडकर के अपमान को अपराध मानने को तैयार नहीं है।

उल्टे बीजेपी ने संसद की कार्रवाई ठप्प रखी यही नहीं अपनी मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस सांसदों के साथ धक्कामुक्की की गई पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को गिरा दिया गया। बीजेपी ने षड्यंत्र के तहत नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ संगीन धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज करा दी गई। इस मौके पर सदर पूर्व विधायक बंबर ठाकुर, कांग्रेस नेता विवेक कुमार, अंजना धीमान, पूर्व विधायक तिलक राज, गौरव शर्मा, नईम मोहम्मद, कमलेंद्र कश्यप सहित अन्य कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

# बच्चे शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार भी सीखें : रमेश कुमार

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल बरमाणा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बरमाणा पंचायत के पूर्व प्रधान रमेश कुमार संध्यार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की जबकि बरमाणा के ही पूर्व बीडीसी सदस्य राकेश शर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एसएमसी प्रधान सुमन ठाकुर, स्कूल के प्रिंसिपल पुष्पेंद्र चंदेल, तथा शिक्षक प्रदीप कुमार, रेणु देवी, पूजा चंदेल, ज्योति शर्मा और सहायिका पूजा शर्मा ने अतिथियों का भव्य स्वागत किया।

मुख्यातिथि रमेश कुमार संध्यार ने इस आयोजन की सराहना की और कहा कि आज के समय में ऐसे आयोजन बच्चों के मानसिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार और गलतियों से सीखने की प्रेरणा देने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर स्कूल के छात्रों ने पहली से आठवीं कक्षा तक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्यातिथि रमेश कुमार संध्यार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। समारोह के दौरान छात्रों और उनके अभिभावकों में विशेष जोश और खुशी का माहौल देखने को मिला।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद मुख्य मेहमान व अन्य।

# जिला मुख्यालय पर मैहथी पंचायत के लोगों और विधायक का प्रदर्शन

अनंत ज्ञान, बिलासपुर



मैहथी पंचायत के लोगों ने विधायक रणधीर शर्मा के नेतृत्व में जिलाधीश कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया और मैहथी पंचायत प्रधान का निलंबन रद्द करने की मांग को लेकर एडीसी बिलासपुर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि मैहथी पंचायत की प्रधान मीना देवी को निलंबित करना जहां अलोकतांत्रिक है वहीं असंवैधानिक भी है। बिना कारण बिना नोटिस दिए जनता द्वारा चुने हुए प्रधान को निलंबित करना तानाशाही पूर्ण फैसला है।

विधायक रणधीर शर्मा ने कहा कि बिलासपुर जिला प्रशासन राजनीतिक दबाब में काम कर रहे हैं और सरकार के कर्णधार राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से काम कर रहे हैं तथा भाजपा समर्थित प्रधानों को प्रताड़ित कर रहे है।

मैहथी पंचायत के प्रधान को निलंबित करना साबित करता है कि कांग्रेस सरकार के कर्णधारों का लोकतंत्र में विश्वास नहीं रहा। विधायक ने कहा कि इस अलोकतांत्रिक निर्णय का विरोध हर तरह से किया जाएगा और जरूरत पड़ी तो न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाया जाएगा। आपको बता दें कि सोमवार को उपायुक्त बिलासपुर ने ग्राम पंचायत मैहथी के प्रधान, उप प्रधान को उनके पद से निलंबित कर दिया है।

ग्राम पंचायत मैहथी में बीते दो वर्ष से प्रधान, उप प्रधान, अन्य पदाधिकारियों के आपसी विवादों के कारण पंचायत की कार्रवाई बाधित हो रही थी। स्थानीय लोगों और पंचायत पदाधिकारियों ने प्रधान पर पंचायत कार्यों में उनके पति के हस्तक्षेप और धमकाने के आरोप भी लगाए थे। पंचायत बैठकों में कोरम पूरा न होने के कारण विकास कार्य ठप पड़े थे। पंचायत की मासिक बैठकों में विवादों के चलते कोई प्रस्ताव पारित नहीं हो सका।

**रोष** बिलासपुर मुख्यालय पर रोष रैली निकालकर राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

# डॉ. अंबेडकर पर टिप्पणी के खिलाफ संयुक्त संघर्ष मोर्चा का धरना

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर



प्रदर्शन करते हुए संयुक्त मोर्चा के सदस्य।

भारत के संविधान निर्माता एवं भारत रतन डॉ. भीम राव अंबेडकर जी को लेकर संसद में उनके विरुद्ध देश के गृह मंत्री अमित शाह द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर मंगलवार को हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी एवं अल्प संख्यक वर्ग संयुक्त संघर्ष मोर्चा के बैनर तले जिला मुख्यालय पर जोरदार धरना एवं प्रदर्शन किया गया।

संयुक्त संघर्ष मोर्चा के प्रदेश महामंत्री तारा चंद रणौट की अगवाई में पूरे प्रदेश में हो रहे इस विरोध प्रदर्शन के तहत बिलासपुर में एसी टू डीसी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया गया।

इससे पूर्व स्थानीय परिधि गृह में आयोजित बैठक में संयुक्त संघर्ष मोर्चा के बैनर तले जुड़े संत कबीर दास महासभा, संत नामदेव महासभा, संत गुरु रविदास महासभा, महर्षि वाल्मीकि सभा,

**कहा- डॉ. अंबेडकर ने महिलाओं को शिक्षा और सम्मान से जीने का दिया अधिकार**

एससीएससी कंपोनेंट प्लान, अंबेडकर एससी यूथ क्लब, व अन्य संगठनों के पदाधिकारियों ने बैठक कर गृहमंत्री के बयान की कड़ी निंदा और आलोचना की।

वहीं बैठक को संबोधित करते हुए विभिन्न वक्ताओं ने कहा कि गृहमंत्री का बयान दर्शाता है कि अभी भी इनके जहन में मनुवादी सोच चल रही है। इनका वश चले तो ये संविधान की जगह मनुस्मृति को लागू कर दें, लेकिन देश की 80 प्रतिशत जनता के लिए मुक्तिदाता बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर की कुर्बानी के कारण आज देश के शोषित, वंचित, दलित और पीड़ित लोगों को सिर उठाने का तथा समाज के मुख्य धारा में जुड़ने का अधिकार मिला है।

इस वर्ग के लिए डा. अंबेडकर भगवान से ज्यादा हैं। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री जो संविधान की शपथ लेकर संसद में पहुंचे हैं, उनके द्वारा इस प्रकार की घटिया मानसिकता से ओतप्रोत यह बयान निंदनीय है। उन्होंने कहा कि देश अगर आज विकास के पथ पर अग्रसर है तो यह कदापि न भूलें कि इसमें समाज के हर धर्म हर वर्ग और हर जाति के लोगों का बराबर योगदान है।

यह सब तभी संभव हो पाया है जब डॉ. अंबेडकर ने समाज के शोषित वर्ग के साथ महिलाओं को शिक्षा और सम्मान से जीने का अधिकार दिया।

उन्होंने कहा कि यह लड़ाई केवल व्यक्ति विशेष या विशेष समुदाय जाति की न होकर पूरे देशवासियों की लड़ाई है। ऐसे में गृहमंत्री को सार्वजनिक रूप से देश की जनता के अपमान के बदले माफी मांगनी चाहिए।

इस प्रतिनिधिमंडल में बौद्धिक प्रकोष्ठ सदस्य देव राज भाटिया, एससी एसटी कंपोनेंट प्लान संयोजक प्रो. केएस धीर, जिला प्रधान सीता राम कौंडल, भगत सिंह, मनोहर लाल, जीत राम बंसल, मदन लाल, श्याम लाल, तुलसी राम, दयाराम, एलआर सेन, मनसा राम, सुंदर लाल वर्धन, रतन लाल, रतनी देवी, वीना देवी, विमला देवी आदि मौजूद थे।

# जूनियर रेडक्रॉस की 16 सदस्यीय टीम अमृतसर रवाना




रवाना होने के दौरान टीम के मौजूद सदस्य।

अनंत ज्ञान, बिलासपुर

सचिव जिला रेड क्रॉस सोसाइटी अमित ने बताया कि जिला बिलासपुर से जूनियर रेडक्रॉस की 16 सदस्यीय टीम डीएवी अमृतसर, पंजाब के लिए रवाना हुई। इस महत्वपूर्ण आयोजन का नेतृत्व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गेहडवीं के जीव विज्ञान प्राध्यापक रजनीश कुमार कर रहे हैं। उनके साथ सहायक के रूप में पाठशाला की शिक्षिका बबीता कुमारी भी टीम का मार्गदर्शन करेंगी। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम 29 दिसंबर तक चलेगा।

उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को एक ऐसा मंच प्रदान करना है जहां वे विभिन्न संस्कृतियों और समुदायों के साथ जुड़ सकते हैं और सामाजिक सेवा, सांस्कृतिक विविधता एवं नेतृत्व कौशल जैसे गुणों का विकास कर सकते हैं। इसके साथ ही युवाओं को सामाजिक कल्याण की दिशा में प्रेरित करना और उन्हें मानवीय मूल्यों का महत्व सिखाना है।

इस आयोजन में विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागी अपनी-अपनी सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि समापन समारोह के दौरान प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त टीमों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन युवाओं को न केवल सामाजिक सेवा के प्रति प्रेरित करते हैं, बल्कि उनके व्यक्तित्व विकास में भी सहायक सिद्ध होते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### चंबा जिले में 2 से 6 इंच तक हुई बर्फबारी

**डलहौजी।** जिला चंबा के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में दोपहर बाद अचानक बर्फबारी का दौर शुरू हो गया। पारा माइनस में चले जाने के कारण बिना बारिश के ही हल्की बर्फबारी शुरू हो गई। पिछले चार महीनों से चंबा में बारिश न होने के कारण यहां पर सूखे की स्थिति बनी हुई थी, जिस कारण किसान और बागवान व अन्य लोग भी परेशान हो गए थे। दोपहर बाद चंबा के भिन्न-भिन्न स्थानों में सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और दोपहर बाद चंबा के पर्यटक स्थल जोत, डेनकुंड, कालाटॉप, जनजातीय क्षेत्र होली, भरमौर व पांगी घाटी क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी हुई, जिसके चलते लोगों ने थोड़ी राहत की सांस ली है। वैसे मौसम विभाग की माने, तो चंबा जिले में 27 दिसंबर के बाद समूचे चंबा जिले में बारिश के साथ बर्फबारी होने की संभावना बताई जा रही है। उधर, जानकारी के मुताबिक मणिमहेश डल झील, कुगति, कंवारसी शाहिद ऊंचाई वाले क्षेत्रों में 2 इंच से लेकर 6 इंच तक ताजा बर्फबारी हुई है। सोमवार दोपहर बाद यहां पर लगातार बर्फबारी का दौर जारी है। स्थानीय प्रशासन ने बर्फबारी को लेकर पुख्ता इंतजाम किए हैं तथा बाहरी पर्यटकों को एडवाइजरी भी जारी कर दी गई है। जिला पर्यटन अधिकारी राजीव मिश्रा ने बताया कि क्रिसमस तथा नए साल को लेकर आकर्षक पैकेज तथा भारी छूट का प्रावधान भी किया गया है, जिससे पर्यटक और भी ज्यादा आकर्षित हो रहे हैं।

### वाहनों की पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट स्थगित

**भरमौर।** आरएलए भरमौर के तहत 27 दिसंबर को निर्धारित वाहनों की पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट को रद्द कर दिया गया है। एसडीएम भरमौर कुलबीर सिंह राणा ने बताया कि आरएलए भरमौर के 27 दिसंबर को निर्धारित वाहनों की पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट को प्रशासनिक कार्य के चलते हुए स्थगित कर दिया गया है।

### हिमाचल की फिक्र करें अनुराग, दिल्ली की नहीं : सरीन

**डलहौजी।** दिल्ली विधानसभा का चुनाव निकट है। इसके चलते आम आदमी पार्टी, भाजपा व कांग्रेस द्वारा चुनावी गतिविधियां चरम पर हैं। तीनों दलों का एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेजी पकड़ रहा है। इसी एवज में सोमवार को भाजपा ने एक पोस्टर जारी करते हुए आम आदमी पार्टी पर हमला बोला। आम आदमी पार्टी के खिलाफ चार्जशीट नामक इस पोस्टर का अनावरण सांसद अनुराग ठाकुर ने किया। पोस्टर के अनावरण के साथ ही राजनीति तेज हो गई। उधर, आम आदमी पार्टी हिमाचल प्रदेश के प्रदेश प्रवक्ता मनीष सरीन ने पोस्टर अनावरण होते ही अनुराग ठाकुर पर हमला बोल दिया। उन्होंने कहा कि अनुराग को हिमाचल से सांसद होने के नाते हिमाचल की फिक्र करनी चाहिए न की दिल्ली की। उन्होंने कहा की हाल ही में जब स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट्स फॉर कैपिटल इंवेस्टमेंट स्कीम के तहत उनके अपने प्रदेश हिमाचल की अनदेखी की गई, तब तो सांसद ने निरंतर चुप्पी बनाए रखी। मनीष ने कहा कि भाजपा दिल्ली में बिना किसी मुद्दे के चुनाव लड़ रही है।



### सुंडला में स्वास्थ्य जांच शिविर 26 को

**चंबा।** उपनिदेशक सैनिक कल्याण कैप्टन अनु मेहा पाराशर ने बताया कि 26 दिसंबर को भूतपूर्व सैनिकों, दिवंगत सैनिकों के परिवारों और वीर नारियों के स्वास्थ्य जांच के लिए सुंडला में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्टेशन हेडक्वार्टर ईसीएचएस द्वारा आयोजित किए जाने वाले इस स्वास्थ्य शिविर में कर्नल जीएस ठाकुर, डॉ. वाईडी शर्मा, लाभ सिंह संजय व कुमार उपस्थित रहेंगे।

### शिविर में 399 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य जांचा

**चुवाड़ी।** मंगलवार को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत टुंडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 399 विद्यार्थियों के हीमोग्लोबिन की जांच की गई। शिविर में हेल्थ ब्लॉक समोट की तरफ से डॉक्टर शिवा ठाकुर, फार्मासिस्ट बबीता, एएनएम सोनिया ने अपनी सेवाएं दीं। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम बच्चों के जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए अपनी तरह का एक अनूठा कार्यक्रम है, जिससे सभी बच्चे अपनी पूरी क्षमता हासिल कर सकें। इस कार्यक्रम में जन्म से 18 वर्ष की आयु के बच्चों की 4 डी- जन्म के समय दोष, रोग, कमी और विकास में देरी के लिए जांच शामिल है। जिसमें प्रारंभिक पहचान और तृतीयक स्तर पर सर्जरी सहित मुफ्त उपचार और प्रबंधन के लिए 32 सामान्य स्वास्थ्य स्थितियां शामिल हैं।

# केंद्र की योजनाओं पर प्रदेश सरकार आम जनता को कर रही गुमराह : डीएस

## डलहौजी के विधायक ने बनीखेत में प्रेसवार्ता कर प्रदेश सरकार पर साधा निशाना

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

लोक निर्माण विभाग विश्रामगृह बनीखेत में मौजूदा भाजपा विधायक डीएस ठाकुर ने प्रेस वार्ता कर विधानसभा क्षेत्र के ज्वलंत मुद्दों पर सरकार को चेताया कि केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं पर हो रहे कार्यों पर प्रदेश सरकार द्वारा स्थानीय आम जनता को गुमराह किया जा रहा है, जबकि धरातल पर चल रही ज्यादातर योजनाएं केंद्र सरकार की ही है। जैसे तेलका, भलेई बनीखेत के लिए केंद्र सरकार ने करोड़ों के बजट का प्रावधान किया है। वहीं, विधानसभा क्षेत्र डलहौजी को तीन सड़कों खैरी, भुनाड़ एवं कैंथली को प्रधानमंत्री सड़क योजनाओं के तहत स्वीकृति मिली है। इसके अलावा बनीखेत एवं पुखरी पंचायत को सीवरेज के लिए स्वीकृति प्रदान हुई है।

बनीखेत के साथ लगते छोटे-बड़े नालों को चैनेलाइजेशन किया जा रहा है। स्थानीय विधायक ने



डलहौजी के विधायक डीएस ठाकुर बनीखेत में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए।

चंबा में स्वास्थ्य प्रणाली को लेकर भी गहरी चिंता व्यक्त की है उन्होंने कहा कि चंबा की ज्यादातर क्षेत्रों के पास यहां तक की डलहौजी के पास अल्ट्रासाउंड मशीन नहीं है, जिसको लेकर ज्यादातर जिला वासियों को बाहर का रुख करना पड़ता है। वहीं, शिक्षा प्रणाली को लेकर भी उन्होंने गहरी चिंता व्यक्त की उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा स्कूलों को कम जनसंख्या के चलते बंद किया जा रहा है वह एक चिंता का विषय है, जहां एक ओर बनाए गई इमारतों पर ताले लटकेंगे, तो वहीं छोटे-छोटे नोनहालों की पढ़ाई पर भी इसका विपरीत असर पड़ेगा, जो कि एक बड़ी चिंता का विषय है। वहीं, प्रसिद्ध पर्यटन नगरी डलहौजी में बीते दिनों बिजली विभाग द्वारा बिजली की स्ट्रीट लाइटों के बिलों के भुगतान न होने से लाइटों को बंद कर दिया गया था, जिसके लिए उन्होंने इस मुद्दे को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा है और उन्हें आशा है कि वह जल्द इस पर कोई ठोस कार्रवाई अमल में लाएंगे। पूर्व में प्रदेश सरकार द्वारा लोक निर्माण विभाग तथा जल शक्ति विभाग के मंडलों को भटियात चुवाड़ी में स्थानांतरित करने संबंधी भी चिंता व्यक्त की उन्होंने कहा कि वह बहुत जल्द प्रदेश के सीएम से बात करेंगे, अगर इसका कोई स्थायी हल नहीं निकाल पाते हैं तो इसके लिए डलहौजी क्षेत्र के लोग सड़कों पर उतरेंगे। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार जिन मुद्दों को लेकर अपनी पीठ थपथपा रही है। जिला चंबा वासी सब देख रहे हैं कि उनमें कितनी सच्चाई है। वे बतौर विधायक शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार तथा पर्यटन जैसे मुद्दों को लेकर सरकार को समय-समय पर बखूबी अवगत करवाते रहते हैं, लेकिन इन मुद्दों पर सरकार जिला चंबा तथा विधानसभा क्षेत्र डलहौजी के लिए उदासीन रवैया ही इख्तियार किए हुए है, जो कि गंभीर चिंता का विषय है। (अनंत ज्ञान)

# मशरूम की अग्रणी खेती के लिए चंबा के किसान को दिल्ली में नवाजा

**अनंत ज्ञान, चंबा**




चंबा जिले के एक प्रगतिशील किसान ने दिल्ली में आयोजित एक प्रतिष्ठित कृषि कार्यक्रम में सम्मानित होकर हिमाचल प्रदेश को गौरवान्वित किया है।

ग्राम रोड़ी, डाकघर भद्रम, सरोल, जिला चंबा के निवासी लेख राज को मशरूम की खेती में उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए सराहना मिली है, जो पहाड़ी इलाकों में टिकाऊ और नवीन कृषि पद्धतियों के लिए एक उदाहरण स्थापित कर रहे हैं। लेख राज ने चंबा में कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) द्वारा प्रदान किए गए समर्थन और मार्गदर्शन से प्रेरित होकर, सात साल पहले मशरूम (ढींगरी) की खेती में अपनी यात्रा शुरू की थी। प्रधान वैज्ञानिक और प्रमुख (सेवानिवृत्त) डॉ. राजीव रैना के नेतृत्व में केवीके टीम ने लेख राज को आधुनिक मशरूम खेती तकनीकों से परिचित करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। केवीके से डॉ. जया चौधरी और डॉ. सुशील धीमान जैसे विशेषज्ञों ने विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए, जिससे उन्हें स्पॉन उत्पादन, सब्सट्रेट तैयारी और नियंत्रित पर्यावरणीय परिस्थितियों को बनाए रखने की बारीकियों को समझने में मदद मिली। केवीके की सहायता से, लेख राज ने बटन और ऑयस्टर मशरूम की खेती के लिए उन्नत तरीकों को अपनाया, जिससे उनकी उपज की गुणवत्ता और उपज में काफी सुधार हुआ। पहले वह मक्का-गेहूं की खेती क्रम से सालाना 1.5 से 2 लाख रुपए कमाते थे, मशरूम की खेती अपनाने के बाद उन्हें सालाना 5 से 6 लाख की कमाई होने लगी। दिल्ली में सम्मान समारोह का आयोजन अखिल भारतीय प्रगतिशील किसान सम्मेलन द्वारा किया गया था, जिसका शीर्षक भारत प्रगतिशील किसान पुरस्कार 2024 था, जहां लेख राज को आत्मनिर्भर खेती को बढ़ावा देने और अपने समुदाय के अन्य किसानों को सशक्त बनाने में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। पुरस्कार समारोह के दौरान, उन्हें 11,000 का नकद पुरस्कार, एक स्मृति चिन्ह और उत्कृष्टता का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

# अंबेडकर के खिलाफ टिप्पणी पर कांग्रेस का प्रदर्शन

## कार्यकर्ता बोले-सार्वजनिक तौर पर माफी मांगें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

**अनंत ज्ञान, चंबा**

कांग्रेस ने मंगलवार को चंबा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की ओर से डॉक्टर भीम राव अंबेडकर के खिलाफ की गई टिप्पणी को लेकर रोष प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने शाह के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर गुबार निकाला।



बाजार में रैली निकालकर कार्यकर्ताओं ने आक्रोष प्रकट किया। रैली निकालने के साथ ही कांग्रेस ने एडीएम के जरिए राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। इसमें उन्होंने राष्ट्रपति से मांग उठाई कि भीम राव अंबेडकर पर टिप्पणी करने वाले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। कांग्रेस ने गृह मंत्री से अंबेडकर के खिलाफ की गई टिप्पणी को लेकर सार्वजनिक तौर पर माफी मांगने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि जब तक वह माफी नहीं मांगेंगे तब तक प्रदेशभर में कांग्रेस उनके खिलाफ प्रदर्शन करती रहेगी। वहीं, प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए सदर विधायक नीरज नैयर ने कहा कि डॉक्टर भीम राव अंबेडकर देश ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए मिसाल हैं। देश के लिए उनका योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। ऐसे में उनके खिलाफ गृह मंत्री की टिप्पणी निंदनीय है। लोगों में इसको लेकर काफी नाराजगी है। गृह मंत्री को अपनी गलती मानते हुए देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। अन्यथा कांग्रेस गृह मंत्री के खिलाफ बड़ा आंदोलन करने से भी गुरेज नहीं करेगी।

# झुलाड़ा में वन भूमि से कशमल की जड़ों को निकालने पर 32,000 जुर्माना

**अनंत ज्ञान, चंबा**

वन विभाग की टीम ने चंबा वन मंडल के परिक्षेत्र में वन भूमि से कशमल की जड़ों को निकालने के लिए दो लोगों पर 32,000 रुपए जुर्माना लगाया है। इतना ही नहीं, सड़क किनारे अवैध रूप से रखी तीन क्विंटल कशमल की जड़ों को भी जब्त किया।

ग्राम पंचायत कुठेड़ के खबाली और झुलाड़ा में इन दिनों निजी भूमि से कशमल की जड़ें निकालने का कार्य चल रहा है। इसके लिए वन विभाग ने कुछ लोगों को परमिट भी दिए हैं, लेकिन, कुछ लोग विभाग की आंखों में धूल झोंककर सरकारी भूमि से अवैध तरीके से कशमल की जड़ों को निकाल रहे थे। इसकी सूचना मिलने ही सोमवार को वन विभाग की टीम ने कुठेड़ पंचायत में दबिश दी। वन परिक्षेत्र अधिकारी मसरूंड जगजीत चावला की अगुवाई में विभागीय टीम ने कशमल की जड़ें निकालने वाले सभी ठिकानों पर दबिश दी।



इस दौरान दो लोग वन भूमि से अवैध रूप से कशमल की जड़ें निकालते हुए पाए। इन लोगों को विभाग ने पकड़ा और वहां से निकाली गई कशमल की जड़ों को लेकर डैमेज रिपोर्ट बनाई। उसी रिपोर्ट के आधार पर उन्हें 32,000 रुपए जुर्माना लगाया। वन विभाग की टीम को मौके पर देख कई लोग वहां से भाग निकले। टीम ने परमिट पर कशमल की जड़ें निकालने वाले सभी ठेकेदारों को साफ हिदायत दी कि वे किसी भी सूरत में वन भूमि से कशमल की जड़ें न निकाले। अन्यथा उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी, जिस क्षेत्र में कशमल की जड़ें निकालने का कार्य चल रहा है। वहां पर विभाग पूरी मुस्तैदी के साथ निगरानी रख रहा है, जो कोई भी वन भूमि से अवैध तरीके से इन जड़ों को निकालेगा। उसके खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित




**पीयूष, करसोग**

पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पांगणा का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह अत्यंत उल्लास और धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन क्लस्टर स्तर पर आयोजित किया गया, जिसमें राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला पांगणा ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।

मुख्यातिथि के रूप में प्रख्यात शिक्षाविद् और सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य लक्ष्मी दत्त शर्मा ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में सेवानिवृत एक्शियन केडी चौहान, सेवानिवृत्ति एमसीपीओ दयानंद ठाकुर, पतंजलि योगपीठ से जगदीश शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे। मुख्यातिथि ने विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर उन्हें प्रोत्साहित किया। (अनंत ज्ञान)

# 5 माह से पगार को तरसे पार्टटाइम वर्कर्स

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

तहसील सरकाघाट, बलद्वाड़ा, भदरोता और ढलवाण में कार्यरत दैनिक वेतन भोगियों और पार्ट-टाइम वर्कर्स का प्रतिनिधिमंडल एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा से मिला और लंबित वेतन भुगतान को लेकर ज्ञापन सौंपा।

कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें अगस्त से दिसंबर तक का वेतन नहीं मिला है, जिससे उनका जीवन यापन कठिन हो गया है। कर्मचारियों ने बताया कि बच्चों की स्कूल फीस, घर का खर्च और अन्य जरूरी आवश्यकताओं को पूरा करना अब उनकी सामर्थ्य से बाहर हो चुका है। उन्होंने कई बार अपनी समस्या उच्च अधिकारियों के समक्ष रखी, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं मिला। प्रभावित



एसडीएम सरकाघाट को ज्ञापन सौंपते हुए पार्टटाइम वर्कर्स व अन्य।

### बच्चों की फीस और राशन खरीदने के भी पड़े लाले

कर्मचारियों ने तहसीलदार से मांग की कि उनके लंबित वेतन का शीघ्र भुगतान करवाया जाए ताकि वे अपने परिवार की जरूरतें पूरी कर सकें। मांग पत्र सौंपने वालों में सीमा देवी, राकेश कुमार, सुनीता देवी, ओम चंद, सोनू कुमार, प्रदीप कुमार, सरिता देवी, रवि कुमार, नरेश कुमार, ममता कुमारी, यशपाल, कमलेश कुमारी सहित 60 से अधिक कर्मचारी शामिल थे।

कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही वेतन का भुगतान नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। तहसीलदार ने कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए जल्द ही वेतन भुगतान करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को प्राथमिकता के आधार पर विभाग तक पहुंचाया जाएगा।(अनंत ज्ञान)

# किशोरियों को कानूनी अधिकारों और मासिक धर्म पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के अंतर्गत आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खुद्दर में किशोरी बाल मेले का किया आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल की प्रधानाचार्य रेखा ने की। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य रेखा ठाकुर ने किशोरियों को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में बताया तथा मासिक धर्म के दौरान आने वाली समस्याओं के प्रति भी जागरूक किया। साथ ही उन्होंने किशोरियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि बेटी आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा के दम पर आगे बढ़ रही है तथा अपने क्षेत्र के साथ-साथ अभिभावकों का नाम भी रोशन कर रही है। बाल विकास परियोजना द्रंग की ओर से सुनील कुमार ने आईसीडीएस की विभागीय योजनाओं की जानकारी दी।



इस कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम, चित्रकला, भाषण व नारा लेखन प्रतियोगिताएं भी करवाई गई।

# टैम्पो से 200 टीन बिरोजा बरामद

**बिलासपुर।** थाना सदर पुलिस ने कीरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर मंडी-भराड़ी के पास एक टैम्पो से 200 टीन बिरोजा के पकड़ने में सफलता हासिल की है।

जानकारी अनुसार थाना सदर पुलिस द्वारा वाहनों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा था। इस दौरान भगेड़ी की तरफ से एक कैंटर एचपी 72डी- 8074 आया। जब कैंटर का निरीक्षण किया तो इसमें 200 बिरोजा के टीन पाए गए। पुलिस ने जब कैंटर चालक से इसका परमिट मांगा तो वह कोई कागज पेश नहीं कर पाया। पुलिस ने कैंटर को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने मामला वन विभाग के सुपूर्द कर दिया है। कैंटर चालक की पहचान प्रमोद कुमार निवासी कलोल जिला हमीरपुर के रूप में हुई है।

### सूडोकु 0026 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
■ पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0025 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

25 दिसंबर, 2024, बुधवार

**विक्रमी संवत** : 2081, **शक संवत** :1946 (क्रोधी), **मास** : मार्गशीर्ष, **तिथि** दशमी (10:31): **नक्षत्र** चित्रा (03:22), **पक्ष** : कृष्ण **योग** : अतिगंड (09:45) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (कोई नहीं), **राहुकाल** (12:21 - 01:38)।

**विशेष दिन**

25 दिसम्बर : पार्श्वनाथ जयंती आज।
26 दिसम्बर 2024 : सफला एकादशी कल।

**मेष:** आज का दिन फलदायी होगा। यात्रा न करें। वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं। अजनबी लोगों पर भरोसा न करें अन्यथा लेने के देने पड़ सकते हैं।

**वृषभ:** जीवनसाथी और प्रिय व्यक्ति का साथ मिलेगा। शेयर में निवेश भी कर सकते हैं, लाभ होगा। विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**मिथुन:** आज का दिन उन्नतिदायक है। पराक्रम में वृद्धि होगी। आपका मनोबल बढ़ेगा। अचानक कोई शुभ समाचार या रुका हुआ धन प्राप्त होगा।

**कर्क:** ग्रह-नक्षत्रों में परिवर्तन देखने को मिलेगा। परिस्थितयां साथ देंगी। मनोरंजन कार्य में समय व्यतीत होगा। कलाकार एवं कारीगरों को अवसर मिलेगा।

**सिंह :** आज का दिन फलदायी होगा। खुशी बरकरार रहे इसके लिए सावधान हो जाएं। वाद-विवाद में न पड़ें। क्रोध व वाणी पर नियंत्रण रखें।

**कन्या :**आत्मविश्वास एवं पराक्रम में वृद्धि के कारण सफलता आपको अवश्य प्राप्त होगी। मेहनत के अनुपात में लाभ अवश्य प्राप्त होगा।

**तुला:** प्रत्येक कार्य में सफलता मिलेगी। सोचे हुए कार्य पूर्ण होंगे। आज परिवार के सदस्यों का पूर्ण सहयोग मिलेगा। धन प्राप्ति के विशेष योग हैं।

**वृश्चिक:** समस्याएं आज सुलझने लगेंगी। नौकरी में अधिकारियों का सहयोग एवं कार्य करने के लिए उत्साह बना रहेगा। मनोरंजन कार्य पर खर्च हो सकता है।

**धनु :** पूर्व अर्जित मान-सम्मान एवं लाभ बरकरार रखने के लिए आज आपको समझकर कार्य करना पड़ेगा। खर्च से बचें, दोपहर से बाधाएं आ सकती हैं।

**मकर :** आज मां लक्ष्मी की कृपा दृष्टि आप पर बनी रहेगी। दिन मंगलमय बीतेगा। विशेष लाभ के योग हैं। जोखिमपूर्ण निवेश में भी लाभ होगा।

**कुंभ :** कार्य की व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान और यश में वृद्धि होगी। पूजा-पाठ से मन प्रसन्न रहेगा। प्रिय व्यक्ति से मुलाकात एवं सहयोग प्राप्त होगा।

**मीन :** भाग्य आज आपका साथ देने के लिए बेताब है। आध्यात्मिक सुख एवं शांति का वातावरण बना रहेगा। नए अवसर प्राप्त होंगे।

# जिले में नए पर्यटन गंतव्य विकसित करने की संभावनाएं

**अनंत ज्ञान, मंडी**

उपायुक्त अपूर्व देवगन द्वारा मंगलवार को जिला पर्यटन नियामक समिति की आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। इसमें मंडी जिला में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने सहित विभिन्न मदों पर विस्तार से चर्चा की गई।

उपायुक्त ने कहा कि मंडी जिला की मनोहारी वादियां पर्यटकों को आकर्षित करती आई हैं। जिला में नए पर्यटन गंतव्य विकसित करने की अच्छी संभावनाएं हैं। प्रदेश सरकार पर्यटन को नए आयाम देने के लिए इसमें जल क्रीड़ाओं सहित विभिन्न गतिविधियों को शामिल कर रही है। सरकार के निर्देशों के अनुसार मंडी जिला में भी इस बारे में संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। यहां के विभिन्न जलाशयों में जल-क्रीड़ा गतिविधियों के विकास के लिए बेहतर अवसर हैं। लारजी, बाखली की ओर पंडोह जलाशय के अलावा कोलडैम में ऐहण से तत्तापानी तक इस तरह की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए आरंभिक रिपोर्ट तैयार की जा रही है। इन स्थलों को पैरा-सेलिंग, जेट्टी, क्रूज सहित अन्य जल क्रीड़ा गतिविधियों से जोड़ा जा सकता है।

### उहल प्रोजेक्ट और चुल्ला पेन स्टॉक के पास न जाएं

**जोगिंद्रनगर।** उहल प्रोजेक्ट की खुद्दर स्थित रिजर्वायर और चुल्ला क्षेत्र में 100 मेगावाट विद्युत परियोजना के पेन स्टॉक के समीप आम जनता की गतिविधियों पर रोक लगा दी गई है। परियोजना प्रबंधन ने आदेश जारी कर चेतावनी दी है कि परीक्षण कार्य के चलते क्षेत्र में पानी का स्तर कभी भी बढ़ सकता है, जिससे खतरा हो सकता है। परियोजना प्रबंधन ने जानकारी दी कि वर्तमान में रिजर्वायर और पेन स्टॉक पूरी तरह पानी से भरे हुए हैं। साथ ही, विद्युत यूनिट में फैब्रिकेशन और अन्य तकनीकी कार्य चल रहे हैं, किसी भी समय पानी छोड़ा जा सकता है।

# शैम्फोर्ड लिटिल स्टार्स मंडी ने मनाया 'प्रगति उत्सव'

**अनंत ज्ञान, मंडी**

शैम्फोर्ड लिटिल स्टार्स स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह 'प्रगति उत्सव' (प्रो-एक्टिव गाइडेंस एंड टाइमली इम्प्लीमेंटेशन) का आयोजन उमंग के साथ किया गया। इस अवसर उपेंद्र लाल गुप्ता और उनकी धर्मपत्नी मीनाक्षी गुप्ता ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

मुख्यातिथि उपेंद्र लाल गुप्ता ने छात्रों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों में छिपी हुई कला और कौशल को निखारने के लिए इस तरह के कार्यक्रम बेहद महत्वपूर्ण हैं।




स्कूल के चेयरमैन अतुल गुप्ता और एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. निधि गुप्ता ने बच्चों को पढ़ाई के महत्व बारे में बताया ।

# आगजनी प्रभावित परिवारों को दी सहायता

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

हॉली चाइल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल ढेलु ने जोगिंद्रनगर उपमंडल में आगजनी से प्रभावित परिवारों की सहायता कर क्षेत्र में मानवता और परोपकार का उदाहरण प्रस्तुत किया। स्कूल प्रबंधन, अध्यापकों और विद्यार्थियों ने मिलकर दोनों पीड़ित परिवारों के लिए आर्थिक सहायता एकत्र की और यह राशि मंगलवार को उन्हें प्रदान की गई।

स्कूल प्रबंधन समिति की ओर से नवीन बेकरी के मालिक काली दास, जिनका परिवार आगजनी में बुरी तरह प्रभावित हुआ था, को



सहायता राशि का चेक प्रदान करते हुए।

सहायता राशि का चेक सौंपा गया। प्रबंधक कौशल्या ठाकुर ने जानकारी दी कि जोगिंद्रनगर उपमंडल में पिछले सप्ताह दो स्थानों पर आगजनी की घटनाएं हुईं, जिसमें पीड़ित परिवारों को गंभीर आर्थिक और भावनात्मक क्षति पहुंची।

स्कूल प्रबंधन, अध्यापकों और विद्यार्थियों के इस सहयोगात्मक प्रयास के लिए गहरा आभार व्यक्त किया।

हॉली चाइल्ड पब्लिक स्कूल, ढेलु, का यह प्रयास न केवल प्रभावित परिवारों को संबल प्रदान करने वाला रहा, बल्कि यह समाज में सहयोग और परोपकार की भावना को बढ़ावा देने वाला प्रेरक कदम भी साबित हुआ है।(अनंत ज्ञान)

# सड़कों पर उतरे कांग्रेसी कार्यकर्ता, किया धरना-प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, मंडी**

मंगलवार को मंडी जिला मुख्यालय में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा जिला प्रभारी मुज्जफर गुज्जर की अध्यक्षता में धरना प्रदर्शन किया गया और भाजपा और अमित शाह के खिलाफ खूब नारेबाजी की गई।



इस दौरान जय भीम के नारे भी लगाए गए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब अंबेदकर की के चित्र के साथ रैली और धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान मुज्जफर गुज्जर ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के दिशा निर्देशानुसार व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार भारत रत्न डॉक्टर बाबा साहब अंबेडकर के सम्मान में और अमित शाह के खिलाफ प्रदर्शन किया।

**जीवन** को टुकड़ों में नहीं बांटा जा सकता, उसका 'पूर्णता' में ही विचार किया जाना चाहिए। -अटल बिहारी वाजपेयी

## संपादकीय

# पर्यटकों की बहार

देवभूमि हिमाचल का कोना-कोना पर्यटकों से गुलजार हो गया है। न्यू ईयर सेलिब्रेशन को लेकर पर्यटकों में खासा क्रेज है। हिमाचल में पर्यटकों के लिए राज्य की संस्कृति अतिथि देवो भव: वाली है। प्रदेश में सरकार और यहां के लोग हमेशा ही पर्यटकों का स्वागत करते हैं। इन्हीं भावनाओं की कद्र करते हुए पर्यटक हिमाचल में दस्तक देते हैं। प्राइवेट से लेकर सरकारी होटल पैक हो चुके हैं। वहीं, सरकार भी पर्यटकों की सुख सुविधाओं का खास ध्यान रख रही है। शिमला और मनाली में तो तिल धरने की जगह नहीं है। यही हाल रहा तो इस बार हिमाचल में पर्यटकों के आंकड़े का रिकॉर्ड टूट सकता है। राज्य सरकार सालभर में पांच करोड़ सैलानियों की आमद का लक्ष्य लेकर चल रही है। पर्यटकों की बहार जुटना हिमाचल प्रदेश के लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है। इससे सरकार तथा स्थानीय लोगों को कई आर्थिक लाभ हो सकते हैं। पर्यटन उद्योग के बढ़ने से रोजगार के अवसर पैदा होते हैं, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिलता है। पर्यटन से सरकार को आय का एक महत्वपूर्ण स्रोत मिलता है, जिससे राज्य की आर्थिक स्थिति में सुधार होता है।

पर्यटकों की वजह से स्थानीय व्यवसायों जैसे होटल, रेस्तरां और स्थानीय उत्पादों की बिक्री भी बढ़ती है। वहीं, पर्यटन से स्थानीय लोगों और पर्यटकों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान होता है, जिससे दोनों पक्षों को एक-दूसरे की संस्कृति के बारे में जानने का अवसर मिलता है। स्थानीय समुदाय को मजबूती मिलती है, क्योंकि वे अपनी संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित करने में मदद करते हैं। लोगों को अपने आसपास के वातावरण और संस्कृति के बारे में जागरूक करने में मदद मिलती है। इसके अलावा पर्यटन से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलता है, क्योंकि लोग अपने आसपास के वातावरण को संरक्षित करने में मदद करते हैं। प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण होता है, जैसे कि वनस्पतियों, जीव-जंतुओं और जल संसाधनों का संरक्षण की संभावनाएं बढ़ती हैं। स्वच्छता और स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलता है, क्योंकि लोग अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने में मदद करते हैं। f


हमाचल की प्राकृतिक सौंदर्यता अद्वितीय और आकर्षक है, इसलिए पर्यटक यहां खिंचे चले आते हैं। प्रदेश में हिमालय की कई चोटियां हैं, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता और शांति के लिए प्रसिद्ध हैं। कुल्लू, मनाली और स्पीति घाटी अपनी प्राकृतिक सुंदरता और शांति के लिए जानी जाती हैं। सतलुज, ब्यास और रावी जैसी नदियों की प्राकृतिक सुंदरता देखते ही बनती है। हिमाचल में कई जलप्रपात भी हैं, जैसे कि भागा जलप्रपात, चंद्रखानी जलप्रपात और पालामऊ जलप्रपात, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता और शांति के लिए प्रसिद्ध हैं। विभिन्न प्रकार की वनस्पति और जीव-जंतु हैं, जैसे कि देवदार, ओक और पाइन के पेड़। हिम तेंदुआ, भालू और हिरण जैसे जीव-जंतु भी यहां की शान हैं। यहां के प्रमुख पर्यटन स्थल भी पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। शिमला हिमाचल प्रदेश की राजधानी है, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता और शांति के लिए प्रसिद्ध है। मनाली भी एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। चायल, मंडी, चंबा, डलहौजी, धर्मशाला, पालमपुर जैसे स्थल बेहद मनोरम हैं। इसके अलावा यहां धार्मिक पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं।

मंडी को छोटी काशी के नाम से जाना है। मंडी के पंचवक्त्र महादेव, भूतनाथ मंदिर, बाबा महामृत्युंजय मंदिर आस्था का प्रतीक हैं तो वहीं, कुल्लू में भगवान रघुनाथ सहित बिजली महादेव, शंगचूल महादेव सहित अन्य कई आस्था के मंदिर हैं। उधर, भरमौर में चौरासी मंदिर तथा चंबा एक हजार साल से भी अधिक पुराना शहर है। धर्मशाला में दलाईलामा से मिलना और उनके निवास को देखना भी पर्यटक सौभाग्य मानते हैं। इतना कुछ होने के बावजूद अगर हिमाचल को पर्यटन उद्योग के रूप में विकसित किया जाए तो प्रदेश की माली आर्थिक हालत काफी सुधर सकती है। प्रदेश सरकार को चाहिए कि वह पर्यटन गतिविधियों को बढ़ाते हुए उसके मूल ढांचे को सुधारने पर जोर दे। जितने ज्यादा पर्यटक यहां आएंगे सरकार को उतना ही लाभ होगा। निश्चित रूप से सरकार ने भी काफी इंतजामात किए हैं, लेकिन वर्तमान हालात को देखते हुए पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए और ज्यादा सुधारों की जरूरत है। जब सरकार यह सब करने में कामयाब होगी तो छोटे पहाड़ी राज्य हिमाचल के पर्यटन को उड़ान भरने में देरी नहीं लगेगी। बस जरूरत है पर्यटन को नए पंख लगाने की। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# भारत के सर्वाधिक लोकप्रिय प्रधानमंत्री

**अटल** बिहारी वाजपेयी का नाम भारत के सर्वाधिक लोकप्रिय प्रधानमंत्रियों में लिया जाता है। नरसिम्हा राव के बाद 1996 में अटल बिहारी वाजपेयी मात्र 13 दिन के लिए ही प्रधानमंत्री बने। इसके बाद 1998 में हुए चुनावों के माध्यम से वह दोबारा प्रधानमंत्री बने। इस कारण 1996 और 1998 के मध्य बने दो प्रधानमंत्रियों-एचडी देवगौड़ा तथा इंद्र कुमार गुजराल को आगे स्थान दिया गया है। तत्पश्चात् अटल बिहारी वाजपेयी अक्तूबर, 1999 में पुन: प्रधानमंत्री बने और यह कार्यकाल उन्होंने अत्यंत सफलतापूर्वक पूर्ण किया। इसके पूर्व वह अप्रैल, 1999 से अक्तूबर, 1999 तक कार्यवाहक प्रधानमंत्री भी रहे। अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म लश्कर, ग्वालियर में हुआ था, जो कि मध्य प्रदेश में है। 'शिंके का बाड़ा मुहल्ले' में जन्म लेने वाला यह बालक कितना बड़ा भाग्य लेकर पैदा हुआ। इनके पिता 'पंडित कृष्ण बिहारी वाजपेयी' अध्यापन का कार्य करते थे और माता 'कृष्णा देवी' घरेलू महिला थीं। श्री वाजपेयी संतान क्रम में सातवें थे। इनसे बड़े तीन भाई और तीन बहनें थीं। वह बचपन से ही अंतर्मुखी स्वभाव के थे, साथ ही काफी प्रतिभा संपन्न भी थे। अटल बिहारी वाजपेयी के बड़े भाइयों को 'अवध बिहारी वाजपेयी', 'सदा बिहारी वाजपेयी' तथा 'प्रेम बिहारी वाजपेयी' के नाम से जाना जाता है। अटल बिहारी वाजपेयी के पिता पंडित कृष्ण बिहारी वाजपेयी शिक्षण व्यवसाय से संबंधित थे, इस कारण इन्हें कई स्थानों पर रहना पड़ता था, लेकिन अटलजी की आरंभिक शिक्षा 'बड़नगर' के 'गोरखी विद्यालय' में संपन्न हुई। बड़नगर में इनके पिता प्रधानाध्यापक के पद पर थे। इस विद्यालय में अटलजी ने आठवीं कक्षा तक की शिक्षा प्राप्त की। ■



**अटल बिहारी वाजपेयी**
**जन्म :** 25 दिसंबर, 1924
**मृत्यु :** 16 अगस्त, 2018

## कविता

# नशे का मातम-पंजाब का विलाप



प्रोमिला गौतम बरठीं

*ये जमीं कभी गुरुओं की गूंज थी,*
*हर खेत में सुनहरी धूप की धूज थी।*
*अब धुआं है, सुइयां हैं, चिट्टे का राज है,*
*हर गली, हर चौखट पर मातम का साज है।*
*मांओं की गोदें सूनी हो गईं, बाप की उम्मीदें अधूरी हो गईं।*
*जिन कंधों पर ताज सजते थे, आज उन पर लाशें रखी जाती हैं।*
*जिन हाथों में कलम थामी जाती थी, आज सुइयां दर्द लिख जाती हैं।*
*चंद सिक्कों में बिक गए अरमान, चंद पुड़ियों में खो गया जहान।*
*बूढ़े बाप का कांपता हुआ जिस्म, सूनी मां की आंखों का नमी भरा रिस्म।*
*हर सांस सवाल पूछती है आज, क्यों बुझ रहा है पंजाब का ताज?*
*वो गलियां जो इश्क के गीत गाती थीं, अब लाशों की चुप्पी से घबराती हैं।*
*वो चौपालें जहां बातें होती थीं उम्मीदों की, अब गूंजती हैं चीखें टूटे हुए सपनों की।*
*हिमाचल के पहाड़ भी अब रोते हैं, झरने भी आहें भरते हैं।*
*'प्रेमिला' ये जंग है, जमीर बचाने की, हर दिल में नई रोशनी जगाने की।*
*सरकार सुनो! यह ललकार है, अब और नहीं, बस प्रहार है।*
*उठो, जागो, ये आखिरी लम्हा है, वरना हर घर, हर चूल्हा बुझा है।*
*करो ऐसा कि तारीख याद रखे, 'पंजाब फिर जिया', यह फरियाद लिखे....*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# कार्यस्थलों पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न और बलात्कार की समस्या





लेखिका : डॉ. शशि प्रभा
सेक्टर-40सी, चंडीगढ़

बेशक भारतीय परंपरा में नारी की एक देवी के रूप में कल्पना की गई है या फिर घर-परिवार को चलाने वाली दोयम दर्जे की हकदार पति की गुलाम के रूप में, परंतु वास्तव में नारी न देवी है और न ही गुलाम। हमारे संविधान ने उसे जीवन के हर क्षेत्र में समानता का अधिकार दिया है। यही कारण है कि स्वतंत्रता के बाद तेजी से होते सामाजिक परिवर्तनों ने उसे निरक्षरता से साक्षरता की ओर अग्रसर किया है तथा केवल घर-परिवार चलाने के सीमित दायरे से बाहर निकालकर पुरुष की ही तरह बाहर के क्षेत्र में काम करके आर्थिक आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के अवसर प्रदान किए हैं।

नारी के लिए यह सुखद स्थिति है, परंतु इसके कुछ दुखद और कष्टकर पहलू भी सामने आते हैं कि आज भी सामान्यत: भारतीय नारी को वह सम्मान प्राप्त नहीं होता जो होना चाहिए। परिवार में साधारण उसकी स्थिति दोयम दर्जे की ही मानी जाती है तथा परिवार और साथ ही साथ बाहरी परिवेश में उसके प्रति होने वाले अत्याचारों और उसके यौन-शोषण के मामलों में निरंतर वृद्धि हो रही है। महिला का यौन उत्पीड़न उसके प्रति होने वाले अत्याचारों और दुर्व्यवहारों में से एक है। यूं तो आज हर आयु वर्ग की और हर प्रकार की नारियों के प्रति यौन उत्पीड़न के मामले निरंतर बढ़ रहे हैं, लेकिन कार्यस्थलों पर अपने सहकर्मियों, उच्च अधिकारियों, रोजाना वेतनभोगी महिलाओं की नियुक्ति करने वाले ठेकेदारों तथा बिचौलियों आदि के द्वारा इस तरह के घिनौने व्यवहार की समस्याएं भी बहुत देखने में आती हैं। पहले समय में निम्न वर्ग की महिलाएं ही घरों से बाहर काम करने जाती थीं और उच्च वर्ग के जिमींदारों, उनके कारिंदों अथवा महाजन लोगों द्वारा उनका यौन उत्पीड़न सामान्य बात मानी जाती थी जिसे इस वर्ग के लोग अपनी नियति मानकर स्वीकार कर लेते थे, परंतु आजकल के समय में परिस्थितियां बदल चुकी हैं, आज तो लगभग सभी वर्गों की महिलाएं लगभग हर क्षेत्र में पुरुषों के बराबर काम ही नहीं कर रही, बल्कि उनके रहन-सहन, उनकी बोलचाल, वेशभूषा, व्यवहार आदि सबमें बदलाव आ रहा है।

आज की महिलाएं बिंदास और बेबाक हैं, कुछ हद तक निडर और मजबूत भी हुई हैं। बावजूद इसके उनके प्रति यौन उत्पीड़न के मामले होते हैं और विशेषकर कार्यस्थलों पर उनके प्रति कुछ पुरुषों का व्यवहार केवल उन्हीं के लिए समस्याएं खड़ी नहीं करता, बल्कि समाज और व्यवस्था तक के लिए भी समस्याएं पैदा करता है। नारियां विवाहिता हों अथवा अविवाहित, ऐसी स्थितियां उनके लिए मानसिक परेशानी तथा तनाव का कारण बन जाती हैं। कभी-कभी स्थिति यहां तक पहुंच जाती है कि नारी अथवा पुरुष की हत्या हो जाती है अथवा नारी को आत्महत्या तक करनी पड़ जाती है या कहूं वह अवसाद का शिकार हो जाती हैं।

बेशक व्यवस्था के द्वारा इन स्थितियों के विरुद्ध काफी प्रचार-प्रसार के बावजूद कार्यस्थलों पर महिलाओं से गलत व्यवहार एक सामान्य बात हो गई है जिसका ज्वलंत उदाहरण कलकत्ता के आरजी कर अस्पताल में महिला डॉक्टर के साथ घटी घटना है। पहली बात तो यही समझने की आवश्यकता है कि यौन-उत्पीड़न वास्ताव में है क्या? यौन उत्पीड़न से तात्पर्य लैंगिक उत्पीड़न भी माना जा सकता है। इसके संबंध में माननीय सुप्रीम कोर्ट ने कुछ निर्देश निर्धारित किए हैं जिनके अनुसार ऐसा कोई भी अवांछित लैंगिक दुर्व्यवहार (प्रत्यक्ष या परोक्ष) रूप से, जैसे-

1. अवांछित शारीरिक संपर्क बनाना। 2. अंवाछित संबंध बनाने का दबाव डालना या संबंध बनाने का निवेदन करना। 3. किसी तरह की अश्लील टिप्पणी करना। 4. अश्लील व्यवहार प्रदर्शित करना, भद्दे इशारे करना। 5. किसी भी अन्य प्रकार का शारीरिक, मौखिक या सांकेतिक व्यवहार जो अश्लीलता प्रकट करने वाला हो, अश्लील भाषा का व्यवहार भी इसमें शामिल है।

इन निर्देशों के अलावा आजकल मोबाइल के युग में अश्लील संदेश भी भेजे जाते हैं, अश्लील तस्वीरें पोस्ट की जाती हैं, ये सब नारी वर्ग पर दबाव बनाने के लिए प्रयत्न कहे जा सकते हैं। ये सभी तौर तरीके नारियों के लिए काम की स्थितियों में बाधाएं खड़ी करने के अलावा हमें फिर से संकीर्णता के युग में धकेलने का सबब बन सकते हैं। कुछ समय से परेशान अभिभावक लड़कियों की शिक्षा के प्रति विरक्त होते जा रहे हैं और छोटी आयु में उनके विवाह के लिए दबाव बनाते हैं। हमें देखना यह भी है कि कार्यस्थलों पर या स्कूल कॉलेजों में असहज स्थितियां क्यों पैदा होती हैं, इसके लिए पुरुष और महिलाएं कहां तक जिम्मेदार हैं और महिलाओं को किस प्रकार सचेत रहना है। पुरुषों के द्वारा ऐसी स्थितियां पैदा करने के प्रयास-

1. कई बार पुरुष सहकर्मी अपनी अधीनस्थ काम करने वाली महिला से अंतरंग होकर पत्नी की बुराइयां करते हुए अपने तनावग्रस्त रहने की बात करके महिला की सहानुभूति प्राप्त करके निकटता कायम कर लेते हैं।
2. महिला की सुंदरता, स्मार्टनेस की प्रशंसा करके उसे उत्साहित करते हैं।
3. कोई लालच देते हैं।
4. कई बार महिला को डराते-धमकाते हैं और उसके कामों में दोष निकालते हैं।
5. सार्वजनिक रूप से महिला की बेइज्जती करते हैं।
6. कई बार महिला के घर में आना-आना आरंभ करके परिवार से निकटता स्थापित कर लेते हैं।

महिला की तरफ से भी कई बार लापरवाही के कारण ऐसी स्थितियां पैदा हो जाती हैं, जैसे-

1. अपने सरल स्वभाव के कारण महिला अपने सहकर्मियों अथवा बॉस के सामने अपनी पारिवारिक-सामाजिक परेशानियों का जिक्र कर बैठती हैं।
2. महिला का जरूरत से ज्यादा सज-धज कर जाना भी दूसरों का ध्यान आकर्षित करता है।
3. अपने व्यवहार में अधिक बेबाकी और लापरवाही दिखाना भी दूसरों को निमंत्रण देता है।
4. थोड़ा सा संदेह होने पर भी किसी के गलत व्यवहार की अनदेखी करना उसे बढ़ावा देता है। पुरुषों में उच्छ्रृखंलता होती है, पत्नी को वे गारंटीड मानते हैं। महिलाएं आमतौर पर विवाह के बाद अपने रख-रखाव पर ध्यान नहीं देतीं, व्यवहार में भी कर्कश होती हैं, शिकायतें करती रहती हैं अथवा किसी न किसी बीमारी का रोना रोती रहती हैं।

इस तरह की पारिवारिक परिस्थितियों में पुरुष मानसिक उद्वेलन के कारण दूसरी औरतों के प्रति आकर्षित होते हैं या फिर केवल शुगल और थ्रिल के लिए अथवा अपनी पदवी का दुरुपयोग करते हुए नारियों के प्रति बुरी दृष्टि रखते हैं। कई बार संस्कारों की कमी के कारण अश्लील भाषा का प्रयोग करना, बात बात पर गाली देना, भद्दे इशारे करना, गंदे मजाक करना या नारियों को छूने की कोशिश करना उनकी आदत बन जाती है। यदि उन्हें रोका न जाए तो वे और उच्छृखंल होते चले जाते हैं।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# विश्व पटल पर हिंदी का उपयोग करने वाले पहले भारत रत्न



लेखक : डॉ. राजीव बिंदल
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष



भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की 100वीं जन्म जयंती 25 दिसंबर 2024 को प्रारंभ होने जा रही है। यह एक ऐसा अवसर है जब हम देश के उस महान नेता को स्मरण करेंगे, जिसने आजाद भारत के अंदर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। भारत आजादी के बाद केवल और केवल कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में था, क्योंकि 1947 से पहले आजादी का नेतृत्व श्रद्धेय मोहन दास कर्मचंद गांधी के हाथ में था और कांग्रेस पार्टी अर्थात राजनीति दल न होकर आजादी का आंदोलन था।

1947 के बाद कांग्रेस का नेतृत्व स्वर्गीय जवाहर लाल नेहरू के हाथ में आया, उन्होंने आजादी की उस लड़ाई को अपने राजनीतिक लाभ के लिए उपयोग करते हुए कांग्रेस पार्टी की सरकारों को निरंतर बनाने में उसका उपयोग किया। अटल बिहारी जी पहले वो शख्स बने जिन्होंने भारतीय चिंतन, भारतीय विचार, भारतीय सोच, भारतीय दृष्टिकोण को लेकर सरकारें चलनी चाहिए इस बात की पैरवी की।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी और पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के द्वारा खड़े किए गए भारतीय जनसंघ का नेतृत्व 1950 के दशक में अटल बिहारी वाजपेयी जी के हाथ में आया और 1957 में पहली बार लोकसभा में सांसद के रूप में पहुंचे और उनकी जो आभा थी, उनकी जो वाककला थी, उनकी जो भाषणकला थी, उनका जो कवि हृदय था, उसने पूरे देश को बरबस अपनी ओर आकर्षित किया। जब तक अटल जी जीवित रहे सक्रिय राजनीति में रहे, चाहे किसी भी पार्टी से संबंध रखने वाला व्यक्ति हो व सामान्य समाज के व्यक्ति हो, वो अटल जी को सुनने के लिए ललायित रहता था। जगह-जगह उनके कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में ऐसे लोग भाग लेते थे, जो भारतीय जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी के साथ अपना नाता नहीं रखते थे, अपितु विरोध भी रहते थे, वे भी अटल जी को सुनते थे। उनकी गुणवत्ता के कारण ही विपक्ष का नेता रहते हुए, उन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व यूएनओ के अंदर किया।

भारतीय भाषा अर्थात हिंदी के प्रति उनका जो स्नेह, लगाव और भारत का विकास भारतीय भाषाओं के माध्यम से ही होगा, यह दृढ़ निश्चिय उनके मन में था। जिसके कारण जब वह यूएनओ में गए, तो पहली बार भारत के किसी राजनेता ने, किसी अधिकारी ने विश्व पटल पर हिंदी का उपयोग करते हुए अपनी बात को रखा।

1975 में जब श्रीमती इंदिरा गांधी ने देश में आपात काल लगा दिया, अटल जी ने उस समय देश का जेल में रहते हुए नेतृत्व किया और लोकतंत्र जीवित रहना चाहिए, इसके लिए अपना, अपनी पार्टी, अपना दल इसका विलय जनता पार्टी में स्वीकार किया, अनेक पार्टियों को मिलाकर जनता पार्टी बनी, 1977 में जो चुनाव हुआ, उसमें पहली बार देश में गैर कांग्रेसी सरकार का गठन हुआ। मुरारजी भाई देसाई उसके प्रथम प्रधानमंत्री बने और विदेश मंत्री के रूप में श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने देश का नेतृत्व किया। ढ़ाई साल के अंदर वैचारिक मतभेद होने पर वह पार्टी टूट गई और भारतीय जनसंघ, भारतीय जनता पार्टी में परिवर्तित हुआ। कारगिल का युद्ध देश के लिए एक मिसाल बना, जब अटल जी स्वयं बॉडर पर पहुंचे और भारत के सैनिकों का मनोबल बढ़ाया। सैनिकों को मिलने वाले सम्मान का स्वरूप बदला गया। सीमा पर अपना बलिदान देने वाले वीर जवानों की शहादत को सलाम किया जाने लगा। ऐसे थे अटल जी जिन्होंने अपने कवि हृदय से कहा अटल चुनौती अखिल विश्व को भला बुरा चाहे जो माने, डटे हुए है राष्ट्र धर्म पर विपदाओं में सीना ताने।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**इंसान** एक सामाजिक प्राणी है। वह रिश्ते और रोजगार के अतिरिक्त भौगोलिक, सामाजिक, आर्थिक एवं अन्य कारणों से चाहे दुनिया के किसी भी कोने में, किसी भी देश का निवासी बनकर क्यों न रहता हो, अपनी एक अलग दुनिया होती है। इसी प्रकार, अलग-अलग जगहों पर रहते हुए मनुष्य की समस्याएं, आकांक्षाएं और उसके पास उपलब्ध सुविधाएं भले ही अलग-अलग प्रकार की हों, परंतु एक बात सभी मनुष्यों के जीवन पर लागू होती है और वह है मानव एकता तथा एकजुटता के साथ उसका आगे बढ़ना। दरअसल, मानव जाति की एकता की जरूरत दुनिया को आरंभिक काल से ही रही है, जबकि यह सच है कि एकता और एकजुटता के अभाव में किसी भी समाज या राष्ट्र का उत्थान संदिग्ध होता है। जाहिर है कि मानव जाति की एकता और एकजुटता के साथ उसके आगे बढ़ने की इस आवश्यकता को पूरा करने के लिए अपने-अपने स्तर पर दुनिया के तमाम देशों को गंभीर प्रयास करने ही होंगे। **नरेंद्र कुमार, कांगड़ा**

# सफलता के दरवाजे को लगे ताले खोलती है इंसान की कड़ी मेहनत



लेखक : सुभाष चंद कासव
राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक



मेहनत वह कुंजी है जो सफलता के दरवाजे को लगे ताले को खोलती है यह कहावत तो आप सबने सुनी होगी जो व्यक्ति मेहनत करता है वह सफलता के मुकाम पर अवश्य पहुंचता है ऐसा भी कहा जाता है कि पत्थर अंतिम चोट से टूटता है पर पहले वाली चोटें बेकार नहीं जाती उन चोटों ने उसे टूटने के लिए मजबूर किया होता है मेहनत का अर्थ है किसी कार्य को पूरा करने के लिए किया गया परिश्रम, जिसे व्यक्ति अपनी इच्छा और प्रयास से नियंत्रित कर सकता है। किस्मत पर व्यक्ति का नियंत्रण नहीं होता। यह बाहरी घटनाओं और परिस्थितियों पर निर्भर होती है। मेहनत के पर्यायवाची शब्द परिश्रम, श्रम, मशक्कत, उद्यम, मजदूरी आदि होते हैं।

मेहनत सफलता के दरवाजे पर लगे ताले को खोलने की कुंजी है। यदि आप अपने लक्ष्यों को प्राप्त करना चाहते हैं, तो मेहनत जरूरी है। मेहनत से आप अपनी क्षमताओं में वृद्धि कर सकते हैं यह व्यक्तिगत विकास के लिए आवश्यक है कि मेहनत से कर्म करें, क्योंकि मेहनत कर्म होता है और भाग्य कर्मों का फल है। कड़ी मेहनत आपको अधिक दृढ़, जिम्मेदार और परिपक्व बनाती है। श्री मद् भागवत गीता भी कर्म को प्रधान मानने का संदेश देती है।

कड़ी मेहनत आपको अपने सपनों को पूरा करने के लिए संसाधन अर्जित करने में मदद करती है। आपकी मेहनत से समाज को लाभ होता है। कड़ी मेहनत करना सुनिश्चित करता है कि आप अपने समय का सबसे अच्छा उपयोग करें, जो वैसे भी बीत जाएगा, भले ही आप बेकार बैठे हों। मेहनत कभी भी व्यर्थ नहीं जाती, एक न एक दिन काम आती है और उसका फल जरूर मिलता है। यदि हमें जीवन में कोई भी लक्ष्य हासिल करना हो, तो हमें बहुत मेहनत करनी पड़ेगी तथा सब का साथ भी आवश्यक रूप से लेना पड़ेगा। सब के साथ मिल कर मेहनत करने से कठिन से कठिन काम भी सुगम हो जाया करते हैं। परिश्रम करने वाला मनुष्य सदा सुखी रहता है। परिश्रमी व्यक्ति का जीवन स्वाभिमान से पूर्ण होता है, वह स्वयं अपने भाग्य का निर्माता होता है। उसमें आत्म-विश्वास होता है।

परिश्रमी किसी भी संकट को बहादुरी से झेलता है तथा उससे संघर्ष करता है। परिश्रमी व्यक्ति अनवरत कर्म करते हुए बड़े-बड़े मार्ग तय कर लेता है। अपने परिश्रम के बल पर पिछड़े विद्यार्थी भी उत्तीर्ण हो सकते हैं। इस संदर्भ में वरदराज का उल्लेख करना सर्वथा उपयुक्त है। कमरतोड़ काम करना कठोर परिश्रम करना, कठिन परिश्रम, लंबी यात्रा, कठिन पीस, कठिनाई सहना हर किसी के बस में नहीं होता। परिश्रम का बहुत अधिक महत्व होता है।

जब मनुष्य के जीवन में परिश्रम खत्म हो जाता है तो उसके जीवन की गाड़ी रुक जाती है। अगर हम परिश्रम न करें, तो हमारा खुद का खाना-पीना, उठना-बैठना भी संभव नहीं हो पाएगा। अगर मनुष्य परिश्रम न करे, तो उन्नति और विकास की कभी कल्पना ही नहीं की जा सकती है। मेहनती लोग अपने जीवन में चाहे कुछ भी करें, वे अपने कार्य को बड़ी लगन और परिश्रम से अंजाम देते हैं। वे समय के महत्त्व को समझते हुए बातें कम और काम ज्यादा में यकीन रखते हैं। वे व्यर्थ की बातों से दूर रहने का प्रयास करते हैं। अपने छोटे बड़े हर प्रकार के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सतत प्रयत्नशील रहते हैं। जब कोई व्यक्ति अपना करियर बनाना चाहता है या अपने करियर के लक्ष्यों को आगे बढ़ाने की उम्मीद कर रहा है, तो कड़ी मेहनत करना महत्वपूर्ण हो जाता है। हालांकि यह महत्वपूर्ण है, लेकिन इससे तब मदद मिल सकती है परिश्रम मानव जीवन का वह हथियार है जिसके बल पर भारी से भारी संकटों पर भी जीत हासिल की जा सकती है।

मेहनत एक ऐसा शब्द है, जिस पर यदि व्यक्ति अमल करे तो उसके देखे हुए हर ख्वाब सच होते हैं। दुनिया में कोई भी ऐसा व्यक्ति नहीं है जिसने बगैर मेहनत इसके अपने जीवन में कुछ भी पाया हो। कलयुग में किस्मत भी उनका ही साथ देती है जो कर्म करते हैं या फिर कहें कड़ी मेहनत करते हैं। संत कवीर की निम्न पंक्तियां भी मेहनत से काम करने का संदेश देती हैं-


जिन खोजा तिन पाइया, गहरे पानी पैठ
मैं बपुरा बूडन डरा, रहा किनारे बैठ।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# मन की शांति भंग होने से होती है मानसिक बीमारी



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार



मानसिक बीमारी प्राय: मन की शांति भंग होने से होती है, मन की शांति क्यों भंग हो जाती है। हमें यह समझना होगा कि हम इस संसार को नहीं बदल सकते, लेकिन हम अपने जीवन में नया आयाम जोड़ सकते हैं, जिससे कि शांति प्राप्त कर सकें। सच्ची शांति तभी शुरू होती है जब हमारी आत्मा पिता-परमेश्वर भगवान श्री राम का अनुभव करती है। ध्यान-अभ्यास के जरिये हम इस शरीर से ऊपर उठते हैं और फिर हमारी आत्मा अंदर के मंडलों की यात्रा करती है।

सतगुरु हमें भी इसका अनुभव प्रदान करते हैं। जितना ज्यादा हम आंतरिक अनुभव प्राप्त करते हैं, उतना ही ज्यादा हमें सुकून प्राप्त होता है। आंतरिक अनुभव मिलने पर हमारी आत्मा आनंद और खुशी का अनुभव करती है। आत्मा का ये अनुभव हर समय साथ रहता है जो कि उसे शांति और संतुष्टि से भर देता है। हम न तो अपने सांसारिक जीवन को बदल सकते हैं और न ही इससे जुड़ी समस्याओं को खत्म कर सकते हैं। पर ध्यान-अभ्यास के जरिये इन समस्याओं को देखने का नजरिया बदल सकते हैं। तब हम इन्हें एक अलग नजरिए से देखते हैं और आसपास के लोगों के लिए शांति का स्रोत बन जाते हैं। कल्पना कीजिए कि आपने जादुई तरीके से अपने दिमाग से यह सब निकाल दिया, भविष्य के बारे में 'क्या होगा अगर'।

अतीत के बारे में सोचना। खुशी, दुख और उलझन वाले सभी विचार। क्या बचेगा? मन की शांति। या, जैसा कि शब्दकोश में परिभाषित किया गया है, शांति या स्थिरता की मानसिक स्थिति और चिंता और बेचैनी से मुक्ति। मन की शांति तब होती है जब आपका दिमाग शांत हो जाता है और आपका मन और भावनाएं शांत और स्थिर हो जाती हैं। आखिरकार, आप जीवन की घटनाओं से अप्रभावित रहते हैं। हम आपके बारे में नहीं जानते, लेकिन हम इसमें शामिल होना चाहते हैं, लेकिन मन की शांति क्यों मायने रखती है? मन की शांति और सफलता शायद सबसे मूल्यवान चीज है जो हमारे पास हो सकती है। खास तौर पर इसलिए क्योंकि जब हम इसके बिना होते हैं, तो हम इसे वापस पाने की कोशिश में अपने बहुत सारे संसाधन खर्च कर देते हैं।

यहां कुछ तरीके दिए गए हैं जिनसे मन की शांति आपके जीवन में आपकी मदद कर सकती है-बेहतर एकाग्रता और ध्यान। जिसका मतलब है बेहतर उत्पादकता और कामों की सूची साफ हो जाना। एक अच्छी, गहरी नींद। जब आप जागते हैं तो आपको पूरी तरह से आराम महसूस होता है। आत्मविश्वास, आंतरिक शक्ति और किसी भी चुनौती के लिए तत्परता की सामान्य भावना। सभी स्थितियों में स्पष्टता का अहसास। श्वास क्रिया, मंत्र ध्यान, ताई ची और चीगोंग-दैनिक अभ्या से माइंडफुलनेस अवस्था को बढ़ावा मिलता है। मिनी डिजिटल डिटॉक्स पिछले कुछ सालों में हमारी जिंदगी वर्चुअल हो गई है, इसलिए स्क्रीन-फ्री समय और भी जरूरी हो गया है।

एक अध्ययन से पता चलता है कि सोशल मीडिया डिटॉक् से बेहतर कुल मिलाकर, जब आंतरिक शांति की बात आती है तो कम करना अधिक होता है। कुछ दवाई भी डॉक्टर की सलाह पर ले सकते है जो जीएबीए पर आधारित है गामा-एमिनोब्यूट्रिक एसिड (जीएबीए) एक न्यूरोट्रांसमीटर है जो शांत प्रभाव पैदा करने में मदद कर सकता है और माना जाता है कि यह शांतिपूर्ण मस्तिष्क में भूमिका निभाता है। गाबा एक निरोधात्मक न्यूरोट्रांसमीटर है जो केंद्रीय तंत्रिका तंत्र में संकेतों को अवरुद्ध करके मस्तिष्क को धीमा कर देता है। यह मस्तिक के नुकसान हुए कोशिश को रोकता है और विश्राम और नींद आता है जिससे मन शांत रह सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# सुंदरनगर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष को लेकर वर्कर्स में टकराव, हाईकमान से हस्तक्षेप की मांग

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

सुंदरनगर विधानसभा में संगठन को लेकर जिला मंडी के प्रभारी मुजफर ने एक मीटिंग बुलाई थी, जिसमें 500 से ज्यादा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया, इस सभा में सैकड़ों कार्यकर्ताओं का कहना था कि कार्यकर्ताओं की पसंद से ही पार्टी ब्लॉक अध्यक्ष चुना जाए, जिस पर प्रभारी ने भी अपने संबोधन में पहले ही कह दिया था कि सभी कार्यकर्ताओं से वह फीडबैक लेकर ही वह निर्णय लेंगे।

उसके बाद मंच से अपने कुछ चहेतों का संबोधन करवा और उनसे अपना गुणगान करवाकर बिना किसी उम्मीदवार का नाम लिए यह कह दिया कि एक नाम का प्रस्ताव पारित कर दिया गया है, जिस पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मांग उठाई कि अगर एक नाम का प्रस्ताव पारित कर दिया है तो उन्हें इस सभा में बुलाया क्यों गया है। इसके बाद कार्यकर्ताओं में आपसी टकराव की स्थिति पैदा हो गई, जिसे जिला मंडी के प्रभारी मुजफर ने हस्तक्षेप कर सबको शांत करवाया, जिसके बाद प्रभारी सभी कार्यकर्ताओं से अलग अलग मिले और सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने प्रभारी को अपनी अपनी पसंद बताई। कार्यकर्ताओं का कहना है कि नेता द्वारा मंच से ब्लॉक अध्यक्ष के उम्मीदवार का नाम क्यों नहीं लिया गया, उन्होंने कहा कि सुंदरनगर में संगठन की क्या दुर्दशा है यह किसी से छुपी नहीं है चाहे लोकसभा के चुनाव हो या विधानसभा के पार्टी हजारों वोटों के बड़े मार्जिन से लंबे अंतराल से हार का मुंह देख रही है और क्या इस बार भी गुपचूप तरीके से कार्यकताओं से बिना किसी के नाम पर विचार-विमर्श किए अपने किसी चहेते को इस पद पर बिठाने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और पार्टी के प्रभारी से मांग की है कि फीडबैक लेकर ब्लॉक अध्यक्ष का चयन करें।

"पार्टी का हित ही सर्वोपरि है, यही मान कर सभी कार्यकर्ताओं से राय मशवरा कर ही ऐसे अध्यक्ष का चुनाव किया जाना चाहिए, जो सभी को साथ लेकर पार्टी को एकजुट कर सके।
–पंडित अरुण प्रकाश, महासचिव हिप्र कांग्रेस कमेटी लीगल सेल।

"ब्लॉक अध्यक्ष ऐसा चुना जाना चाहिए जो पार्टी के लिए समय दे और पार्टी के लिए फील्ड में काम करे, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की राय लेनी भी जरूरी है, ताकि किसी की आवाज को दबाया न जाए।
–हरेंद्र सेन, पूर्व एपीएमसी चेयरमैन, जिला मंडी।

"संगठन में ऐसे लोगों को मौका मिले जो पार्टी के लिए समय दें, जिससे संगठन को मजबूती मिले जिसका फायदा आने वाले आगामी चुनावों में नजर आए। वहीं पदाधिकारियों की राय भी लेनी चाहिए।
–ओम प्रकाश, प्रधान, ग्राम पंचायत कपाही, सुंदरनगर।

"सुंदरनगर में जो संगठन की स्थिति है किसी से छुपी नहीं है, पार्टी लंबे समय से लगातार हार का मुंह देख रही है, कार्यकर्ताओं ने अपनी पसंद प्रभारी के समक्ष राय दी है, सर्वे के आधार पर किसी युवा और काबिल को मौका मिलना चाहिए जो पार्टी को एकजुट करे।
–राहुल कपूर, पूर्व सोशल मीडिया अध्यक्ष, सुंदरनगर एवं पूर्व महासचिव, जिला मंडी कांग्रेस।

"पार्टी में सबको मान मिलना चाहिए और पार्टी की मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं की पसंद का अध्यक्ष चुना जाना चाहिए। सुंदरनगर युवा कांग्रेस से नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष बने हैं उनका इस सभा में न मंच से नाम लिया गया न ही उन्हें मंच पर बुलाया गया, जिसकी जानकारी प्रभारी जी के समक्ष रख दी गई है।
–हिमांशु राठौर, उपाध्यक्ष, युवा कांग्रेस, सुंदरनगर विधानसभा।

"सुंदरनगर से ब्लॉक अध्यक्ष सर्वे के आधार पर बनाया जाए, जिला मंडी के प्रभारी मुजफर को कार्यकर्ता अपनी अपनी पसंद बता चुके हैं, पार्टी हाईकमान लंबे समय से पार्टी की बड़ी मार्जिन से हार को देखते हुए विशेष रूप से सुंदरनगर विधानसभा में अपनी दखल दे ताकि पार्टी मजबूत हो सके।
–नरेश मिंटू सेन (मिंटू), पूर्व उपाध्यक्ष, नगर परिषद, सुंदरनगर।

"सुंदरनगर में पार्टी को मजबूत करना है, तो पार्टी हाईकमान को भी कड़वे फैसले लेने होंगे, पार्टी सुंदरनगर में लगातार लंबे समय से बड़े मार्जिन से हार रही है, जिसका कारण कमजोर नेतृत्व और कमजोर संगठन है, सर्वे या चुनावों के माध्यम से ब्लॉक अध्यक्ष चुना जाना चाहिए।
–सत्यदेव शर्मा, पूर्व प्रधान, सुंदरनगर।

"पार्टी का ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस का होना चाहिए जो पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट करे न कि किसी व्यक्ति विशेष की रबर स्टाम्प होना चाहिए, जैसे पहले होता आया है, इसी कारण पार्टी सुंदरनगर में लंबे समय से हार का मुंह देख रही है।
–ओमप्रकाश चंदेल, कार्यकर्ता, कांग्रेस पार्टी, सुंदरनगर।

## न्यूज ब्रीफ

### बारिश और बर्फबारी से ठंड का बढ़ा प्रकोप



**भीम बसेड़, महादेव।** शुष्क सर्द मौसम के अचानक करवट बदलने से पहाड़ी ऊंचे क्षेत्रों में बर्फबारी एवं निचले क्षेत्रों में हल्की-फुल्की बारिश होने से खासकर बागवानों के चेहरे खिले हैं। शुष्क मौसम से फिलहाल मामूली राहत मिली तो जरुर है मगर रबी फसल की बुआई का समय निकल जाने से मंडी जिला के एक बड़े भाग में खाली-सूखे खेतों को अपने हाल में देखा जा सकता है और जहां कुछ खेतों में बुआई हुई भी है वह फसल अभी तक इसलिए भी राम भरोसे है क्योंकि उसके अंकुरे रूप से खेतों में बिना बारिश उगाने-बढ़ने की मंडी हालत देख अन्नदाता यानी किसान मन मसोस कर बैठने को मजबूर हो गया है। वहीं शीतलहर के चलते आग जलाने के लिए महादेव गांव के ग्रामीणों ने सूखी लकड़ियां इक्कट्ठा करना शुरू कर दी है।

### महाविद्यालय निहरी में एनएसएस शिविर शुरू




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला मंडी के स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय निहरी में सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का आरंभ किया गया। इस वर्ष सात दिवसीय एनएसएस शिविर की थीम 'यूथ फॉर माय भारत एंड यूथ फॉर डिजिटल लिटरेसी' है। इस विशेष शिविर का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पूर्ण चंद चौहान के संरक्षण व मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रो. ऋषभ भारद्वाज मुख्यातिथि तथा सुनील कुमार धीमान विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

### एफपीओ लाइसेंस के लिए विभाग के पास दें आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी में केंद्रीय प्रायोजित 10000 एफपीओ के गठन एवं संवर्द्धन योजना के अंतर्गत प्रगति की समीक्षा के लिए नाबार्ड द्वारा उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन, आईएएस की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक उद्देश्य जिले में योजना के अंतर्गत गठित किसान उत्पादक संगठनों के विकास और कामकाज की प्रगति की बारीकी से निगरानी और समीक्षा करना है। अध्यक्ष महोदय ने बताया कि योजना के अंतर्गत कार्यान्वयन एजेंसियां जैसे नाबार्ड, एनसीडीसी, एसएफएसी एवं नेफेड ने क्लस्टर आधारित व्यवसाय संगठन (सीबीबीओ) के माध्यम से 18 एफपीओ का गठन किया, जो कंपनी अधिनियम और सहकारी समिति अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत किए गए हैं। डीडीएम, नाबार्ड, राकेश वर्मा ने बताया कि जिले में 14 ब्लॉक हैं, जहां उक्त परियोजना के अंतर्गत गठित 18 संगठनों से 5000 से अधिक किसान लाभ ले रहे हैं। उपनिदेशक, कृषि विभाग मंडी ने बताया कि पात्र एफपीओ लाइसेंस के लिए विभाग में आवेदन दे सकते हैं।

### राजपूत सभा ने मनाया 35वां स्थापना दिवस



**अनंत ज्ञान, मंडी।** श्री राजपूत सभा व क्षत्रिय संघ द्वारा संयुक्त रूप में वरिष्ठ नागरिक होम मंडी में सभा का 35 वां स्थापना दिवस व महाराणा प्रताप जयंती का आयोजन किया गया। इस मौके पर 80 से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 12वीं कक्षा के मेधावी छात्र-छात्राओं को 'एक थी रानी खैर गढ़ी' की जीवन चरित्र पर आधारित पुस्तक प्रदान कर सम्मानित किया गया। कर्नल एमके मंड्याल की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में सम्मान पाने वाले छात्र-छात्राओं में दीक्षा, इशिका, कशिश, मुस्कान, पल्लवी, रिया, शिवांगी, तानिया, मुकेश, रूपेश चंदला, वंश, साक्षी ठाकुर, हरमाइनी, मानवी ठाकुर, आदित्य रांगड़ा, महल ठाकुर, पायल मिन्हास, श्रेया ठाकुर, तन्वी आदि शामिल रहे। कार्यक्रम में पपराहल के संघर्ष कुमार को लेफ्टिनेंट बनने पर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उपस्थित बुजुर्गों को कंबल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### पौधों की देखरेख पर विभाग ने जारी किया परामर्श

**अनंत ज्ञान, मंडी।** मंडी जिले में पिछले कुछ दिनों में बढ़ती ठंड व घने कोहरे के चलते फलदार पौधों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। कड़ाके की ठंड व घने कोहरे के कारण जिला के बागवानों को आर्थिक नुकसान हो सकता है। यह जानकारी उप-निदेशक उद्यान, मंडी ने मंगलवार को यहां दी। उन्होंने बताया कि सर्दी के मौसम में कोहरे के प्रभाव व न्यूनतम तापमान की वजह से पौधों की कोशिकाएं पानी के जमाव से फट जाती हैं एवं क्षतिग्रस्त हो सकती हैं। फलों की अच्छी उपज नहीं हो पाती है, फूल झड़ने लगते हैं व फल खराब हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि ज्यादा कोहरे के कारण फलदार पौधों में वृद्धि कम हो जाती है और आने वाले सीजन में फूल कम आते हैं और पैदावार घट जाती है। संजय गुप्ता ने बताया कि मंडी जिले में लंबे अरसे से बारिश न होने के कारण सूखे जैसी स्थिति बनी है, जिस कारण घना कोहरा पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में निपटने के लिए बागवानों को उन्हीं फलदार पौधों का चयन करना चाहिए जिनमें कोहरे के प्रति प्रतिरोधक क्षमता हो। छोटे फलदार पौधों को विशेष देखभाल की जरूरत होती है।

### सीपी ग्राम पोर्टल से प्राप्त जनसमस्याओं को किया हल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर प्रशासन ने सुशासन सप्ताह के तहत सीपी ग्राम पोर्टल के माध्यम से प्राप्त 32 जन समस्याओं को मौके पर जाकर समाधान कर दिया है। साथ ही ई-डिस्ट्रिक पोर्टल के माध्यम से कुल 394 विभिन्न तरह के प्रमाण पत्र भी जारी किए गए हैं। जोगिंद्रनगर उपमंडल में सुशासन सप्ताह के तहत 19 से 23 दिसंबर तक विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविरों के माध्यम से लोगों की समस्याओं का उनके घर द्वार पहुंचकर निपटारा किया गया है। इस बारे जानकारी देते हुए एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने बताया कि जोगिंद्रनगर उपमंडल में सुशासन सप्ताह के दौरान विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर जन समस्याओं को सुना गया तथा अधिकतर का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सीपी ग्राम पोर्टल के माध्यम से कुल 32 जनसमस्याएं प्राप्त हुई जिन्हें मौके पर ही हल कर दिया गया।

### आरोपियों से चरस व देसी शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, मंडी।** मंडी पुलिस द्वारा बीते रोज नशे की खेप पकड़ी है जिसमें पुलिस थाना बल्ह के अन्तर्गत नाकाबन्दी के दौरान मंडी से अम्बाला की ओर जा रही बस नम्बर एचपी 31 ए-9083 की तलाशी के दौरान शेर सिंह पुत्र राम लाल बंजार जिला कुल्लू से 1.582 किलोग्राम चरस बरामद की गई। आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना बल्ह में एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत मामला दर्ज किया कर आगामी कार्रवाई की जा रही है। वहीं पुलिस थाना करसोग के अन्तर्गत नाकाबन्दी के दौरान पिकअप जीप नम्बर एचपी 07 एफ 0571 की तलाशी के दौरान चालक मितल ठाकुर पुत्र नरेन्द्र कुमार सेरी बंगलो तहसील करसोग से व सवार अन्य व्यक्ति कुश ठाकुर पुत्र सुनील ठाकुर गांव शरमला डाकघर माहोरी तहसील ठियोग जिला शिमला से 744 बोतले देसी शराब मार्का उना नम्बर-1 बरामद की गई। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि उपरोक्त आरोपियों के विरुद्ध पुलिस थाना करसोग में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### सियासी पैंतरेबाजी का शिकार बने धर्मपुर और सरकाघाट के सैकड़ों दिव्यांग

# नेताओं को खुश करने के लिए विभाग ने दो दिन भटकाए दिव्यांग

**रितेश चौहान, सरकाघाट**



दिव्यांगों को उपकरण बांटते हुए कांग्रेस नेता पवन ठाकुर व अन्य।

राजनीतिक तुष्टिकरण और पैंतरेबाजी के शिकार हुए धर्मपुर और सरकाघाट के विकलांगों को भारी ठंड और बारिश के दौरान लगातार दो दिन कृत्रिम अंग लेने के लिए भटकना पड़ा। पहले दिन के कार्यक्रम में मुख्यातिथि धर्मपुर के विधायक से जब दिल नहीं भरा तो सरकाघाट के कांग्रेस प्रत्याशी ने उन्हीं विकलांगों को दूसरे दिन उपकरण बांट दिए, कुल मिलाकर जो कार्य एक दिन में होना था उसे स्वास्थ्य और सामाजिक विभाग ने दो नेताओं को खुश करने के खातिर लगातार दो दिन आयोजित करवा दिया, लेकिन दिव्यांगों और उनको लाने वाले परिवार जनों को करीब 60-60 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ी जिसके चलते दिव्यांगों में सरकार के प्रति रोष देखा गया।

इस मामले को लेकर सरकाघाट के विधायक दिलीप ठाकुर ने कहा कि दोनों विभागों ने नेताओं को खुश करने के खातिर विकलांगों पर ओछी राजनीति की है जिससे सरकार का चेहरा बेनकाब हुआ है एक तरफ सुक्खू सरकार दिव्यांगों और बेसहारा लोगों की हित्याशी होने का दावा करती है लेकिन सरकाघाट में दो दिन चले इस कार्यक्रम में सरकार की असलियत खुलकर सामने आई है।

इन दिव्यांगों को कृत्रिम अंग और अन्य उपकरण देने के लिए 60-60 किलोमीटर दूरी तय करना पड़ी है। उन्होंने इस मामले को सरकार से उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

गौरतलब है कि बीते दिन सरकाघाट नागरिक अस्पताल में जिला प्रशासन, स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग के सौजन्य से विधायक चंद्रशेखर द्वारा धर्मपुर और सरकाघाट के 81 विकलांगों को कृत्रिम और सहायक उपकरण बांटे थे। विभाग ने बाकायदा इसके प्रेस नोट भी दिए थे परंतु आज अचानक दूसरे चरण का नाम देकर पूर्व प्रदेश सचिव व सरकाघाट कांग्रेस प्रत्याशी पवन ठाकुर की अध्यक्षता में दोबारा यहीं पर यही कार्यक्रम आयोजित करवा कर 39 विकलांगों को फिर वही उपकरण बांटे दिए गए।

सीएमओ मंडी डॉक्टर नरेंद्र भारद्वाज ने कहा की उन्हें आज फिर सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग द्वारा शामिल होने को लेकर बुलाया गया था अस्पताल में प्रोग्राम था इसलिए वह इसमें शामिल हुए। उन्हें बताया गया कि कल जो कार्यक्रम हुआ था वह धर्मपुर के विकलांगों के लिए था। (अनंत ज्ञान)

#### गाड़ी नहीं पहुंची इसलिए दोबारा करना पड़ा कार्यक्रम

**कार्यक्रम** जगदीश शर्मा सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग के तहसील कल्याण अधिकारी सरकाघाट जगदीश वर्मा का कहना है की चंडीगढ़ से कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण लाने वाली गाड़ी कल समय पर नहीं पहुंच सकी थी इसलिए आज फिर कार्यक्रम आयोजित करना पड़ा। सवाल यह उठता है कि जब धर्मपुर विधानसभा और सरकाघाट विधानसभा दोनों अलग-अलग हैं धर्मपुर और संधोल अलग नागरिक अस्पताल हैं तो आखिरकार वहां के विधायक को सरकाघाट में कार्यक्रम आयोजित करने की क्या जरूरत पड़ी और इस कार्यक्रम में संधोल से लेकर समैला तक के 60 किलोमीटर दूरी के विकलांगों को क्यों बुलाया गया।

## एसपीएस स्कूल में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बच्चों ने मोहा मन




मुख्यातिथि के साथ प्रतिभागी बच्चे।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल सरकाघाट ने 22वें वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का सफल आयोजन किया। इस समारोह में छात्रों, अभिभावकों और गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि चंद्रमोहन शर्मा जिला परिषद थौना वार्ड एवं अध्यक्ष हिमाचल रेसलिंग एसोसिएशन ने समारोह की शोभा बढ़ाई और छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। समारोह का शुभारंभ मुख्यातिथि, विशेष अतिथियों और विद्यालय के अध्यक्ष सुरेंद्र राणा ने किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंदर कुमार गौतम ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। समारोह के समापन पर मुख्य अतिथि चंद्रमोहन शर्मा ने सभी विद्यार्थियों और स्कूल प्रशासन को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई दी।

## महादेव में सड़क पर हो रहा पेयजल का रिसाव

**भीम बसेड़ू, महादेव**



ग्राम पंचायत महादेव में जहां एक बड़े भाग में लापरवाह एवं बेखौफ लोगों के यहां पानी के नल बंद न किए जाने से व्यर्थ में पानी बहता रहता है, वहीं वर्षों से जल शक्ति विभाग की जलापूर्ति पाइपों से पानी का रिसाव भी खूब हो रहा है।

ग्राम पंचायत महादेव के वार्ड नं 5 से सटी प्राचीन शिव मंदिर महादेव को जाती सड़क के एक बड़े भाग को फाड़ते हुए जल शक्ति विभाग की पाइप से रिसाव हो रहा है। लोगों ने जल शक्ति विभाग व उपायुक्त मंडी से प्रार्थना की है कि ग्राम पंचायत महादेव में बढ़ते जा रहे जल रिसाव की रोकथाम हेतु शीघ्र ही कारगर कदम उठाए।

## शब्दकोश एकथन परियोजना का पहला चरण हुआ पूरा




**अनंत ज्ञान, मंडी।** राजकीय महाविद्यालय पनारसा में पुस्तकाध्यक्ष बिंदु सूर्यवंशी ओर हैकथन परियोजना समिति के सदस्यों ने विद्यार्थियों द्वारा एकत्रित शब्दों पर पहले ड्राफ्ट का कार्य शुरू किया। शब्दकोश हैकथन परियोजना कार्यशाला के अंतर्गत मनाली से पण्डोह के अंतर्गत क्षेत्रों में बोले जाने वाले बोलियों के शब्दों को संग्रहित करने का कार्य किया। विद्यार्थियों ने हिंदी के शब्दों को अपने लोक भाषा में अनुदित किया। इससे एक शब्दकोश तैयार किया जा रहा है। पहले चरण में पुस्तकाध्यक्ष और विद्यार्थियों रवि शर्मा, हर्षिता, रितिका, नीलेश, सपना, परीक्षा व कनिका ने यह कार्य पूरा किया।

## स्वात फ्रेंच किक बॉक्सिंग की टीम कोलकाता को आज रवाना

**अनंत ज्ञान, मंडी**



सातवीं राष्ट्रीय स्वात फ्रेंच किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप 27 से 29 दिसंबर तक कोलकाता के पीएल रॉय इंडोर स्टेडियम, सियालदह में आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में सीनियर, जूनियर, यूथ, सब-जूनियर और कैडेट वर्ग की विभिन्न भार श्रेणियों में असॉल्ट और कॉम्बैट इवेंट के मुकाबले होंगे। हिमाचल प्रदेश से 18 खिलाड़ियों का चयन इस प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो 25 दिसंबर को कोलकाता के लिए रवाना होंगे।

वहीं टीम मैनेजर अमर चंद, टीम कोच पंकज कुमार व महासचिव संतोषी शर्मा टीम के साथ रवाना होंगे। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि सभी खिलाड़ी बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे।

## दो दिन तक मंडी में होगा राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय चिंतन

**मंडी।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना के शताब्दी समारोह की पूर्व संध्या के अवसर पर बुधवार को देश में वर्तमान राजनीतिक हालात पर एक सेमिनार में गंभीर चिंतन किया जाएगा। इसमें सीपीएम के नेता भी शामिल होंगे।

समिति के महासचिव कामरेड देशराज ने बताया कि मंडी के मशहूर अधिवक्ता तथा वामपंथी नेता कामरेड भगतराम की स्मृति में आयोजित किया जाएगा जिसमें देशभर की नामचीन हस्तियों सहित, प्रदेश के जाने-माने साहित्यकार एवं विचारक भाग लेंगे। अगले दिन 26 दिसंबर को कार्यक्रम की शुरुआत सेरी मंच पर होगी।

## हेमकांत कात्यायन स्मृति समारोह में सम्मानित होंगी विभूतियां

**अनंत ज्ञान, मंडी।** प्रथम हेमकांत कात्यायन स्मृति समारोह में हिमाचल प्रदेश सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार शर्मा विभिन्न विधाओं में उल्लेखनीय कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित करेंगे। यह कार्यक्रम हेमकांत कात्यायन मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा प्रेस क्लब मंडी व सरस्वती विद्या मंदिर प्रबंधन समिति के सहयोग से किया जा रहा है।

ट्रस्ट की अध्यक्षा निर्मला कात्यायन ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार शर्मा जो मंडी में उपायुक्त व अतिरिक्त उपायुक्त के तौर पर कार्य कर चुके हैं तथा जिले के सुंदरनगर में तकनीकी निदेशालय में भी निदेशक रहे चुके हैं से इस समारोह में आने का आग्रह किया गया था। उन्होंने ट्रस्ट का आग्रह स्वीकार करते हुए इस समारोह में आने की हामी भर दी है। समारोह सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला महाजन बाजार में बुधवार सुबह 11 बजे शुरू होगा। समारोह में रमेश बंटा का पत्रकारिता, विजय विशाल को साहित्य तथा सूरजमणी को मरणोपरांत कला क्षेत्र में सम्मानित किया जाएगा।

## सबजूनियर डॉजबॉल चैंपियनशिप के लिए चेन्नई रवाना हुई हिमाचल टीम



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

डॉजबॉल सब जूनियर टीम चेन्नई के लिए रवाना हो गई है। सब-जूनियर चैंपियनशिप में भाग लेने वाले खिलाड़ी आयुष ठाकुर, नवीन कुमार, सिद्धार्थ चोपड़ा, राहुल, आदित्य ठाकुर, मृदुल, शौर्य चौहान, कृतज्ञ राव और शौर्य शामिल है।

डॉजबॉल संघ के महासचिव राम सिंह ने कहा कि चेन्नई में 25 से 29 दिसंबर तक डॉजबॉल फेडरेशन द्वारा चैंपियनशिप आयोजित की जा रही है। इस मौके पर डॉजबॉल संघ के चेयरमैन संजय कुमार, कोषाध्यक्ष अमी चंद, सदस्य मनोज कुमार, टीम कोच राहुल, टीम मैनेजर छविल कुमार, राम चंदर व अन्य मौजूद रहे।

## 26 और 28 को बिजली बंद रहेगी

**सरकाघाट।** 33 केवी सब स्टेशन बरच्छवाड़ में पावर ट्रांसफार्मर की मरम्मत के कारण 26 से 28 दिसंबर तक 10 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान सरकाघाट, गोपालपुर, मोंही, मसेरन, टीहरा, ओल्ड रिस्सा, न्यू रिस्सा, धर्मपुर सहित संबंधित 11 केवी फीडरों से जुड़े क्षेत्रों जैसे डबरोग, बेहड़, लाका, कराडी, पपलोग, नौनु, रोपड़ी, रिस्सा चौक, ब्रारता, बाग, बरच्छवाड़, तताहर, नौबाही, गोपालपुर, डली, दारपा, रखोह भुआनी, कांगू ग्लू, टिक्करी, आदि में बिजली बाधित रहेगी। यह जानकारी सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल सरकाघाट ई. हंसराज ने दी।

## शहीद मेजर अरुण को नालटी में दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



पूर्व सैनिक शहीद मेजर अरुण कुमार शर्मा को सलामी देते हुए।

सीनियर सेकेंडरी स्कूल नालटी में वहां के स्थानीय निवासी शहीद मेजर अरुण कुमार शर्मा को स्थानीय भूतपूर्व सैनिकों ने उनकी 21वीं शहीदी वर्षगांठ पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मेजर अरुण कुमार शर्मा ने आज के ही दिन 21 वर्ष पहले 2003 में जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों से लोहा लेते हुए अपने प्राण त्याग दिए थे तथा अपने इलाके का नाम रोशन किया था।

मेजर अरुण कुमार शर्मा कलवाड़ी निवासी कैप्टन रामनाथ शर्मा व गायत्री देवी के सुपुत्र थे जिन्होंने बहुत ही कम उम्र 28 साल में देश की रक्षा के लिए अपने प्राण निछावर कर दिए।

इस मौके पर नालटी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में उनकी प्रतिमा के सामने खड़े होकर न केवल भूतपूर्व सैनिक ने ही नहीं बल्कि उनके माता-पिता सहित और भी परिवार के सदस्य, स्कूल के बच्चे तथा स्थानीय लोगों ने भी इस समारोह में भाग लिया।

इस बैठक की अध्यक्षता में मेजर रमेश कुमार वर्मा सेवानिवृत्त नेकी तथा स्थानीय कमेटी के अध्यक्ष कर्नल मलकीत सिंह भी मौके पर मौजूद रहे। इसके साथ ही बिलासपुर जिला के कप्तान बालकराम शर्मा, सूबेदार मेजर कुलवंत सिंह, कप्तान दिलीप सिंह कटोच, सूबेदार परमानंद व सेऊ निवासी सिपाही अंकेश भारद्वाज के पिता तथा उनकी धर्मपत्नी आदि मौजूद रहे।

**मांग** | मनरेगा एवं भवन निर्माण मजदूर यूनियन की बैठक में उठाए मुद्दे

# निर्माण मजदूरों को वित्तीय सहायता जारी न होने पर रोष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



बैठक के दौरान चर्चा करते हुए सामूहिक चित्र में।

सीटू संबंधित मनरेगा एवं भवन निर्माण मजदूर यूनियन मंडी जिला कमेटी की बैठक कॉमरेड तारा चंद भवन में जिला अध्यक्ष गुरुदास वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें फेडरेशन के राज्य महासचिव एवं श्रमिक कल्याण बोर्ड सदस्य भूपेंद्र सिंह और सीटू महासचिव राजेश शर्मा, गोपेंद्र शर्मा, नरेश कुमार, ललित कुमार, राजेंद्र सिंह, इंद्र सिंह, लीलामणी, हेमराज सहित अन्य कमेटी सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि बोर्ड द्वारा पिछले एक साल से मंडी जिला के 35 हजार मजदूरों की करोड़ों रुपए की सहायता राशि रोकी हुई है और ईकेवाईसी की शर्त लगा कर उसमें और अड़चनें डाल दी है। निर्णय लिया गया कि मजदूर जनवरी के तीसरे हफ्ते बोर्ड कार्यालय शिमला का घेराव करेंगे।

बोर्ड सदस्य भूपेंद्र सिंह ने कहा की मंडी जिला के श्रम कल्याण अधिकारी के लिए उपयुक्त दफ्तर और स्टोर उपलब्ध नहीं करवाया जा रहा है हालांकि पिछले दस साल से ये कार्यालय लेबर ऑफिसर मंडी के कार्यालय के साथ अटैच था। उप कार्यालय सरकाघाट बिना मोटीवेटर के ही चल रहा है जबकि मंडी जिला में सबसे ज्यादा मजदूर धर्मपुर और गोपालपुर खंडों में पंजीकृत हैं। भूपेंद्र सिंह ने बताया कि उन्होंने इन मुद्दों को बोर्ड में गत दो बैठकों में उठाया था लेकिन बोर्ड की अफसरशाही इसको लागू नहीं कर रही है और उसके चलते मजदूरों के काम समय पर नहीं हो रहे हैं।



## न्यूज ब्रीफ

### तीन दिवसीय भ्रमण पर निकले 40 विद्यार्थी



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरोह के 40 बच्चों को तीन दिवसीय भ्रमण के लिए हरी झंडी देकर रवाना किया। स्कूल प्रवक्ता संजय सिंह के अनुसार तीन दिवसीय भ्रमण में स्कूल के छात्र आनंदपुर साहब, पांवटा साहब, ऋषिकेश, हरिद्वार और कुरुक्षेत्र जाकर दर्शन करेंगे। विधायक विवेक शर्मा ने स्कूल के टूर कार्यक्रम में छात्रों को शुभकामनाएं देकर रवाना किया। विवेक शर्मा ने कहा कि स्कूली छात्रों को पढ़ाई के साथ खेलकूद और हमारी संस्कृति का हिस्सा रहे धार्मिक स्थानों का ज्ञान होना भी जरूरी है। विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र शिक्षा के साथ हर प्रकार की संस्कृति में प्रथम स्थान पर हो, उसी आधार से हम कार्य कर रहे हैं। इस मौके पर कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष मुनीष कुमार बैंस, दिनेश खत्री,देसराज मोदगिल के अलावा अन्य मौजूद रहे।

### दौलतपुर चौक में श्री कृष्ण की लीलाओं का वर्णन



**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** भगवान श्री कृष्ण की जन्म कथा का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। दौलतपुर चौक के माता कुआ देवी मंदिर में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कथावाचक त्रिदंडी स्वामी श्रीमद् भक्ति प्रसाद गिरि महाराज ने श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने अपने भक्तों का उद्धार व पृथ्वी को दैत्य शक्तियों से मुक्त कराने के लिए अवतार लिया था। उन्होंने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। उन्होंने भगवान श्री कृष्ण के जन्म का प्रसंग व श्रीराम जी के पूर्वजों उनके जन्म लेने के गूढ़ रहस्यों को कथावाचन ने बेहद संजीदगी के साथ सुनाया। उन्होंने कहा कि माता-पिता का कर्ज कोई भी इंसान नहीं चुका सकता। यदि सब कर्ज चुकाने हों तो श्री कृष्ण की भक्ति करो उनकी शरण में जाओ उन्होंने कहा कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। भगवान के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्री कृष्ण गोकुल पहुंच गए। इस अवसर पर उन्होंने श्री कृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं का वर्णन किया।

### भंजाल स्कूल में दौड़ प्रतियोगिता आयोजित



**गोंदपुर बनेहड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल भंजाल में रवि सोलर एंड रिन्यूएबल प्राइवेट लिमिटेड के सौजन्य से 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें काफी संख्या में छात्रों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में लड़कियों में प्रथम स्थान पर शांति, दूसरे स्थान पर ममता व तीसरे स्थान पर राजवती रही। वहीं, लड़कों में प्रथम स्थान पर आर्यन, दूसरे स्थान पर रक्षित और तीसरे स्थान पर हनी रहा। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तीसरे स्थान पर आने वाले छात्रों को इनाम भी बांटे गये। इस अवसर सीमा सोहाल, रमणीक बंसल, मधु ठाकुर, डीपीई विनोद ठाकुर, सुनील ठाकुर, अरुण कुमार, सुशील कुमार, अश्वनी पठानिया व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### योजनाओं का लाभ उठाने के लिए किया प्रेरित



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के मेगावाट सौर परियोजना अघलौर के सौजन्य से कृषि तथा पशुपालन के साथ मिलकर ग्रामीणों के लिए सेमिनार का आयोजन किया। कृषि विभाग की तरफ से अधिकारी सतपाल धीमान तथा पशुपालन विभाग से वरिष्ठ पशु चिकित्सक अधिकारी डॉ. राजेश कुमार जंगा मुख्यातिथि शिरकत करके सभी किसानों को जागरूक किया। सौर ऊर्जा के प्रशासक देवराज सौखला ने ग्रामीणों तथा प्रतिनिधियों का अभिवादन किया और सौर परियोजना के बारे में विस्तार से बताया। कृषि अधिकारी सतपाल धीमान ने कृषि के बारे में केंद्रीय सरकार तथा राज्य सरकार से दी जाने वाली सहायता और उनका लाभ उठाने के लिए सभी ग्रामीण वासियों को प्रेरित किया। डॉ. राजेश जंगा ने कहा कि भेड़ बकरी पालन कृषि क्रेडिट कार्ड आदि बनाकर किसान लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आर्थिकी मजबूत करने के लिए अनेक योजनाओं को धरातल पर उतार कर लाभ पहुंचाने का काम कर रहे हैं। कसान अच्छी नस्ल का दुधारू पशु रखकर अपनी आर्थिकी मजबूत कर सकता है। इस मौके पर संदीप वर्मा, विपिन वर्मा, प्रकाश डोगरा, वरिंदर राणा, एचपीसीएल के एसडीओ राकेश कुमार, कपिलेश कुमार, अभिषेक डोगरा, मनोज कुमार आदि उपस्थित रहे।

### एनएसयूआई ने युकां अध्यक्ष का किया स्वागत



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** एनएसयूआई (नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया) के बंगाणा इकाई के कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष मुनीष बैंस का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया, जिससे क्षेत्र में राजनीतिक सक्रियता का उत्साह स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। समारोह के दौरान, एनएसयूआई के सदस्यों ने मुनीष बैंस को फूलमालाओं से सम्मानित किया और उनके नेतृत्व में संगठन की मजबूती और विकास की उम्मीद जताई। अपने संबोधन में बैंस ने सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया और युवाओं को राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति देश की रीढ़ है और मिलकर समाज की बेहतरी के लिए कार्य करना होगा। युवाओं ने मुनीष बैंस की नियुक्ति को संगठन के लिए एक सकारात्मक कदम बताया और विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में युवा कांग्रेस नई ऊंचाइयों को छुएगी। उन्होंने कहा कि मुनीष बैंस जैसे ऊर्जावान नेता के साथ हम क्षेत्र में युवाओं की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाएंगे और उनके समाधान के लिए प्रयासरत रहेंगे। इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने भी उनके विचार साझा किए और युवा पीढ़ी को संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी में युवाओं की भागीदारी से नई ऊर्जा का संचार होता है, जो भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से संगठन की एकता और क्षेत्र के विकास के लिए मिलकर कार्य करने की शपथ ली। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस महासचिव दिनेश खत्री, नवनियुक्त जिला युवा कांग्रेस महासचिव अभिषेक शर्मा, प्रिंस ठाकुर एनएसयूआई कार्यकर्ता आशीष ठाकुर, रोबिन प्रभाकर, नितिन कश्यप, सुशील, अभिषेक, हितेश, युवराज, आदित्य शर्मा, निश्चय, अभिषेक भाटिया, हर्ष, वंश, सुधांशु, हर्षित, अभिषेक, गौरव, रितिक उपस्थित रहे।

# जिला प्रशासन की अवैध खनन पर ड्रोन से कार्रवाई, चार ट्रैक्टरों सहित कई वाहन पकड़े

## उपायुक्त बोले-अवैध खनन के खिलाफ भविष्य में और कड़े कदम उठाएंगे, किसी को नहीं बख्शेंगे

**राजेश शर्मा, ऊना**

ऊना जिला प्रशासन ने अवैध खनन के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को सख्ती से लागू करने के उपक्रम में मंगलवार को जिले में औचक छापेमारी कर कड़ी कार्रवाई की। उपायुक्त जतिन लाल के नेतृत्व में एक संयुक्त टीम ने मंगलवार को स्वां नदी क्षेत्र और इसके आसपास के इलाकों में यह कार्रवाई की। इस टीम में पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह और खनन अधिकारी नीरज कांत, खनन निरीक्षक पंकज कुमार तथा एसएचओ मैहतपुर मस्तराम नाइक समेत अन्य अधिकारी शामिल थे।

प्रशासन ने अपनी कार्रवाई को अधिक सटीक और प्रभावी बनाने तथा खनन गतिविधियों की कड़ी निगरानी के लिए अत्याधुनिक ड्रोन तकनीक का भी इस्तेमाल किया। इस कार्रवाई के दौरान खानपुर, फतेहपुर, संतोषगढ़ और बथड़ी क्षेत्रों में 4 ट्रैक्टर समेत अन्य वाहन जब्त किए गए। इसमें संलिप्त व्यक्तियों पर भारी जुर्माना लगाने के साथ आगे कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



उपायुक्त जतिन लाल स्वां नदी क्षेत्र में निरीक्षण करते हुए।

जतिन लाल ने कहा कि अवैध खनन के खिलाफ भविष्य में और भी कड़े कदम उठाए जाएंगे। रोजाना ड्रोन और पुलिस टीम की सहायता से संवेदनशील क्षेत्रों की गहन निगरानी की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि हिमाचल सरकार की अवैध खनन पर 'जीरो टॉलरेंस' की नीति है। ऊना जिला प्रशासन इस नीति को पूरी शिद्दत से लागू कर रहा है। हम सभी क्षेत्रों में इस तरह की कठोर कार्रवाई जारी रखेंगे। हमने साफ निर्देश दिए हैं कि ऐसी गतिविधियों में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

उन्होंने जोर देकर कहा कि अवैध खनन एक गंभीर अपराध है, जिसके व्यापक दुष्प्रभाव हैं। इससे पर्यावरण को अपूरणीय क्षति और सरकारी राजस्व का नुकसान के साथ-साथ स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र का विनाश और भूजल स्तर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उपायुक्त ने सभी नागरिकों से अवैध खनन मुक्त ऊना बनाने के अभियान में सहयोगी बनने का अनुरोध किया है। उन्होंने आम जनता से अवैध खनन गतिविधियों की सूचना देने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनता का साथ, सतर्कता और सहयोग अवैध खनन की पूर्ण रोकथाम में उपयोगी होगा।

वहीं, पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने कहा कि अवैध खनन से निपटने के लिए जिला पुलिस पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसमें कड़ी निगरानी और सख्त कार्रवाई की जा रही है, और आगे भी हम लगातार इस पर नजर रखेंगे। ड्रोन तकनीक के जरिए हम इन गतिविधियों को और सटीकता से मॉनिटर करेंगे, ताकि अपराधियों को कोई मौका न मिल सके। जिले में कानून से खिलवाड़ करने वालों से पूरी सख्ती से निपटा जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### यौन उत्पीड़न अधिनियम कानूनों के बारे में महिला अधिकारियों कर्मचारियों को किया जागरूक

अनंत ज्ञान, ऊना। राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण (नालसा) के निर्देशानुसार मंगलवार को डीआरडीए हॉल ऊना में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा महिलाओं के यौन उत्पीड़न (निवारण निषेध एवं निवारण अधिनियम 2013) पर ऊना ब्लॉक की महिला अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए कानूनी जागरूकता पर कार्यशाला आयोजित की गई।

इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ऊना की सचिव एवं अतिरिक्त मुख्य दण्डाधिकारी अनिता शर्मा, वीपी हिमोत्कर्ष एवं अध्यक्ष स्थानीय शिकायत समिति दीपशिखा और जिला कार्यक्रम अधिकारी ऊना एवं सदस्य, स्थानीय शिकायत समिति नरेंद्र कुमार ने कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन के रूप में शामिल हुए।

### कलाकारों ने रोड सेफ्टी को लेकर लोगों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, ऊना।** आरटीओ ऊना के आदेशानुसार आरके कला मंच चिंतपूर्णी के कलाकारों द्वारा रोड सेफ्टी व एचआईवी एड्स के बारे में नुक्कड़ नाटक व गीत संगीत के माध्यम से ट्रक यूनियन गगरेट व ट्रक यूनियन भंजाल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एआरटीओ विजय भूरिमा एसीडैंट ट्रांसपोर्ट ऑफिसर द्वारा की गई।

इस मौके पर नरेंद्र सिंह कंवर सिविल हॉस्पिटल अंब और आरटीओ आफिसर ऊना की ओर से मनोहर लाल उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में ट्रक यूनियन गगरेट व भंजाल के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# मंदिर परिसर में बनेंगे नए कमरे और हॉल : विक्कू

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा विक्कू ने सोमवार को पिपलू क्षेत्र में कम्युनिटी हॉल और लिंक रोड का शिलान्यास किया। इन विकास परियोजनाओं से क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास को बल मिलेगा। कम्युनिटी हॉल ग्रामीणों के सामुदायिक और सांस्कृतिक आयोजनों के लिए सुविधाजनक स्थल प्रदान करेगा, जबकि लिंक रोड से परिवहन व्यवस्था में सुधार होगा।

इस अवसर पर विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि ये परियोजनाएं क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होंगी। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ में पानी की समस्या को दूर करने के लिए 46 करोड़ से दो जल उठाऊ परियोजनों का काम चला हुआ है, जिससे आने वाले 3 साल के अंदर कुटलैहड़ में पानी की समस्या खत्म हो जाएगी। शिक्षा के क्षेत्र में भी सुधार करने के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू के द्वारा महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं, जिससे हमारे शिक्षा के स्तर में सुधार हो सके।



पिपलू में मेला मैदान के निर्माण के लिए भूमि पूजन करते विधायक।

**विधायक ने किया कम्युनिटी हॉल और लिंक रोड का शिलान्यास**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में चौमुखी विकास के लिए लगभग 40 से 50 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार सोलह सिंगीधार को विकसित करने के लिए प्रथम चरण में 33 करोड़ की लागत से भयांबी से बड़सर तक सड़क का सौंदर्यीकर्ण और चौड़ाई करके पर्यटक की दृष्टि से विकसित कर रही है और मंदिरों को भी पर्यटक की दृष्टि से विकसित करके पर्यटन को बढ़ावा दे रही है।

विवेक शर्मा ने मंदिर परिसर में दस लाख के बनने वाले कमरों को देने की घोषणा की। विधायक विवेक शर्मा के शिलान्यास कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस सचिव देशराज मोदगिल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा, जिला परिषद सदस्य सत्या देवी, उपमंडल अधिकारी सोनू गोयल, तहसीलदार अमित शर्मा, बीडीओ सुशील कुमार और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### भंडारे की परंपरा पर सियासत दुर्भाग्यपूर्ण



**अनंत ज्ञान, घनारी।** क्या वक्त आ गया है कि सरकारी स्कूलों को केवल राजनीति से जोड़ने को लेकर छुटभैये तत्व बाज नहीं आ रहे हैं । बता दें कि जिस महात्मा लाल जी पुरी ने इस विद्यालय की नींव रखी, उनकी स्मृति में ग्रामवासियों द्वारा मिल जुलकर स्कूल परिसर में पिछले लगभग 2016 से भंडारे का आयोजन किया जाता रहा है, लेकिन इस बार स्कूल प्रशासन द्वारा स्कूल परिसर में भंडारा करने को लेकर इनकार किया जाना हर किसी की समझ से परे है । वहीं स्कूल के संस्थापक को समर्पित इस भंडारे को परिसर में करने को लेकर वर्तमान में पहली बार प्रिंसिपल का ऐसा रवैया प्रबुद्ध वर्ग में रोष का कारण बन रहा है । वहीं, आयोजकों का प्रतिनिधिमंडल सेकेंडरी शिक्षा उपनिदेशक से भंडारे की अनुमति के लिए ऊना उनके कार्यालय भी गया व अधिकारी उपलब्ध नहीं हो पाए। इस पर सुरेंद्र सिंह, जतिंद्र सिंह, अजय, प्रदीप ठाकुर, लवली ठाकुर, मोहन राणा, सुदरू शर्मा व बीडीसी सदस्य कुलदीप सिंह स्कूल के संस्थापक महात्मा लालजी पुरी को समर्पित इस भंडारे को स्कूल परिसर में न होने पर काफी रोष प्रकट किया।

# बाबा साहेब पर टिप्पणी के खिलाफ 'आप' का प्रदर्शन



**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

आम आदमी पार्टी के नेता डॉ. पुन्याल ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर पर की गई अपमानजनक और अभद्र टिप्पणी न केवल बाबा साहेब का, बल्कि भारतीय संविधान और लोकतंत्र का भी अपमान है। आम आदमी पार्टी इसे कदापि बर्दाश्त नहीं करेगी और पूरे देश में इस बयान के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करेगी।

डॉ. पुन्याल ने कहा कि बीजेपी और आरएसएस की विचारधारा हमेशा से दलित विरोधी और संविधान विरोधी रही है। उनके बयान और नीतियां बार-बार यह साबित करती रहीं हैं। उनके योगदान को हमेशा जातिवादी मानसिकता के चलते नजरअंदाज किया गया।

डॉ. अंबेडकर, जिनकी विद्वता और योग्यता को पूरी दुनिया ने सराहा, उन्हें भारत में हमेशा जातिगत भेदभाव का सामना करना पड़ा। जिन भी यूनिवर्सिटीज से बाबा साहेब ने पढ़ाई की। उन्होंने भी डॉ. भीमराव अंबेडकर को अब तक का अपना शानदार स्टूडेंट बताया व नॉलेज ऑफ सिंबल की उपाधि दी, लेकिन भारत में बाबा साहब को सिर्फ दलित वर्ग तक सीमित रखा गया।

# बंगाणा के व्यापारियों को छोटे कार्यों के लिए नहीं जाना पड़ेगा ऊना

## बंगाणा में आबकारी एवं कराधान विभाग कार्यालय का विधायक विवेक शर्मा ने किया शुभारंभ

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

बंगाणा क्षेत्र के लिए आज का दिन विकास और प्रगति की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ। वर्षों से व्यापार मंडल बंगाणा द्वारा उठाई जा रही आबकारी एवं कराधान विभाग कार्यालय स्थापित करने की मांग को पूर्ण करते हुए विधायक विवेक शर्मा ने आज मिनी सचिवालय में नए कार्यालय का विधिवत शुभारंभ किया।

शुभारंभ समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक विवेक शर्मा ने कहा, यह कार्यालय क्षेत्रवासियों और व्यापारियों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। अब उन्हें विभागीय कार्यों के लिए अन्य स्थानों पर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। यह पहल सेवाओं को सुलभ, पारदर्शी और सरल बनाने के सरकार के संकल्प को दर्शाती है, साथ ही, यह कार्यालय स्थानीय व्यापारिक गतिविधियों को और अधिक सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने क्षेत्र के समग्र विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि हमारी सरकार हर वर्ग की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए योजनाओं को क्रियान्वित कर रही है। नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करना हमारा मुख्य उद्देश्य है।



आबकारी कराधान विभाग के अधिकारी विधायक का स्वागत करते हुए।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि बंगाणा बाजार की जीएसटी कार्यालय की वर्षों पुरानी मांग थी, क्योंकि बंगाणा में एसडीएम कार्यालय के साथ एक दर्जन कार्यालय थे, लेकिन बंगाणा के व्यापारियों को जीएसटी कार्य के लिए ऊना जाना पड़ता था और समय के साथ धनराशि खर्च होती थी। अब बंगाणा बाजार के साथ उपमंडल बंगाणा के दो हजार से ज्यादा व्यापारियों के लिए जीएसटी कार्यालय बंगाणा खुल गया है और इस कार्यालय की व्यापारियों को भरपूर सुविधा मिलेगी तथा उनका समय भी बर्बाद नहीं होगा। हर छोटा बड़ा व्यापारी जीएसटी पर पूरी जानकारी बंगाणा कार्यालय में ले सकता है।

**ये रहे मौजूद :** इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस सचिव देशराज मोदगिल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष कुटलैहड़ मनीष बैंस, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा, तहसीलदार बंगाणा अमित शर्मा, ज्वाइंट कमिश्नर ऊना विनोद कश्यप, असिस्टेंट कमिश्नर विनोद कैथ, बीडीसी सदस्य जोगिंद्र देव आर्य, दिनेश खत्री, अमित कुमार, राजेश, रोशन लाल के अलावा अन्य विभागों से आए अधिकारी व कर्मचारी, स्थानीय व्यापारी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### व्यापार मंडल ने विधायक का जताया आभार

व्यापारी मंडल बंगाणा के अध्यक्ष विनोद सेंटी एवं सभी प्रतिनिधियों ने इस ऐतिहासिक पहल के लिए विधायक विवेक शर्मा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस कार्यालय के बंगाणा में खुलने से अब व्यापारियों को अपने कराधान और अन्य विभागीय कार्यों के लिए ऊना जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। यह कार्यालय व्यापारियों के समय और संसाधनों की बचत करेगा, साथ ही क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी गति देगा। व्यापार मंडल बंगाणा ने इस कदम को ऐतिहासिक और प्रशंसनीय बताया। उन्होंने इसे क्षेत्र के व्यापारिक और प्रशासनिक विकास के लिए मील का पत्थर करार दिया।


**योगदान** बाबा लाल जी पुरी की याद में गोंदपुर बनेहड़ा में वार्षिक भंडारा आयोजित

# एक महात्मा के संकल्प ने गोंदपुर बनेहड़ा में जगाई थी शिक्षा की अलख

**आशीष शर्मा, गोंदपुर बनेहड़ा**

कभी ऐसा भी समय था, जब शिक्षा ग्रहण करने के लिए छात्रों को घरों से दूर जाकर शिक्षा हासिल करनी पड़ती थी और आर्थिक हालत ठीक न हो पाने के कारण बड़ी संख्या में छात्र शिक्षा से वंचित रह जाते थे। उस समय ब्रह्मपुर गांव से संबंध रखने वाले लाल जी पुरी लाहौर के एक स्कूल में नौकरी करते थे। वह अपने गांव के एक लड़के को शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से अपने साथ लाहौर ले आए, लेकिन लाहौर स्थित स्कूल के प्रधानाचार्य द्वारा उस बच्चे को दाखिला देने से इंकार किया गया। वहीं, बाबा लाल जी पुरी को यहां तक सुना दिया कि दूसरों को शिक्षा देने का इतना ही शोक है तो अपना ही स्कूल क्यों नहीं खोल लेते।

इसी नसीहत से प्रभावित होकर व छात्र को दाखिला न मिल पाने के कारण उनके मन को अति दुख हुआ और अब अपने क्षेत्र में एक स्कूल शुरू करूंगा। इस प्रण के साथ नौकरी छोड़ घर लौट आए और क्षेत्र में शिक्षा की लौ जलाने के लिए अपना परिवार छोड़ कर घर से दूर एक कुटिया बनाकर स्कूल का निर्माण करने में जुट गए।



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोंदपुर बनेहड़ा के संस्थापक बाबा लाल जी पुरी।

यही उनके जीवन का यूटर्न था जहां लाल जी पुरी, महात्मा लाल जी पुरी के रूप मे पहचान बनाने लगे। उन्होंने क्षेत्र में शिक्षा की अलख लगाने के लिए दिन-रात एक करके करके प्राइमरी कन्या स्कूल शुरू किया। फिर गोंदपुर बनेहड़ा में स्कूल की नींव रखी। उनके द्वारा लगाया गया विद्यालय रूपी पौधा आज शिक्षा की लौ सब तक पहुंचा रहा है। समय के साथ इस विद्यालय को सरकार ने अधिकृत कर लिया और आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के रूप में क्षेत्र के हजारों छात्रों को शिक्षा प्रदान कर रहा है।

वहीं, इस क्षेत्र के लिए गौरव की बात है कि जहां पर शिक्षा ग्रहण कर चुके छात्र अच्छे पदों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। हर वर्ष की तरह इस बार भी मंगलवार को उन महान संत की याद में उनके द्वारा रचित शिक्षा के सागर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोंदपुर बनेहड़ा के प्रांगण में स्थापित बाबा लाल जी पुरी की प्रतिमा को स्नान करवा भव्य पूजा अर्चना की गई, साथ ही स्कूल परिसर के नजदीक स्तिथ राधेश्याम, सीता-राम, शिव-पार्वती,माता दुर्गा मंदिर में भव्य भंडारे का आयोजन भी धूमधाम से किया गया ।

इस मौके पर समस्त गांव वासियों, स्कूल के बच्चों आदि लोगों ने बाबा लाल जी पुरी की प्रतिमा के समक्ष शीश नवाया और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। (अनंत ज्ञान)

### स्कूल के संस्थापक बाबा लाल जी पुरी के नाम किया जाए स्कूल का नाम

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोंदपुर बनेहड़ा की नींव बाबा लाल जी पुरी ने उस समय रखी थी, जब क्षेत्र में कोई और शिक्षा स्थल नही था, जिस करण बच्चों को शिक्षा हेतु काफी दूर जाना पड़ता था और काफी बच्चों को शिक्षण संस्थान न होने के कारण शिक्षा से वंचित रह जाते थे। कहा जाता है कि जब यह बात बाबा लाल जी पुरी के ध्यान में आई, तब उन्होंने गोंदपुर बनेहड़ा में स्कूल खोलने का लक्ष्य रखा और उसमें सफल भी हुए। समय के साथ स्कूल सरकार द्वारा अधिकृत कर लिया गया। बताते चले कि आज इस पाठशाला से कई बच्चे ऊंचे पदों पर कार्यरत हैं और इसी कड़ी में स्थानीय लोगों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से पाठशाला का नाम बाबा लाल जी पूरी के नाम पर रखने की मांग उठाई है ।

### बाबा का वार्षिक भंडारा स्कूल परिसर में न होना दुर्भाग्यपूर्ण

बता दें कि बाबा लाल जी का यह भंडारा पहले स्कूल परिसर में होता था परंतु स्कूल प्रशासन ने इस बार स्कूल परिसर में भंडारा करने की अनुमति नहीं दी। कुछ दिन पूर्व पाठशाला में माता सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की गई थी, जिस पर किसी द्वारा शिकायत कर दी थी और तब भी भंडारा स्कूल में नहीं हो पाया था। उस समय माता सरस्वती की मूर्ति स्थापित होने की शिकायत से स्कूल पर विभागीय जांच हुई थी। सूत्रों की माने तो इस डर के चलते स्कूल प्रशासन ने स्कूल परिसर में संस्थ्यपक बाबा लाल जी पुरी का भंडारा करने की अनुमति नहीं दी। इस कारण भंडारे का आयोजन मंदिर में किया गया। बता दें कि मंगलवार को स्कूल परिसर में बाबा जी की प्रतिमा के आगे पूजा-अर्चना, हवन के बाद भंडारे का आयोजन स्कूल में न करके मंदिर में किया गया।

### शिमला-चंबा के बीच क्रिकेट मुकाबला शुरू

**अनंत ज्ञान, ऊना।** अंडर 14 जिला स्तरीय प्रतियोगिता में ऊना के इंदिरा स्टेडियम में चंबा और शिमला के बीच में दो दिवसीय मैच आरंभ हुआ, जिसमें चंबा की टीम ने पहले खेलते हुए 10 विकेट पर 215 रन बनाए। रघुवर ने शतक लगाया और टीम के लिए 131 रन बनाए। ताबिश ठाकुर ने 12 रन बनाए, हेमांग बक्शी ने 10 रन बनाए, बाकी कोई बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार न कर सका।



शिमला के गेंदबाज सर्वेश ने सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करते हुए चार खिलाड़ियों को आउट किया, ए कालटा ने दो खिलाड़ियों को आउट किया, आरव शर्मा और आर्य ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया, दो खिलाड़ी रन आउट हुए, शिमला की टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक दो विकेट पर 82 रन बनाए, संभव शर्मा ने 47 रन बनाए।

# बर्फ से सराबोर हुई कुल्लू-मनाली व लाहौल की वादियां

## मनाली में गिरे बर्फ के फाहे, खिले सैलानियों व कारोबारियों के चेहरे, सैलानियों के लिए अटल टनल बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग/कुल्लू**

कुल्लू-मनाली व लाहौल-स्पीति की वादियां बर्फ से सरोबार हो गई हैं। चारों ओर बर्फ की सफेद चादर बिछने से और व्हाइट क्रिसमस से सैलानियों व पर्यटन कारोबारियों के चेहरे खिल उठे हैं। वहीं, सर्दियों में सैलानियों की पहली पसंद रहने वाले पर्यटक स्थल सोलंगनाला में आधा फुट बर्फबारी हुई है। मंगलवार को सोलंगनाला से मनाली तक बर्फ के फाहे गिरे।

वहीं, पर्यटन नगरी मनाली में बर्फ के फाहे गिरते देख पर्यटक खूब झूम उठे। कुल्लू के बिजली महादेव, लगघाटी, मणिकर्ण व बंजार घाटी के ऊपरी क्षेत्रों और आनी के जलोड़ी पास सहित लाहौल-स्पीति के ऊपरी व निचले क्षेत्रों में भी बर्फबारी हुई है और यह क्रम लगातार जारी है। उधर, मनाली के नेहरूकुंड से लेकर सोलंगनाला तक ट्रैफिक जाम भी लगा, लेकिन फोर बाई फोर वाहनों में पर्यटक आसानी से सोलंग नाला तक पहुंच गए। बर्फबारी के चलते सैलानियों के लिए अटल टनल रोहतांग बंद हो गई है। बर्फबारी से घाटी में सैलानियों की संख्या बढ़ी है। मनाली के छोटे-बड़े होटलों में रौनक छा गई है। मनाली पुलिस ने पर्यटकों को फोर बाई फोर वाहनों में सोलंग नाला तक जाने की अनुमति दी है। लंबे अरसे से बर्फबारी का इंतजार कर रहे स्थानीय पर्यटन कारोबारी भी बर्फ के फाहे देख खासे उत्साहित हुए। लगभग पांच महीने के बाद उनका भी कार्य चल पड़ा। सोलंग नाला में पर्यटन कारोबार करने वाली महिला कारोबारी तुली, रेश्मा, लक्ष्मी व उर्मिला ने बताया कि लंबे अरसे बाद सोलंग नाला बर्फ के फाहों से सराबोर हुआ है। पर्यटकों ने मंगलवार को बर्फ के फाहों का खूब आनंद लिया। उधर, डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने बताया कि हिमपात के चलते अटल टनल सैलानियों के लिए फिलहाल बंद कर दी गई है और सोलंग नाला तक सैलानियों को भेजा जा रहा है। सभी वाहनों को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया है, ऐसे में सैलानियों से आग्रह है कि वह खराब मौसम के चलते ऊंचाई वाले ईलाकों का बिलकुल भी रुख न करें।






### मनाली में क्रिसमस की मची धूम

**पर्यटन** नगरी मनाली में क्रिसमस की खूब धूम मची हुई है। होटलों में तरह-तरह के आयोजन किए जा रहे हैं। कहीं डीजे की धुन, तो कहीं कुल्लवी वाद्ययंत्रों में सैलानियों के कदम थिरक रहे हैं। अधिकतर होटलों में पर्यटक जोड़ों के लिए कई तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। क्रिसमस क्वीन का चयन सबसे आकर्षक रहेगा। मनाली के सभी छोटे-बड़े होटलों में क्रिसमस की धूम शुरू हो गई है। दूसरी ओर क्रिसमस संध्या में आए पर्यटक कुल्लवी गानों पर जमकर थिरक रहे हैं। पर्यटन नगरी में क्रिसमस से पूर्व बर्फबारी होने पर्यटकों सहित कारोबारियों के चेहरे खिल उठे हैं।



### एसपी मयंक ने लिया स्थिति का जायजा

**उधर,** एसपी लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी ने बुधवार को केलांग से लेकर एटीआर नॉर्थ पोर्टल और कोकसर तक का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सड़क की स्थिति, पर्यटकों की संख्या, पुलिस जवानों की व्यवस्था और रेस्क्यू अभियान की स्थिति का भी जायजा लिया। साथ ही बर्फबारी होने से अवरुद्ध हुए मार्गों को जल्द खोलने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि बर्फबारी के मद्देनजर और क्रिसमस व नए साल में जिले में आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा व यातायात प्रबंधन सहित बर्फ के दौरान रेस्क्यू सहित पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उचित कदम उठाने और पुलिस जवानों को आपात स्थितियों से निपटने के लिए भी आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

## टीम सहभागिता ने स्लम एरिया में बांटे गर्म कपड़े



**कुल्लू।** टीम सहभागिता ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी के तहत कुल्लू के स्लम एरिया में बड़े तथा बच्चों के लिए गर्म कपड़े वितरित किए। ठंड के मौसम को देखते हुए यह पहल उन जरूरतमंद परिवारों की मदद के लिए की गई, जो उचित संसाधनों के अभाव में कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। इस दौरान टीम ने कई परिवारों तक पहुंच बनाकर गर्म जैकेट, स्वेटर, शॉल, और अन्य ऊनी कपड़े वितरित किए। टीम के सदस्यों ने बताया कि यह अभियान ठंड से जूझ रहे लोगों को राहत देने के उद्देश्य से चलाया गया। बीजू हिमदल, अध्यक्ष, टीम सहभागिता का कहना है कि इस तरह के अभियान आयोजित करना टीम सहभागिता का नियमित कार्य है। हम हर वर्ष साफ कपड़े इकट्ठा कर जरूरतमंदों को बांटते हैं। टीम सहभागिता के इस कदम की स्थानीय लोगों ने सराहना की और इसे ठंड के मौसम में एक अहम राहत बताया। टीम ने समाज के अन्य लोगों से भी अपील की कि वे जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आएं।

## न्यूज ब्रीफ

### 'हॉर्न' लोकनाट्य की कार्यशाला में 18 ने लिया भाग



**कुल्लू।** रेनबो थियेटर एंड आर्ट क्लब बदाह (कुल्लू) द्वारा हिमाचल प्रदेश के मंडी व कुल्लू में प्रचलित लोकनाट्य 'हॉर्न' पर आधारित एक माह अवधि की कार्यशाला का समापन प्रतिभागी बच्चों व युवाओं के साथ तैयार की गई इस लोकनाट्य की प्रस्तुति से किया गया। संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला के समापन के दौरान इस लोकनाट्य का प्रदर्शन राजकीय उच्च विद्यालय भुलंग के प्रांगण में किया गया। एक माह की इस अवधि में प्रतिभागियों ने उक्त लोकनाट्य के विभिन्न पक्षों के विषय में विस्तृत जानकारी ली और उसका प्रशिक्षण हासिल किया। जीवानंद चौहान जो कि संस्कृति मंत्रालय से लोक नाट्य के लिए स्कॉलरशिप होल्डर भी रहे हैं, उनके नेतृत्व में आयोजित इस कार्यशाला में 18 बच्चों व युवाओं ने भाग लिया। समापन पर हुई इस प्रस्तुति को विद्यालय के छात्रों, अध्यापकों तथा आसपास के गांवों से आए लोगों ने देखा और संस्था के इस प्रयास की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। इस अवसर पर पंचायत भुलंग के प्रधान वेद राम विषेश रूप से उपस्थित रहे। प्रस्तुत नाट्य में अक्षिता, अंकुश, जतिन, सोनू, दीपांकुर, किशन, कुशल, विवके, अभिनव, दुनीचंद, यशपाल, गौरव, निर्मला, मीनाक्षी, अंजलि, जैस्मिन कश्यप, दिव्या, दिव्यांशी, चांदनी, उर्मिला, स्नेहा, सुमन, मधु, निशा आदि बच्चे व युवा कलाकारों ने अपनी कला के जौहर दिखाए।

### पार्बती जलविद्युत परियोजना में चिकित्सा शिविर



**कुल्लू।** इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल दिल्ली के सौजन्य से पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-2 के चिकित्सा विभाग द्वारा दो-दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। तत्पश्चात अपोलो हॉस्पिटल दिल्ली के गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. पियूष एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित द्वारा फैटी लिवर एवं बैक पेन के विषय में एक हैल्थ टॉक का आयोजन किया गया, जिसमें लिवर एवं रीड की हड्डी से संबंधित बीमारियों एवं उनसे बचाव के बारे में कर्मचारियों को विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम में डॉ. ज्योतिर्मय जैन महाप्रबंधक चिकित्सा सेवाएं, अंगद कुमार महाप्रबंधक सिविल, श्वेता ओझा उपमहाप्रबंधक, डॉ. मीरा जैन सीएमओ, डॉ. पिंकी रॉय सीएमओ एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी, मेडिकल स्टाफ एवं संविदा स्टाफ उपस्थित रहा।

## सच हुई देव श्रीबड़ा छमाहूं की भविष्यवाणी कोठी में पहुंचते ही बारिश व बर्फबारी शुरू

**अनंत ज्ञान, बंजार**



सृष्टि के रचयिता एवं पालनहार देव श्रीबड़ा छमाहूं की भविष्यवाणी सच साबित हुई है।

देवता के पुजारी धनेश गौतम ने बताया कि देवता ने अपनी परिक्रमा के अंतिम दिन डोघर गांव में भविष्यवाणी की थी कि परिक्रमा समाप्त होते ही जैसे कोटला कोट में प्रवेश करेंगे, तो बारिश व बर्फबारी शुरू होगी हुआ भी ठीक वैसा ही। हालांकि देवता की भविष्यवाणी से सभी हैरान थे कि आसमान पूरी तरह साफ है और गुर ने भविष्यवाणी कर डाली, लेकिन जैसी भविष्यवाणी हुई थी ठीक वैसा ही हुआ और इससे श्रद्धालुओं की आस्था भी प्रवल हुई है और देवता की भविष्यवाणी पर विश्वास हुआ है कि देव श्रीबड़ा छमाहूं जो कहते हैं वही होता है। देव श्रीबड़ा छमाहूं नए रथ में सवार हुए हैं और भव्य आयोजन के बाद देवता क्षेत्र की परिक्रमा को निकले थे। इस दौरान हर गांव में देवता का भव्य स्वागत हुआ और शानदार आयोजन हुए। लोगों ने देवता का स्वागत आतिशबाजियों व फूलों की बरसात से किया। यही नहीं हर गांव में धाम का आयोजन हुआ। देवता की भव्य जलेब गांव फगवाना, ओड़ीधार, नाउली, कोटला, धराखरी, धामण, लारजी, शैलउड़ी, चकुरठा, दलयाड़ा, पढारणी आदि गांवों का दौरा कर चुके हैं। देवता 16 प्रविष्ट को दियाली के दूसरे दिन स्वर्ग प्रवास के लिए रवाना होंगे, जबकि नव संवत को स्वर्ग प्रवास से लौटने के बाद कोटला गांव में नव संवत का भव्य आयोजन होगा। इसके बाद फगवाना गांव में नव संवत मनाया जाएगा और फिर से देवता अपनी परिक्रमा तय समय अनुसार करेंगे। देवता के रथ का पुनर्निर्माण हुआ और मूल स्थान दलयाड़ा में दो माह तक यह कार्य पूर्ण किया गया।

# मालरोड में आज से होगा कुल्लू महोत्सव का आगाज

## कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर करेंगे सात दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

कुल्लू के ढालपुर स्थित मालरोड में बुधवार से कुल्लू महोत्सव का आगाज होगा। सात दिवसीय कुल्लू महोत्सव का शुभारंभ कुल्लू विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर दोपहर 2 बजे करेंगे।

पहली बार कुल्लू महोत्सव मनाने जा रही नगर परिषद ने आयोजन को लेकर पूरी तैयारी कर ली हैं। नगर परिषद एवं कुल्लू महोत्सव कमेटी के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण मंहत ने जानकारी देते हुए कहा कि 25 से 31 दिसंबर तक आयोजित होने वाले इस महोत्सव में विभिन्न सायंकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसका समय सायं 4 बजे से रात तक रहेगा। इन कार्यक्रमों में स्कूली बच्चों के रंगारंग कार्यक्रमों के अतिरिक्त विभिन्न महिला मंडलों द्वारा भी प्रस्तुतियां दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि कुल्लू महोत्सव का आयोजन माल रोड ढालपुर के टी प्वाइंट से ढालपुर चौक तक किया जाएगा, जिसमें कलाकारों के लिए मंच, बेहतरीन ऑरकेस्ट्रा हाई टेक साउंड सिस्टम, एलईडी कलरफुल लाइट्स एवं उत्सव परिसर में बेहतरीन सजावट का प्रबंध भी किया गया है। आम जनता के जायके को ध्यान में रखते हुए विभिन्न व्यंजनों के स्टाल भी महोत्सव में लगाए जाएंगे, जिसमें लोग पारंपरिक व्यंजनों के साथ-साथ अन्य प्रसिद्ध व्यंजनों का भी लुत्फ ले सकेंगे और व्यंजनों के अतिरिक्त स्थानीय उत्पादों एवं अन्य विक्रेताओं/ व्यापारी/ व्यवसायी वर्ग के लिए भी उचित मूल्य पर स्टाल उपलब्ध रहेंगे। सात दिनों तक कुल्लू के कलाकार मंच पर अपनी प्रस्तुति देंगे और स्कूली छात्रों की भी भागीदारी रहेगी। इसी के साथ व्यापार की दृष्टि से भी यहां कारोबार किया जा रहा है, जहां पर स्थानीय पारंपरिक व्यंजनों के अलावा भी खाने के स्टॉल लगेंगे। माल रोड ढालपुर के दोनों और केनोपी लगाई गई है। इसी के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी ओपन में बनाए गए मंच पर होंगे। रोजाना प्रदेश के प्रसिद्ध कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। इसी के साथ लोगों को ठंड से बचने के लिए भी यहां व्यवस्था की गई है। जगह-जगह पर अलाव की व्यवस्था रखी गई है। साथ ही बच्चों के मनोरंजन के लिए मिक्की माउस, सेंटा भी रहेंगे। नगर परिषद अध्यक्ष गोपाल कृष्ण मंहत ने कहा कि ट्रैफिक को भी वनवे कर दिया गया है। उन्होंने स्थानीय लोगों से अधिक से अधिक संख्या में आकर कुल्लू महोत्सव की शोभा बढ़ाने का आग्रह किया है। (अनंत ज्ञान)



### कलाकार मचाएंगे धमाल

**जनता** के मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए मशहूर कलाकारों को भी आमंत्रित किया गया है, जो अपने गीत-संगीत से इस महोत्सव में जनता का मनोरंजन करेंगे। उत्सव में सांस्कृतिक संध्याओं के मुख्य आकर्षण 25 कुशल वर्मा, पायल ठाकुर, 26 चंद्रमणी तोशी, मशहूर जादूगर का शो, 27 राज कुमार, खुशबू भारद्वाज, मशहूर जादूगर का शो, 28 मशहूर जादूगर का शो, गोपाल चौधरी, 29 गोपाल शर्मा, 30 रमेश ठाकुर, ट्विंकल और 31 को ठाकुर दास राठी, सोहन सागर अपनी-अपनी प्रस्तुतियों से सबका मनोरंजन करेंगे।

# दलित बस्तियों के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो : कुलदीप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



राज्य अनुसूचित जाति आयोग की पहली समीक्षा बैठक कुल्लू के बहुउद्देशीय भवन के बैठक कक्ष में आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष कुलदीप कुमार ने कहा कि पिछले वर्ष बाढ़ के कारण हुए नुकसान में आपदा राहत के अंतर्गत 686 लोगों को पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त लोगों को 7 लाख रुपए का मुआवजा प्रदान किया गया है, जिनमें से 403 लाभार्थी अनुसूचित जाति समुदाय से संबंधित हैं। उन्होंने अनुसूचित जाति विकास कार्यक्रम के अंतर्गत सरकार द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के द्वारा अनुसूचित जाति के पिछड़े तथा गरीब लोगों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का अधिक लाभ पहुंचाने के लिए प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने अनुसूचित जाति विकास कार्यक्रम के अंतर्गत सरकार द्वारा वर्तमान वित्त वर्ष में 4617 लाख रुपए बजट का प्रावधान किया गया है, जिसमें से 30 दिसंबर 2024 तक 2193 लाख रुपए व्यय किए गए हैं। उन्होंने कहा कि स्वर्ण जयंती आश्रय योजना के अंतर्गत 547 मामले स्वीकृत किए गए हैं तथा सामाजिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत 15652 लाभार्थी पेंशन का लाभ ले रहे हैं।

इसके अतिरिक्त अनुसूचित जाति विकास निगम द्वारा भी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से अनुसूचित जाती के लोगों को लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति के लिए सरकार द्वारा स्किल डेवलपमेंट सहित विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। अनुसूचित जाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत वर्ष 2022 से 30 दिसंबर 2024 तक 96 पीड़ितों को 67 लाख 88 हजार रुपए की मुआवजा राशी प्रदान कि गई है। उन्होंने अनुसूचित जाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत न्यून दोषसिद्धि दर पर चिंता जताते हुए कहा कि मामलों में दोषियों को सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि दलित बस्तियों के लिए सड़क, बिजली-पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने सीएम सुक्खू का वाल्मीकि कामगार योजना शुभारंभ करने के लिए धन्यवाद प्रेषित किया।

# धूमधाम से मनाया दो स्कूलों ने वार्षिक वितरण समारोह

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

राजकीय उच्च पाठशाला हलाण-2 और राजकीय प्राथमिक पाठशाला हलाण-2 का संयुक वार्षिक समारोह का आयोजन विद्यालय के प्रांगण में किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त मुख्य शिक्षक तेज सिंह ठाकुर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे।

तेज सिंह ठाकुर ने विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए। ग्राम पंचायत के उपप्रधान गायत्री ठाकुर, पंचायत सदस्य धर्मवीर ठाकुर और गिलमआ ठाकुर ने भी विद्यालय के वार्षिक समारोह में भाग लिया और विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मुख्याध्यापक श्याम ठाकुर ने आए हुए मेहमानों को सम्मानित किया, उनका स्वागत किया और आभार व्यक्त किया। यह वार्षिक उत्सव विद्यार्थियों के लिए एक उत्साहजनक और प्रेरणादायक अवसर था, जिसमें उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने और अपनी उपलब्धियों का जश्न मनाने का मौका मिला।



**प्राथमिकता**

## आनी में 2 साल में 95 बेटियों को प्रदान किया गया शगुन योजना का लाभ

# सरकार ने दो वर्ष में 112 बेटियों के विवाह पर दिया शगुन, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना बनी सहारा

**अनंत ज्ञान, आनी**

प्रदेश का समुचित विकास प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में शामिल है और बीते दो सालों में प्रदेश सरकार की नीतियों में इसकी झलक देखने को मिली है। इसके लिए सरकार सभी वर्गों के कल्याण पर ध्यान केंद्रित कर रही है।



प्रदेशवासियों का सामाजिक-आर्थिक कल्याण सुनिश्चित हो इसके लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अगुवाई में सरकार लगातार प्रयासरत रही है। विशेष तौर पर बेटियों और महिलाओं के कल्याण के लिए सरकार वचनबद्ध है। बेटी है अनमोल, पात्र महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह की आर्थिक सहायता, महिलाओं को स्वयं रोजगार सहायता, विधवा पुनर्वविवाह, मदर टेरेसा असहाय मातृ संबल योजना सहित दर्जनों योजनाओं से बेटियों और महिलाओं का कल्याण सुनिश्चित किया जा रहा है। वहीं, शगुन और मुख्यमंत्री कन्यादान योजनाएं असहाय-बेसहारा बेटियों के विवाह में आर्थिक सहयोग प्रदान कर रही हैं। शगुन और मुख्यमंत्री कन्यादान योजना की बात करें, तो आनी में वर्तमान प्रदेश सरकार ने बीते दो सालों में 112 लाभार्थी बेटियों को आर्थिक सहायता प्रदान की है। शगुन योजना में बाल विकास परियोजना अधिकारी आनी और नित्थर के तहत वर्ष 2023-24 से लेकर अभी तक पात्र 95 बेटियों को 31-31 हजार रुपए बतौर आर्थिक मदद प्रदान किए गए हैं। योजना के तहत 11 आवेदन पर विचार किया जा रहा है और जल्द इनको भी उपरोक्त राशि प्रदान की जाएगी। कुल मिलाकर योजना पर वर्तमान सरकार 29.45 लाख रुपए व्यय कर चुकी है। इसी तरह मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में वर्ष 2023-24 के पश्चात अभी तक 17 आवेदनों पर 51-51 हजार रुपए पात्र बेटियों को प्रदान कर चुकी है। यह राशि आनी के बाल विकास परियोजना अधिकारी नित्थर और आनी के तहत जारी की गई है। इस योजना के तहत अभी तक करीब 9 लाख रुपए व्यय किए जा चुके हैं।

3 आवेदनों पर महिला एवं बाल विकास विभाग विचार कर रहा है और जल्द ही इन मामलों में भी 51-51 हजार रुपए की राशि जारी कर दी जाएगी। शगुन योजना का मुख्य उद्देश्य ऐसे माता-पिता को उनकी बेटी की शादी के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है, जो कि बीपीएल परिवार से संबंधित हैं तथा जिसकी आयु 18 वर्ष से अधिक है और हिमाचल की स्थायी निवासी हो। यदि लड़की का विवाह ऐसे लड़के से होता है, जो कि हिमाचल का स्थायी निवासी नहीं है तब भी वह विवाह अनुदान के लिए पात्र होगी। विवाह अनुदान के रूप में 31000 सहायता प्रदान की जाती है। प्रस्तावित शादी की तारीख से दो महीने पहले राशि का भुगतान किया जा सकता है। यदि विवाह पहले ही हो चुका है, तो विवाह के छह महीने के भीतर भी आवेदक अनुदान राशि के लिए आवेदन कर सकते हैं। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का मुख्य उद्देश्य बेसहारा महिलाओं/लड़कियों एवं नारी सेवा सदन की पूर्व प्रवासिनियों, उपेक्षित, परित्यक्त, व तलाकशुदा महिलाओं की पुत्रियों को विवाह के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है, जो आय संबंधी 50 हजार सालाना की शर्तों को भी पूर्ण करता हो, जिनके पिता शारीरिक या मानसिक विकलांगता/ लंबी बीमारी से पीड़ित होने के कारण शैयाग्रस्त होने के कारण अपनी आजीविका कमाने में असमर्थ हो, ऐसे पात्र बेटियां भी इसके लिए आवेदन कर सकती हैं। योजना के तहत सहायता राशि 51 हजार रुपए प्रदान की जाती है।

## इग्नू में सत्र-2025 के फ्रेश एडमिशन जल्द लें अभ्यर्थी : डॉ. रेणुका

**बंजार।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने सत्र-2025 के लिए फ्रेश एडमिशन कार्यक्रम शुरू कर दिया है तथा जिन अभ्यर्थियों ने इग्नू के विभिन्न प्रोग्राम्ज के लिए एडमिशन लेनी है, वे समर्थ पोर्टल पर जाकर अपना प्रवेश पा सकते हैं। यह जानकारी राजकीय महाविद्यालय बंजार में इग्नू स्टडी सेंटर (1148) की प्रभारी डॉ. रेणुका थपलीयाल ने दी। इग्नू प्रभारी डॉ. रेणुका थपलीयाल ने जानकारी दी कि जिन अभ्यर्थियों ने री-एडमिशन लेनी हो, वह चाहे पहले सत्र या फिर दूसरे सत्र में हो, वे जल्द री-एडमिशन करवाएं। 1148 स्टडी सेंटर, राजकीय महाविद्यालय बंजार में जून 2024 वैच के लिए इंडक्शनमीट का आयोजन 2-3 जनवरी को किया जाएगा तथा जिन-जिन कंडिडेट्स ने एडमिशन ली है वे स्टडी सेंटर में आकर संपर्क कर सकते हैं। डॉ. रेणुका ने बताया कि बहुत-सी बातें उन्हें इंडक्शन मीट के दौरान पता चलती हैं, जो उनके प्रोग्राम से संबंधित हैं, इसलिए उनकी उपस्थिति आवश्यक रहती है। उन्होंने कहा है कि जिस भी अभ्यर्थी की असाइनमेंट्स नहीं पहुंची हैं, उनके पास अभी भी समय है यदि वे इस सेमेस्टर में असाइनमेंट्स जमा नहीं करते हैं, तो बाद में उनके मार्क्स एड करना कठिन हो जाता है, फिर उन्हें सीधा रिजनल सेंटर में जाकर जमा करवानी पड़ती हैं।



## न्यूज ब्रीफ

### पैसे दोगुने करने के लालच में गंवाए लाखों

**सोलन।** ऑनलाइन ऐप के जरिए पैसे दोगुने करने के लालच में सोलन के एक व्यक्ति ने करीब 13 लाख रुपए गंवा दिए। शिकायत मिलने के बाद सोलन सदर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। एसपी गौरव सिंह ने बताया कि सोलन के रहने वाले मोहन ने शिकायत दर्ज करवाई कि इसकी इंस्टाग्राम के माध्यम से एक महिला से जान-पहचान हुई थी, जिसने इसे ऑनलाइन ऐप के बारे में बताया और यह जानकारी दी कि इस ऐप से अच्छी कमाई होती है। इसके कहने पर इसने एक ऐप डाउनलोड की और उसके कहने पर इसने यूपीआई के माध्यम से इस पर 5000 रुपए ट्रांसफर किए, जो कि ऐप में दोगुनी दिखाई दिए, लेकिन जब इसने इस पैसे को अपने बैंक अकाउंट में निकालना चाहा, तो यह नहीं निकल रहे थे। इसकी महिला दोस्त ने इसे जानकारी दी कि उसे यदि इस पैसे को निकालना है, तो उसे पहले 8 लाख रुपए ट्रांसफर करने होंगे, इसके बाद सारी राशि निकल जाएगी। इसके बाद इसने अपने दोस्तों व रिश्तेदारों से पैसे लेकर ट्रांसफर किए, मगर इसके बावजूद पैसे विड्राल नहीं हुए। यह अब तक इस ऐप में लगभग 13,48,200 रुपए गंवा चुका है। अब इस मामले की शिकायत इसने पुलिस में दर्ज करवाई है, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एटीएम बदल निकाले 40000, एक गिरफ्तार

**बद्दी।** थाना बद्दी के अधीन संदीप कुमार पांडेय पुत्र नगीना पांडेय निवासी वार्ड नं. 2, बद्दी तह. बद्दी जिला सोलन हिप्र से शिकायत प्राप्त हुई कि दिनांक 25 नवंबर को जब यह एटीएम से पैसा निकल रहा था तभी पीछे खड़े अज्ञात व्यक्ति ने धोखे से उसका एटीएम कार्ड बदल लिया और इसके अकाउंट से 40,000 रुपए निकाल लिए, जिस पर पुलिस थाना बद्दी में शिकायत दर्ज करवाई गई, इसके बाद बद्दी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी निखिल ठाकुर पुत्र विचित्र सिंह निवासी गांव मकड़, तह. बड़सर, जिला हमीरपुर, हिप्र व उम्र 32 साल को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिसे अदालत नालागढ़ में पेश किया जाएगा।

### कुनिहार में नए क्षेत्रों को किया जाएगा शामिल

**सोलन।** प्रदेश सरकार की ओर से नगर पालिका अधिनियम-1994 की धारा 80 की उपधारा (1) और धारा-4 की उपधारा (7) के तहत सोलन में नगर पंचायत कुनिहार को अधिसूचित किया गया है। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त सोलन अजय कुमार यादव ने दी। अजय यादव ने कहा कि नगर पंचायत कुनिहार के तहत पटवार वृत्त कुनिहार के मोहाल थावना के 316873 वर्ग मीटर, पटवार वृत्त हाटकोट के मोहाल कोठी फर्स्ट के 343979 वर्ग मीटर, पटवार वृत्त हाटकोट के मोहाल हाटकोट के 570187 वर्ग मीटर, पटवार वृत्त हाटकोट के उपमहाल कोठी सेकंड के 181112 वर्ग मीटर, पटवार वृत्त कुनिहार के मोहाल ऊंचा गांव के 394047 वर्ग मीटर तथा पटवार वृत्त हाटकोट के उपमहाल पुलहाड़ा के 111129 वर्ग मीटर क्षेत्र को सम्मिलित किया गया है। कुल 1917327 वर्ग मीटर क्षेत्र को नगर पंचायत कुनिहार में सम्मिलित किया गया है। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि नगर पंचायत कुनिहार की भूमि और भवनों को अधिसूचना के लागू होने से तीन वर्ष की अवधि के लिए संपत्ति कर के भुगतान से छूट दी गई है।

### विधानसभा उपाध्यक्ष कल से सिरमौर प्रवास पर

**नाहन।** विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार 26 दिसंबर को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला संगड़ाह के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि विधानसभा उपाध्यक्ष 27 को कमलाड़ स्कूल के नए बने भवन का उद्घाटन करने के उपरांत जनसभा को संबोधित करेंगे तथा 28 को भड़ोग बनेड़ी स्कूल के नए बने भवन का उद्घाटन करने के उपरांत जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रवक्ता ने बताया कि 29 को विधानसभा उपाध्यक्ष दीद बगड़ पंचायत के नए चमियाणा संपर्क मार्ग का उद्घाटन करने के उपरांत जनसभा को संबोधित करेंगे तथा 30 को गांव कून के लिए एंबुलेंस योग्न बने नए मार्ग का उद्घाटन करने के बाद गांव कून में जनसभा को संबोधित करेंगे और 31 को बोगधार स्कूल के नए भवन तथा नवनिर्मित बीओ (फॉरेस्ट) ऑफिस-कम-रजिडेंस का लोकार्पण करने के उपरांत बोगधार, पंचायत शामरा में जनसभा को संबोधित करेंगे।

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में मोहित पहले स्थान पर



**सोलन।** महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के सम्मान में, शूलिनी विश्वविद्यालय के योगानंद स्कूल ऑफ एआई, कंप्यूटर और डेटा साइंस ने गणित क्लब, संचय के सहयोग से, आकर्षक कार्यक्रमों की एक श्रृंखला के साथ राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया। उत्सव की शुरुआत विश्वविद्यालय के ईयूनिव प्लेटफॉर्म पर आयोजित एक योग्यता प्रश्नोत्तरी के साथ हुई। प्रश्नोत्तरी में प्रतिभागियों को 30 विचारोत्तेजक प्रश्नों को 25 मिनट के भीतर हल करने की चुनौती दी गई। विभिन्न विभागों के कुल 54 छात्रों ने भाग लिया और अपनी गणितीय कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण एक वेबिनार था, जिसमें अतिथि वक्ता डॉ. रमेश कुमार वत्स, एनआईटी हमीरपुर के एसोसिएट प्रोफेसर शामिल थे। डॉ. वत्स ने श्रीनिवास रामानुजन के जीवन और गणित में उनके अभूतपूर्व योगदान पर व्याख्यान दिया। उन्होंने छात्रों को वैदिक गणित के प्राचीन ज्ञान से परिचित करवाया, इसके 16 सूत्रों और आधुनिक जीवन में उनके व्यावहारिक अनुप्रयोगों के बारे में बताया। समारोह का समापन संचय अध्यक्ष अंशिका जैन द्वारा प्रश्नोत्तरी विजेताओं की घोषणा के साथ हुआ, जिसमें मोहित कुमार चैंपियन के रूप में उभरे, जबकि पार्थ सारथी ने दूसरा स्थान हासिल किया।

### मालवीय की 163वीं जयंती पर होंगे कार्यक्रम

**सोलन।** हिंदुस्तान स्काउट्स एवं गाइड्स के संस्थापक भारत रत्न मदन मोहन मालवीय की 163वीं जयंती पर पूरे देश भर में कार्यक्रम हो रहे हैं। इस बात की जानकारी देते हुए हिंदुस्तान स्काउट्स के राष्ट्रीय चेयरमैन डॉ. करुणाकर प्रधान और सह सचिव डॉ. अतुल कुमार ने कहा कि हिंदुस्तान स्काउट्स के 32 लाख प्रशिक्षु महामना जी की जन्म जयंती पर विधान का संकल्प करेंगे। गोरों के राज में अकादमिक शिक्षा सत्र में स्काउटस प्रशिक्षण से वंचित किए गए हिंदुस्तानी बच्चों के लिए महान शिक्षाविद महामना जी ने हिस्कागा को 1928 में स्थापित किया। महामना मालवीय मिशन, दिल्ली में इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल द्वारा महामना मालवीय पुस्तकालय एवं शोध केंद्र का शिलान्यास किया जाएगा। महामना मालवीय मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरीशंकर सिंह ने जानकारी दी कि इस केंद्र के माध्यम से सैकड़ों जरूरतमंद बच्चों के पढ़ने और कौशल विकास व प्रौद्योगिक ज्ञान के लिए निशुल्क सुविधा दी जाएगी।

### प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम में 7 शिकायतें मिलीं

**नाहन।** प्रशासन गांव की ओर सुशासन सप्ताह, के अंतर्गत सिरमौर के उपमंडल पच्छाद की पंचायत गागल शिकोर व बजगा पंचायत घर में उपमंडल अधिकारी पच्छाद, डॉ. प्रियंका चंद्रा, की अध्यक्षता में जनसमस्याओं की सुनवाई के लिए शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। डॉ. प्रियंका चंद्रा ने बताया कि आयोजित शिविर में कुल 7 शिकायतें प्राप्त हुई, जो निपटारे के लिए संबंधित विभागों को विस्तृत रिपोर्ट के लिए भेजी गई तथा शिविर के दौरान 4 इंतकाल भी किए गए।

### हिंदू संगठनों ने रिकांगपिओ में खोला मोर्चा


**अनिल नेगी, रिकांगपिओ।** किन्नौर के मुख्यालय रिकांगपिओ में कड़कड़ाती ठंड व बर्फ के मध्य दर्जनों हिंदू संगठनों ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नेतृत्व में बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ किए गए अत्याचारों को लेकर रोष रैली निकाली है। इस रोष रैली में हिंदू विचारधारा के कई संगठनों ने भी आरएसएस का समर्थन किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ किन्नौर के जिला संघ चालक प्रताप नेगी ने कहा कि जिसप्रकार से बांग्लादेश में हिंदुओं का नरसंहार किया गया है वह किसी से छुपा नहीं है। आज बांग्लादेश की हालत इतनी बिगड़ चुकी है कि वहां पर हिंदुओं की संख्या अधिक होने के बावजूद भी मुस्लिम धर्म के लोग उनपर अत्याचार व हावी हो रहे हैं, जिस कारण बांग्लादेश में उथल-पुथल मची हुई है। बांग्लादेश में हिंदुओं के संरक्षण के लिए देश का हिंदू संगठन एकजुट हुआ है और देश के राष्ट्रपति को इस संदर्भ में ज्ञापन भी भेजा गया है। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आग्रह किया कि बांग्लादेश में नरसंहार को रोकने व हिंदुओं की सुरक्षा के लिए देश की सेना को भेजें, ताकि बांग्लादेश के हालात सुधर सकें। (अनंत ज्ञान)

# सोलन पुलिस ने क्रिसमस व नववर्ष पर किए सुरक्षा के चाक-चौबंद प्रबंध

**आर मोहन चौहान, सोलन**

प्रदेश में बर्फबारी के चलते इस बार क्रिसमस और नववर्ष के लिए पर्यटक बड़ी संख्या में हिमाचल का रूख कर रहे हैं। प्रदेश के प्रवेश द्वार परवाणू से होकर पर्यटक कसौली, सोलन, चायल और शिमला पहुंच रहे हैं।

इसको लेकर सोलन पुलिस ने सुरक्षा के चाक-चौबंद प्रबंध किए हैं। एक तरह जहां हाईवे पर दुर्घटनाएं रोकने के लिए रोड डायवर्जन प्वाइंट से सावधानी से वाहन चलाने के प्रति वाहनों चालकों को सतर्कता से चलने के लिए जागरूक किया जा रहा है। वहीं, शराब के नशे में वाहन चलाने वालों के लिए परवाणू और सोलन के दोहरी दीवाल पर नाके भी लगाए जाएंगे। इसी तरह हुड़दंगबाजी और ओवर स्पीड की घटनाओं को रोकने के लिए सीसीटीवी और स्पीडो मीटर की मदद ली जा रही है। सुरक्षा के इंतजामों के लिए ऊना से फर्स्ट बटालियन की एक टुकड़ी सोलन सहित कसौली और चायल में तैनात की गई है। (अनंत ज्ञान)



### रोड साइड में नहीं कर सकेंगे हुड़दंबाजी

**क्रिसमस** और नए साल के जश्न में हुड़दंगियों और असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा चक्र मजबूत कर लिया है। पर्यटक नगरी चायल और कसौली में बाहरी राज्यों से लोगों की अधिक आवाजाही होती है। इस बीच सुरक्षा को लेकर यहां अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। इसके अलावा सीमाओं की चौकसी को भी बढ़ाया जा रहा है। गश्त अभियान और यातायात चैकिंग दोगुना कर दी है। खासतौर पर कालका-शिमला एनएच पर हुड़दंगियों पर विशेष रूप से पैनी नजर रहेगी। इसके लिए सभी थाना और चौकी प्रभारियों को सुरक्षा सहित यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के भी निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

### एनएच को सेक्टरों में बांटा

**पर्यटन** नगरी चायल, कसौली, बड़ोग समेत एनएच को सेक्टरों में बांटा गया है, जिसमें परवाणू से जाबली, जाबली से बड़ोग, कसौली, बड़ोग से सलोगड़ा, जिला मुख्यालय सोलन, कंडाघाट से शालाघाट, चायल, सुबाथू-कुनिहार समेत बाइपास सोलन को सेक्टरों में शामिल किया गया है। इसकी अध्यक्षता एसएचओ या फिर डीएसपी स्तर के अधिकारी करेंगे। वहीं, इस दौरान सीसीटीवी व पैट्रोलिंग से भी सुरक्षा बंदोबस्त पर पूरी नजर रखी जाएगी। एनएच सहित पर्यटक स्थल कसौली, चायल के लिए पुलिस जवानों की तैनाती की जा रही है। क्रिसमस और नववर्ष पर एनएच के किनारे कोई भी पर्यटक या स्थानीय लोग अपने वाहनों को खड़ा नहीं कर सकेंगे। इसके अलावा हुड़दंगियों से निपटने के लिए पुलिस की ओर से जगह-जगह पर पेट्रोलिंग की जाएगी, जिसमें हुड़दंग मचाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### सुरक्षा के सभी इंतजाम मजबूत

**एसपी** गौरव सिंह ने बताया कि क्रिसमस और नववर्ष को लेकर सुरक्षा इंतजाम की तैयारी शुरू कर दी है, जिसमें रात्रि गश्त, पैट्रोलिंग को बढ़ाया जा रहा है। सुरक्षा और जाम से निपटने के लिए जिले को सेक्टरों में बांटा जा रहा है। पर्यटक नगरी चायल और कसौली में सबसे अधिक पर्यटक आते हैं, जिसके तहत यहां पर पुलिस की अतिरिक्त टीम की तैनात की जा रही है।

# कांग्रेस ने गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ किया प्रदर्शन



सोलन में गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

केंद्रीय मंत्री अमित शाह द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर पर अपमानजनक बयानबाजी के विरोध में मंगलवार को जिला कांग्रेस ने शहर में विरोध रैली निकाली। इस दौरान केंद्रीय मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। साथ ही डीसी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा गया। जिला कांग्रेस के कार्यकर्ता पीडब्ल्यूडी कार्यालय में एकत्र होकर डीसी कार्यालय सोलन पहुंचे।

इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर उनके इस्तीफे की मांग की। जिला सोलन कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष शिव कुमार ने कहा कि केंद्रीय मंत्री ने जिस प्रकार संविधान निर्माता के खिलाफ अपमानजनक बयानबाजी की वह सही नहीं है। उन्होंने कहा कि अमित शाह के बयान का देश भर में विरोध किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक अमित शाह अपने बयान को लेकर माफी नहीं मांगेंगे विरोध-प्रदर्शन जारी रहेगा। प्रधानमंत्री को गृह मंत्री का इस्तीफा मांगना चाहिए।

उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने स्वतंत्रता संग्राम लेकर देश के संविधान का निर्माण किया। उन्होंने दलितों पिछड़ों को उनके अधिकार दिलाने का कार्य किया। कांग्रेस उनके अपमान को सहन नहीं करेगी। इस मौके पर जिला महासचिव शिवदत्त ठाकुर सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## उपमुख्यमंत्री आज दून के प्रवास पर

**सोलन।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री आज यानी 25 दिसंबर को सोलन के दून विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर आ रहे हैं। मुकेश अग्निहोत्री 25 को प्रात: 10.00 बजे दून विधानसभा क्षेत्र की पंचायत चंडी के गंबर खड्डु से उठाऊ पेयजल योजना का लोकार्पण करेंगे। उपमुख्यमंत्री तदोपरांत दोपहर 12.30 बजे पंचायत नंदपुर के गांव रायपुर जखौली में उठाऊ पेयजल योजना तथा पचांयत मानपुरा के ठेडा गांव में नलकूप आधारित सिंचाई योजना का लोकार्पण करेंगे। मुकेश अग्निहोत्री तत्पश्चात दोपहर 1.30 बजे पंचायत मलपुर के गांव मलकू माजरा घराट तथा भुड्डु उपरला में नलकूप आधारित सिंचाई योजना का लोकार्पण करेंगे। उपमुख्यमंत्री तदोपरांत दोपहर 2.30 बजे पंचायत थाना के धर्मपुर, भूपनगर तथा कोटला में उठाऊ पेयजल योजना एवं धर्मपुर, भूपनगर तथा नारंगपुर में नलकूप आधारित सिंचाई योजना का लोकार्पण करेंगे।

## 850 शिक्षण संस्थान आदर्श संस्थान के रूप में किए जा रहे विकसित: अवस्थी

**अनंत ज्ञान, सोलन**

अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को आधुनिक शिक्षा प्रदान करने के लिए विद्यालय स्तर से लेकर कॉलेज स्तर तक योजनबद्ध कार्य कर रही है, ताकि युवा भविष्य में न केवल बेहतर रोजगार प्राप्त कर सकें, बल्कि अन्य को भी रोजगार देने में सक्षम बन सकें। संजय अवस्थी ने अर्की की पंचायत बनोह खरड़हट्टी में खरड़हट्टी स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

संजय अवस्थी ने कहा कि वर्तमान में छात्र ऑनलाइन ही काफी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। प्रदेश सरकार विद्यालय स्तर पर अधोसंरचना में बदलाव कर रही है और विद्यालयों को सूचना प्रौद्योगिकी की दिशा में बेहतर बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऑनलाईन युग के अनुरूप छात्रों को शिक्षा प्रदान करवाना प्रदेश सरकार का उद्देश्य है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रदेश में 850 शिक्षण संस्थानों को चरणबद्ध तरीके से आदर्श संस्थान के रूप में विकसित किया जा रहा है। इनमें 500 प्राथमिक विद्यालय, 100 उच्च विद्यालय, 200 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तथा 50 राजकीय महाविद्यालय शामिल हैं। इन संस्थानों में स्मार्ट कक्षाएं तथा अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि निर्धारित मापदंडों के आधार पर इन संस्थानों का नियमित मूल्यांकन भी करवाया जाएगा, ताकि छात्रों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा मिल सके।

## युवाओं के सर्वांगीण विकास में खेल महत्वपूर्ण

### 29वीं वरिष्ठ व 24वीं कनिष्ठ राज्य स्तरीय कोर्फबॉल प्रतियोगिता आरंभ

**अनंत ज्ञान, सोलन**

अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को शिक्षा एवं खेल गतिविधियों की दिशा में प्रोत्साहित करने और नशे से दूर रखने के लिए समग्र प्रयास कर रही है। संजय अवस्थी सोलन के अर्की विधानसभा क्षेत्र की पंचायत डुमैहर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में 29वीं वरिष्ठ एवं 24वीं कनिष्ठ राज्य स्तरीय कोर्फबॉल प्रतियोगिता के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे।

हिमाचल प्रदेश कोर्फबॉल संघ, जिला कोर्फबॉल संघ सोलन तथा डुमैहर स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 29वीं वरिष्ठ एवं 24वीं कनिष्ठ राज्य स्तरीय कोर्फबॉल



कोर्फबॉल प्रतियोगिता के शुभारंभ पर खिलाड़ियों के साथ विधायक संजय अवस्थी।

प्रतियोगिता में मंडी, हमीरपुर, बिलासपुर, कुल्लू, कांगड़ा, ऊना, सिरमौर, सोलन व स्पोर्ट्स क्लब दधोल, घुमारवीं के लगभग 255 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं में नशे की प्रवृत्ति को रोकने तथा शारीरिक व मानसिक विकास में खेल महत्वपूर्ण हैं। युवाओं के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास के लिए समय-समय पर खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजित होना आवश्यक है। विधायक ने इस अवसर पर लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को इनके जल्द निपटारे के निर्देश दिए। नगर पंचायत अर्की के अध्यक्ष अनुज गुप्ता, पंचायत डुमैहर के उपप्रधान कर्मचंद, कांग्रेस पार्टी के सतीश कश्यप, कमलेश शर्मा, दिनेश शर्मा, बीडीसी के उपाध्यक्ष प्रताप आदि मौजूद रहे।

# बद्दी पुलिस ने 452 चालान काट वसूले 82 लाख रुपए

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

सोलन के नालागढ़ व बद्दी में अवैध माइनिंग पर इस वर्ष बड़े स्तर पर ठोस कार्रवाई हुई।

जिला बद्दी पुलिस ने इस वर्ष 23 दिसंबर तक 18 अवैध माइनिंग माफिया पर एफआईआर हुई, जबकि वर्ष 2023 में 18 एफआईआर दर्ज हुई थी। बद्दी पुलिस ने इस वर्ष 452 अवैध माइनिंग के चालान काट 82,37,700 लाख रुपए का जुर्माना वसूल कर रिकॉर्ड बनाया है। वहीं, पुलिस जिला बद्दी प्रदेश का पहला ऐसा जिला बना, जहां पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के तहत निर्धारित प्रावधानों के तहत चालान काटे गए। अवैध माइनिंग पर हुई यह ताबड़तोड़ कार्रवाई आईपीएस एसपी इल्मा अफरोज के कार्यकाल के दौरान हुई थी, जिन्होंने अवैध माइनिंग को 90 फीसदी तक जड़ से खत्म कर दिया था। हालांकि पिछले एक माह से इल्मा अफरोज छुट्टी पर थी और अब बीते एक सप्ताह से पुलिस मुख्यालय शिमला में है।

एसपी इल्मा अफरोज के छुट्टी जाने के दौरान प्रदेश सरकार ने एचपीएस विनोद धीमान को एसपी लगाया था, लेकिन अब छुट्टी से लौटने के बाद भी अभी तक तैनाती नहीं मिल पाई है अब वापस बद्दी में तैनाती मिलेगी या नहीं यह स्थिति साफ नहीं हो पा रही है। बता दें कि आईपीएस इल्मा अफरोज ने जनवरी-2024 में पुलिस जिला की कमान संभाली थी, जो 7 नवंबर से 16 दिसंबर तक अचानक छुट्टी पर चली गई थी, जिनके रातों-रात सरकारी आवास खाली कर अपने घर मुरादाबाद चले जाने पर खूब चर्चाएं भी हुई थी।

### नालागढ़, बद्दी में बड़े स्तर पर होती है अवैध माइनिंग



**पंजाब** व हरियाणा से सटे नालागढ़-बद्दी एरिया में बड़े स्तर पर पिछले कई सालों से अवैध माइनिंग होती रही है। खनन माफिया इस कदर हावी था कि जिन्हें न प्रशासन का डर था न ही पुलिस का। एसपी इल्मा ने खनन माफिया को आर्थिक चोट पहुंचाकर, उन्हें खत्म करने का प्रयास किया था, जो कि काफी हद तक सफल रहा।

### पुलिस ने अवैध माइनिंग पर कसा शिकंजा: एएसपी

**जिला** बद्दी पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा ने बताया कि इस वर्ष 23 दिसंबर तक पुलिस ने 18 एफआईआर अवैध माइनिंग की दर्ज की है और 452 चालान काट 82,37,700 लाख रुपए का जुर्माना वसूला है। उन्होंने बताया कि पुलिस लगातार अवैध माइनिंग पर शिकंजा कस रही है।

## मधुमेह और रक्तचाप जांच शिविर में 55 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**



पंचायत रोडी के गांव खाता में अंबुजा फाउंडेशन द्वारा आयोजित मधुमेह और रक्तचाप जांच शिविर में 55 से अधिक लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई।

शिविर का उद्देश्य समुदाय को गैर संचारित रोगों के बारे में जागरूक करना और उनकी जीवन शैली में सुधार करना था। स्वास्थ्य कार्यकर्ता सुनीता शर्मा, निशा ठाकुर और नीलम ठाकुर ने समुदाय को जागरूक किया और रक्तचाप व मधुमेह जांच के लिए प्रेरित किया। मधुमेह और उच्च रक्तचाप आज के वर्तमान परिवेश में लोगों के जीवन में एक त्रासदी ला रहा है, जिसे हम सब मिलकर होने वाली जीवनशैली में सुधार कर नियंत्रण में ला सकते हैं। भूपेंद्र गांधी ने कहा कि अंबुजा फाउंडेशन दाड़लाघाट सदैव ऐसे ही जांच और परामर्श शिविर नियमित रूप से करता रहेगा। सामुदायिक स्वास्थ्य परियोजना समन्वयक अजीत कुमार सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य परियोजना के तहत 45 गावों में गैर संचारित रोग नियंत्रण का कार्यक्रम संचालित हो रहा है।

## बीआरडी पब्लिक स्कूल ने धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

### देश निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे बच्चे: सुरजीत

**रजनीश ठाकुर, बद्दी**

औद्योगिक क्षेत्र बद्दी के तहत अटल शिक्षा कुंज कालूझंडा स्थित बीआरडी पब्लिक स्कूल ने वार्षिक समारोह 'प्रयास' हर्षोल्लास से मनाया।

समारोह में मुख्यातिथि के रूप में बद्दी नगर परिषद के अध्यक्ष सुरजीत सिंह, डिप्टी डायरेक्टर हाई एजुकेशन देशराज शारदा, एंजल शर्मा, डॉ. मधु शर्मा, कुलतार मेहता, भागचंद शर्मा, एडवोकेट चमन लाल शर्मा सहित प्रतिष्ठित गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यातिथि द्वारा दीप प्रज्वलित करने के साथ हुई। प्रधानाचार्या पूजा ठाकुर ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी व साल भर शिक्षा तथा खेलों में अव्वल रहे मेधावी बच्चों



को पुरस्कृत किया। प्रधानाचार्य ने कहा के बीआरडी पब्लिक स्कूल का मकसद शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में संस्कार पैदा करना है, ताकि बच्चे पढ़-लिखकर अच्छे मुकाम पर पहुंचने के साथ-साथ संस्कारी बन सकें। बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरी। बच्चों ने छोटे-छोटे सपने, डिस्को दीवाने, कव्वाली, बंदेया रे बंदेया आदि गानों पर नृत्य प्रदर्शन से सभी का मनोरंजन किया। बच्चों के कार्यक्रम के पश्चात छात्राओं और अध्यापिकाओं की ओर से पंजाबी गिद्दा प्रस्तुत किया गया, जिसने सभी को थिरकने पर मजबूर कर दिया। इसके पश्चात मुख्यातिथि ने सभी को संबोधित किया। सुरजीत चौधरी ने स्कूल स्टाफ द्वारा तैयार करवाए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम की सराहना की और बच्चों को पढ़-लिखकर देश निर्माण में अहम भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। (अनंत ज्ञान)

## बद्दी महिला थाना की कार्यशैली से परिचित हुए छात्र

**अनंत ज्ञान, बद्दी**

बद्दी के महिला थाना में राजकीय उच्च विद्यालय हरिपुर संदोली के छात्र मंगलवार सुबह 10 बजे महिला थाना बद्दी पहुंचे। वहां थाना प्रभारी सुशील धीमान ने पुलिस के कार्यों के बारे में बच्चों को जानकारी दी। इसके साथ ही एफआईआर और केस डायरी लिखने के बारे में सवाल-जवाब किया।

इस मौके पर थाना प्रभारी ने बताया कि एसपी बद्दी विनोद धीमान की बच्चों को कानून सिखाने की मुहिम के दौरान हरिपुर संदोली विद्यालय के सभी बच्चे पुलिस थाना पहुंचे और उनके साथ विद्यालय के अध्यापक भी मौजूद रहे। स्टूडेंट्स को यहां बंदी गृह और कार्यालय को दिखाया गया और कार्य प्रणाली और सरकारी फाइल के रखरखाव को कैसे करें उसके बारे में बताया, जिसमें बच्चों ने सीसीटीएनएस, महिला हेल्प डेस्क, विवेचना सेल आदि को बहुत नजदीक से देखा। पुलिस के काम में आने वाली कठिनाइयों को भी जाना। स्कूल के स्टूडेंट्स ने बताया कि किस प्रकार से पुलिस किसी भी अपराध में कार्रवाई करती है। पुलिस के पास शिकायत आने से लेकर उसकी एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच करना और मामले में आगे किस प्रकार कार्रवाई होती है। यह सब जानकारी दी गई।



### अनजान लोगों से दूर रहने की शिक्षा

**सुशील** धीमान ने छात्राओं को बताया कि आप किसी अंजान व्यक्ति से दोस्ती न करें, अगर दोस्ती हो जाए तो अकेले किसी के साथ मत जाएं। जो बात हो अपनी शिक्षक या माता-पिता को अवश्य बताएं। अगर किसी से खुद को असहज महसूस करती हैं या कोई आपको परेशान कर रहा है, तो बिना हिचक और डरे पुलिस से शिकायत करें।

## प्राकृतिक खेती के महत्व पर डाला प्रकाश, 50 किसानों ने लिया भाग

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

दाड़लाघाट में अंबुजा फाउंडेशन द्वारा आयोजित किसान दिवस समारोह में 150 किसानों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रोजेक्ट डायरेक्टर आत्मा योगराज चौहान मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में हॉर्टिकल्चर विभाग से ललित ठाकुर और पंचायत प्रधान दाड़ला बंसी राम भाटिया ने भी भाग लिया। किसान दिवस के अवसर पर किसानों द्वारा अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई और एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विजेता किसानों को पुरस्कार देकर सम्मानित



किया गया। अंबुजा अदाणी सीमेंट लिमिटेड के क्लस्टर प्रमुख मुकेश सक्सेना ने बताया कि अंबुजा फाउंडेशन इस क्षेत्र के किसानों को सहयोग करता रहेगा और उन्हें प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए जागरूक करेगा। कार्यक्रम में बागवानी विभाग से ललित ठाकुर ने विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। मुख्यातिथि आत्मा योगराज ने प्राकृतिक खेती के महत्व पर प्रकाश डाला।

**आयोजन** फील्फोट फोरम सोलन ने पैरागॉन होटल में किया शाम-ए-गजल का आयोजन

## गायकी व गजल प्रस्तुतियों से बांधा सुरों का समां


**अनंत ज्ञान, सोलन**

फील्फोट फोरम सोलन ने स्थानीय पैरागॉन होटल में शाम-ए-गजल का आयोजन किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त सोलन अजय कुमार यादव ने बतौर मुख्यातिथि दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज किया।

इस मौके पर सिविल सप्लाइज के निदेशक जतनी साहनी, समाजसेवी कृपाल सिंह पसरीचा, समाजसेवी कुलराकेश पंत, नगर निगम सोलन की मेयर उषा शर्मा, डिप्टी मेयर मीरा आनंद, समाजसेवी सुरेंद्र सेठी,



समाजसेवी राजन जैन, समाजसेवी अशोक सूद, समाजसेवी दिनेश कश्यप, समाजसेवी, मुकेश गुप्ता, मोनिका बंसल, रोहताश, जया कपूर, शीतल गुप्ता, अंचल वर्मा सहित अन्य विशिष्टातिथियों को सम्मानित किया गया। शाम ए गजल कार्यक्रम में रवि कांत सूद, विपुल गोयल, नरेंद्र दत्त शर्मा सहित अन्य प्रतिष्ठित कलाकारों ने अपनी गायकी और गजल प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया व खूब वाहवाही लूटी। मुख्यातिथि अतिरिक्त उपायुक्त सोलन अजय कुमार यादव ने अपने संबोधन में सभी कलाकारों और आयोजन समिति को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन समाज को जोड़ने का माध्यम बनते हैं। यह मंच संगीत और साहित्य प्रेमियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने आयोजकों और सभी कलाकारों को इस सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। फील्फोट सोलन के अध्यक्ष विजय पुरी ने कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक आयोजन न केवल समाज में सकारात्मकता लाते हैं, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति कसे जोड़ने का काम भी करते हैं। वहीं, चेयरमैन विपुल गोयल ने कहा कि शाम-ए-गजल जैसे कार्यक्रमों से समाज में साहित्य और संगीत के प्रति जागरूकता बढ़ती है।




# चंडीगढ़ निगम में कांग्रेस-भाजपा पार्षदों में जमकर हुई हाथापाई

## अनिल मसीह के पोस्टर लहराकर उन्हें 'वोट चोर' कहने पर हुआ हंगामा

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ नगर निगम सदन की बैठक में अनिल मसीह के मुद्दे पर हंगामा हो गया है। हाथापाई तक की नौबत आ गई। कांग्रेस पार्षद गुरप्रीत सिंह गाबी से भाजाप के पार्षदों ने धक्का मुक्की की।

दरअसल आम आदमी पार्टी और कांग्रेस की तरफ से लगातार अनिल मसीह के पोस्टर लहराकर उन्हें 'वोट चोर' कहा जा रहा था और इस संबंध में नारे लगाए जा रहे थे।

इस पर अचानक अनिल मसीह निगम के वेल में आए और उन्होंने यह कहना शुरू कर दिया कि कांग्रेस के कई नेता, सोनिया गांधी, राहुल गांधी जमानत पर हैं। इसके बाद कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के नेता भी उनके पास आए और मसीह के पोस्टर को दोबारा से लहराना शुरू कर दिया।

भाजपा के पार्षदों ने पोस्टर को छीनने की कोशिश की, जिसके




बाद धक्का-मुक्की हुई। बात इतनी बढ़ गई कि कांग्रेस के पार्षद गुरप्रीत सिंह और सीनियर डिप्टी मेयर कुलजीत सिंह संधू के बीच बहस हुई। गुरप्रीत सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा पार्षद ने उनके हाथ से पोस्टर को छीनने की कोशिश की।

वहीं बैठक शुरू होते ही डॉ. आंबेडकर के मुद्दे पर कांग्रेस ने भाजपा से मांगी मांगने की अपील की। वहीं बिजली बोर्ड के निजीकरण को लेकर आप और कांग्रेस पार्षदों ने बीजेपी सरकार के विरुद्ध प्रदर्शन किया। (अनंत ज्ञान)

अनशन का 29वां दिन

# लड़ाई जीतने के लिए एकजुट होकर लड़ना होगा: डल्लेवाल

**एजेंसी, चंडीगढ़**

पंजाब के किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने मंगलवार को कहा कि 'इस लड़ाई को जीतने के लिए पूरे देश को एकजुट होकर लड़ना होगा।'

डल्लेवाल (70)केंद्र सरकार पर किसानों की फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी सहित अन्य मांगों को स्वीकार करने का दबाव बनाने के लिए खनौरी सीमा पर 29 दिन से अनशन कर रहे हैं।

अपने गिरते स्वास्थ्य को देखते हुए बनाए गए विशेष मंच से किसानों को संबोधित करते हुए डल्लेवाल ने आंदोलन को समर्थन देने वालों का दिल से आभार जताया।

किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ का सहारा लेकर खड़े डल्लेवाल ने लड़खड़ाती आवाज में कहा, 'मैं आप सभी को बताना चाहता हूं कि मैं ठीक हूं। हमें यह लड़ाई जीतनी है। यह लड़ाई तभी जीती जा सकेगी, जब पूरा देश एकजुट होकर लड़ेगा।' लगभग दो मिनट के



संबोधन में डल्लेवाल ने कहा, ''मैं चाहता हूं कि सरकार हमें किसी भी कीमत पर यहां से नहीं हटा सके। अगर वह ऐसा नहीं कर पाएगी, तो या तो हम जीत जाएंगे या मर जाएंगे, दोनों में से कोई एक चीज होगी।'' बाद में कोहाड़ ने कहा कि जब डल्लेवाल ने खुद के ठीक होने की बात कही, तो उनका मतलब था कि वह शारीरिक रूप से कमजोर हो गए होंगे, लेकिन उनके हौसले बुलंद हैं।

डल्लेवाल के स्वास्थ्य पर नजर रखने वाले चिकित्सकों ने उनकी हालत नाजुक बताई है। डल्लेवाल 26 नवंबर से भूख हड़ताल पर हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### होशियारपुर में 24 वर्षीय युवक की हत्या

**होशियारपुर (पंजाब)।** पंजाब के होशियारपुर में कुछ लोगों द्वारा किए गए हमले में घायल 24 वर्षीय एक दुकानदार की मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इन लोगों ने युवक पर धारदार हथियारों से हमला किया था। उन्होंने बताया कि घटना सोमवार को सुबह करीब 10 बजे गढ़दीवाला बस स्टॉप के निकट हुई। मिर्जापुर गांव का निवासी अविनाश गढ़दीवाला में एक 'गिफ्ट शॉप' चलाता था। वह अपने दोस्त गगनदीप सिंह के साथ था, तभी दो कारों में सवार होकर कम से कम 10 लोग आए और उस पर हमला कर वहां से फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि घटना में दोनों घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि दोनों को इलाज के लिए दसूया के सिविल अस्पताल ले जाया गया लेकिन अविनाश को मृत लाया घोषित कर दिया गया, जबकि सिंह का इलाज किया गया।

### ऑल इंडिया कार डीलर्स एसोसिएशन की बैठक आयोजित

**चंडीगढ :** ऑल इंडिया कार डीलर्स एसोसिएशन (एआईसीडीए) की आज यहां संपन्न हुई 24वीं वार्षिक आम सभा में एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेएस नेयोल ने कहा कि कार बाजार एवं डीलर्स का कारोबार देश भर में अढ़ाई लाख करोड़ सालाना का है



व इस कारोबार से लाखों लोगों के परिवार अपनी रोजी-रोटी कमा खा रहे हैं परंतु फिर भी ये कारोबार पूरी तरह से उपेक्षा का शिकार है। जेएस नेयोल, मजदूरों कामगारों की संस्था इंटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं, ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि उन्होंने संस्था की पिछली आम बैठक में सरकार से जल्द से जल्द कार बाजार एवं डीलर्स के कामकाज को इंडस्ट्री का दर्जा देने की मांग उठाई थी ताकि इस क्षेत्र से जुड़े लोग बैंकों से कर्ज लेकर अन्य उद्योगों की तरह अपने कारोबार को आगे बढ़ा सकें व आम जनता को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने में सक्षम हो सकें। बैठक में सरकार की स्क्रैप पॉलिसी में सुधार की गुंजाइश को रेखांकित करते हुए मांग की गई कि इस कानून को लागू करते समय किसी भी गाड़ी की गुणवत्ता को ध्यान में रखना उपभोक्ता के हित में होगा। अगर कोई गाड़ी किसी उपभोक्ता ने अच्छे से मेंटेंन कर रखी है, तो उसकी टेस्टिंग करके उसे इस पॉलिसी से छूट मिलनी चाहिए। इससे मध्यम वर्ग को राहत मिलेगी।

# सीएम धामी ने अटल बिहारी वाजपेयी को अर्पित की श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, देहरादून**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न, स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. अटल बिहारी वाजपेयी कशल प्रशासक, राजनीतिज्ञ एवं लोकप्रिय जन नेता के साथ महान वक्ता थे, जिन्हें समाज के सभी वर्गों के लोग सम्मान देते थे।

स्व. वाजपेयी के लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि था। अटल जी उत्तराखंड राज्य के प्रणेता रहे हैं, उन्होंने न केवल उत्तराखंड राज्य का निर्माण किया बल्कि राज्य विकास के लिए आधार भी तैयार किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी के



नेतृत्व में भारत ने विश्व में अपनी नयी पहचान बनाई तथा 21 वीं शदी में मजबूती से कदम आगे बढ़ाया। उनमें सभी को साथ लेकर चलने की अद्भुत क्षमता थी।

उनकी दूरगामी सोच, रचनाओं, पोखरण परमाणु परीक्षण, कारगिल की लड़ाई में भारत को मिली विजय के लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा।

# शहीदी दिवस पर लगाया दूध का लंगर

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के सेक्टर 37-सी में स्थित कश्यप राजपूत धर्मशाला में अमर शहीद बाबा मोती राम मेहरा जी के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में एक स्मरणोत्सव आयोजित किया गया। इस अवसर पर दूध का लंगर लगाया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार के लंगर जैसे कि सैंडविच, केले, मठी, मटर, बिस्किट आदि शामिल थे।

वार्ड नंबर 25 के स्थानीय पार्षद योगेश धींगरा जी ने विशेष अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम में शिरकत की। लंगर का सभी उपस्थित लोगों ने आनंद लिया और चेयरमैन कुलवंत सिंह और जनरल सेकरेटरी विनोद कुमार बिट्टू ने समिति के सदस्यों और दानदाताओं को उनके मूल्यवान योगदान के लिए हृदय से धन्यवाद दिया।

## दिल्ली चुनाव: कांग्रेस ने 28 उम्मीदवारों के तय किए नाम

# सीएम आतिशी के खिलाफ चुनाव लड़ेंगी अलका लांबा!

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की केंद्रय चुनाव कमेटी (सीईसी) की बैठक दिल्ली में हुई। इसमें पार्टी ने 35 सीटों पर उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा की।

बैठक में कुल 28 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम तय कर लिए हैं, जबकि 7 सीटों पर अभी फैसला नहीं लिया गया और इन्हें पेंडिंग रखा गया है। सूत्रों के अनुसार, दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के सामने कालकाजी सीट से अलका लांबा का नाम तय किया गया है। यह कांग्रेस सीईसी की दूसरी बैठक थी, जिसमें विभिन्न सीटों पर उम्मीदवारों को लेकर गहन चर्चा हुई। बैठक में



दिल्ली की कुछ अन्य महत्वपूर्ण सीटों पर भी चर्चा की गई, जिनमें सीमापुरी, जंगपुरा, मटिया महल और बिजवासन शामिल हैं। सूत्रों के मुताबिक सीमापुरी, जंगपुरा, मटिया महल और बिजवासन सीट को लेकर भी चर्चा की गई। सीमापुरी से राजेश लिलोठिया, जंगपुरा से फरहाद सूरी, मटिया महल से आसिम अहमद और बिजवासन से देवेंद्र सहरावत के नाम पर चर्चा हुई।

# केंद्र सरकार जिद छोड़कर किसानों से बात करे: मान

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को केंद्र से आग्रह किया कि वह अपनी 'जिद' छोड़कर फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर राज्य की सीमा पर विरोध प्रदर्शन कर रहे किसानों के साथ बातचीत करे। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के नेतृत्व में किसान 13 फरवरी से पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू तथा खनौरी बॉर्डर पर उस समय से डेरा डाले हुए हैं। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल केंद्र पर किसानों की मांगों को स्वीकार करने का दबाव बनाने के लिए 26 नवंबर से खनौरी सीमा पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर हैं।

### श्रीलंका नौसेना ने 17 भारतीय मछुआरे किए गिरफ्तार

**रामेश्वरम।** तमिलनाडु के 17 मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने समुद्री सीमा पार करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। इनकी दो नाव भी जब्त की हैं। रामेश्वरम से दो नावों पर सवार लगभग 17 भारतीय मछुआरों को मंगलवार की सुबह कच्चातिवु के पास श्रीलंकाई नौसेना ने गिरफ्तार कर लिया। 17 भारतीय मछुआरे दानुशकोडी और थलाईमन्नार के बीच क्षेत्र में मछली पकड़ रहे थे। उसी दौरान श्रीलंकाई नौसेना की गश्ती नौकाओं ने उन्हें घेर कर गिरफ्तार किया।

### मणिपुर में आईईडी और देसी रॉकेट जब्त

**इंफाल।** मणिपुर में सुरक्षाबलों की ओर से चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी), देसी रॉकेट और अन्य हथियार एवं गोला-बारूद जब्त किए हैं। पुलिस ने बताया कि गुप्त



सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षाबलों ने चुराचांदपुर जिले के तेइजांग गांव में तलाशी अभियान चलाया और तीन देसी रॉकेट, एक राइफल एवं मैगजीन, चार पिस्तौल एवं मैगजीन, छह देसी बम तथा 45 कम तीव्रता वाले विस्फोटक एवं अन्य कारतूस जब्त किए।

### संभल हिंसा मामले में सात और गिरफ्तार

**संभल (उप्र)।** संभल में 24 नवंबर को जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हुई हिंसा के मामले में पुलिस ने मंगलवार को सात और लोगों को गिरफ्तार किया। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) श्रीश चंद्र ने बताया कि हिंसक घटनाओं के सिलसिले में आज सात लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में शोएब, सुजाउद्दीन, राहत, मोहम्मद आजम, अजहरुद्दीन, जावेद और मुस्तफा शामिल हैं।

### ताहिर हुसैन की जमानत अर्जी पर मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को 'आप' के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन की उस याचिका पर पुलिस से जवाब मांगा, जिसमें फरवरी 2020 में उत्तर पूर्व दिल्ली में हुए दंगों के दौरान आईबी कर्मी अंकित शर्मा की हत्या से संबंधित मामले में जमानत मांगी गई है। न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने हुसैन की उस याचिका पर पुलिस को नोटिस जारी किया, जिसमें परिस्थितियों में व्यापक बदलाव के अभाव में हुसैन की जमानत याचिका खारिज करने के निचली अदालत के तीन दिसंबर के आदेश को चुनौती दी गई थी। हुसैन ने अपनी याचिका में कहा कि मामले में सुनवाई शुरू हो गई है और अभियोजन पक्ष के 114 गवाहों में से 20 से अब तक पूछताछ हो चुकी है तथा वह पिछले चार साल नौ महीने से जेल में है।



## देश-विदेश

# तुर्की में कारखाने में विस्फोट 12 की मौत, 4 लोग घायल

**एजेंसी, इस्तांबुल**

**उत्तर** पश्चिम तुर्की में आयुध कारखाने में मंगलवार सुबह विस्फोट होने से कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए।

सरकारी अनादोलू एजेंसी के अनुसार बालिकेसिर प्रांत में स्थित कारखाने में कैप्सूल विनिर्माण इकाई में यह विस्फोट हुआ। प्रांत के गवर्नर इस्माइल उस्ताओग्लू ने कहा कि विस्फोट से कैप्सूल विनिर्माण इकाई क्षतिग्रस्त हो गई और आसपास की इमारतों में भी दरार पड़ गई। अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी है।



## राजस्थान: गैस टैंकर हादसे में दो और घायलों की मौत

**जयपुर।** जयपुर के गैस टैंकर हादसे में गंभीर रूप से झुलसे दो और लोगों की मंगलवार को मौत हो गई। इसके साथ ही इस हादसे में मरने की वालों की कुल संख्या बढ़कर 15 हो गई है। एसएमएस अस्पताल के अधीक्षक डॉ. सुशील भाटी ने बताया कि सुबह दो घायलों की मौत हो गई। हादसे में झुलसने के कारण अस्पताल में भर्ती तीन लोगों को सोमवार छुट्टी दे दी गई। उनके अनुसार, इस समय अस्पताल में 18 घायलों का इलाज चल रहा है, जिनमें से पांच की हालत गंभीर है।

## परमाणु ऊर्जा संयंत्र मामले में हसीना के खिलाफ जांच शुरू

**ढाका।** बांग्लादेश में एक भ्रष्टाचार रोधी समिति ने रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र में पांच अरब अमेरिकी डॉलर के गबन के आरोपों के संबंध में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके परिवार के खिलाफ जांच शुरू की है। भारतीय कंपनियां बांग्लादेश में रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र के निर्माण में शामिल हैं। इसका निर्माण रूस की सरकारी कंपनी रोसातम कर रही है। रूस की ओर से डिजाइन किया गया पहला बांग्लादेशी परमाणु ऊर्जा संयंत्र, रूपपुर बांग्लादेश की राजधानी ढाका से 160 किलोमीटर पश्चिम में बनाया जा रहा है। हसीना के साथ उनके बेटे सजीब वाजेद जॉय और उनकी भांजी एवं ब्रिटेन की वित्त मंत्री ट्यूलिप सिद्दीक से भी पूछताछ की गई।

# दिल्ली और एनसीआर से हटीं ग्रैप-4 की पाबंदियां

**एजेंसी, नई दिल्ली**

वायु प्रदूषण की मार झेल रहे राष्ट्रीय राजधानी और नोएडा, गाजियाबाद और गुरुग्राम फरीदाबाद के लिए राहत भरी खबर है।

यहां एक्यूआई ने बड़ा गोता लगाया है। मंगलवार की शाम 4 बजे दिल्ली एनसीआर में 360 एक्यूआई के आसपास प्रदूषण दर्ज किया गया है। प्रदूषण के स्तर में हुए सुधार को देखते हुए दिल्ली एनसीआर के लिए गठित एयर क्वालिटी कमीशन ने ग्रैप-4 को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। इस संबंध में कमीशन ने सुप्रीम कोर्ट को भी सूचित कर दिया है। अब केवल ग्रैप-3 के प्रतिबंध लागू रहेंगे। 16 दिसंबर को एक्यूआई 400 के पार पहुंचने पर ग्रैप-4 लागू किया गया था। अब एक बार फिर एयर क्वालिटी कमीशन ने एक्यूआई को मॉनिटर किया है।



# इसराइल के रक्षा मंत्री बोले- हमास नेता इस्माइल हनियेह को हमने मारा

**एजेंसी, यरुशलम**

**इसराइल** के रक्षा मंत्री ने स्वीकार किया कि उनके देश ने फिलिस्तीन के चरमपंथी समूह हमास के शीर्ष नेता की हत्या की थी और यमन में हूती विद्रोहियों के नेताओं के खिलाफ इसी तरह की कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

इसराइल कैट्ज की टिप्पणी से ऐसा प्रतीत होता है कि पहली बार इसराइल ने इस्माइल हनियेह की हत्या की बात स्वीकार की है, जो जुलाई में ईरान में एक धमाके में मारा था। इस धमाके के पीछे इसराइल का हाथ माना जा रहा था और नेताओं ने पहले भी इसके शामिल होने के संकेत दिए थे। कैट्ज ने कहा कि हूती विद्रोहियों का वही हश्र होगा, जो हनियेह समेत ईरान समर्थित चरमपंथी समूहों के अन्य सदस्यों का हुआ।

# तेजस विमान का उत्पादन बढ़ाएं, खरीद में तेजी लाए मंत्रालय: संसदीय समिति

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारतीय** वायुसेना में 42 लड़ाकू स्क्वाड्रन की अधिकृत क्षमता के मुकाबले वर्तमान में केवल 31 सक्रिय लड़ाकू स्क्वाड्रन मौजूद होने पर चिंता जाहिर करते हुए संसद की एक समिति ने रक्षा मंत्रालय से तेजस का उत्पादन बढ़ाने और अनुबंधित लड़ाकू विमानों की खरीद में तेजी लाने की सिफारिश की है। भाजपा सांसद राधामोहन सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा मंत्रालय संबंधी स्थायी समिति की 17 दिसंबर 2024 को संसद में पेश रिपोर्ट में इस मुद्दे पर गौर किया गया है। समिति को बताया कि भारतीय वायुसेना की अधिकृत क्षमता 42 लड़ाकू स्क्वाड्रन है, लेकिन इस समय इसके पास 31 सक्रिय लड़ाकू स्क्वाड्रन हैं। वायुसेना के पास मिग 21, मिग 23 और मिग-27 तथा अन्य विमानों का पुराना बेड़ा भी है, जो जल्द ही सेवा से बाहर होने जा रहे हैं, जिससे बल की स्क्वाड्रन ताकत में तेजी से कमी आएगी।

## बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी व 4 अन्य की जमानत याचिका खारिज

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने स्कूलों में भर्ती में कथित अनियमितताओं से संबंधित केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो के एक मामले में मंगलवार को पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और चार अन्य पूर्व अधिकारियों की जमानत याचिकाएं खारिज कर दीं। चटर्जी के अलावा, पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष सुबिरेश भट्टाचार्य, राज्य माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष कल्याणमय गांगुली, कर्मचारी चयन आयोग की सलाहकार समिति के पूर्व अध्यक्ष एसपी साहा और एसएससी के पूर्व सचिव अशोक साहा की जमानत याचिकाएं भी खारिज कर दीं।

# सेंसेक्स 67 और निफ्टी में 25 अंक की गिरावट

**एजेंसी, मुंबई**

**सेंसेक्स** मंगलवार को 67 अंक की गिरावट के साथ 78,472 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी भी 25 अंक गिरा, ये 23,727 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयर में से 17 में गिरावट और 13 में तेजी रही।

वहीं, निफ्टी के 50 शेयरों में से 28 में तेजी और 22 में गिरावट रही। एनएसई सेक्टोरल इंडेक्स में मेटल सेक्टर सबसे ज्यादा 0.83 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ। एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.32 फीसदी और कोरिया के कोस्पी में 0.061 फीसदी की गिरावट रही। वहीं, चीन का शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स 1.26 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ। एनएसई के डाटा के अनुसार, 20 दिसंबर को विदेशी निवेशकों की नेट सेल 168 करोड़ रुपए रही। इस दौरान घरेलू निवेशकों ने 2,227 करोड़ के शेयर खरीदे।




## केजरीवाल का एक और ऐलान, 24 घंटे मिलेगा पानी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव नजदीक हैं। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल लगातार दिल्ली के लोगों के लिए बड़ी-बड़ी चुनावी घोषणाएं कर रहे हैं। एक बार फिर अरविंद केजरील ने एक और चुनावी वादा किया है। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में हम 24 घंटे साफ पानी देंगे। प्लांट लगाकर अमोनिया को हटाएंगे। वहीं, अढ़ाई हजार ट्यूबवेल लगाएंगे। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि राजेंद्र नगर विधानसभा की एक कॉलोनी में आज से 24 घंटे पानी की सप्लाई शुरू हो रही है। इसे जल्द ही पूरी दिल्ली में शुरू किया जाएगा।



# दिल्ली में बांग्लादेशियों की फेक आईडी बनाने वाले 11 गिरफ्तार



**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** पुलिस ने मंगलवार को फेक आईडी और डॉक्यूमेंट्स बनाने वाले 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें 5 बांग्लोदशी और 6 स्थानीय लोग हैं।

ये लोग अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों को फर्जी डॉक्यूमेंट्स जैसे- वोटर आईडी, आधार कार्ड के जरिए दिल्ली में बसाते थे। दक्षिणी दिल्ली के डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि गिरफ्तार लोगों से फर्जी आधार कार्ड, वोटर आईडी, पासपोर्ट बरामद हुए हैं। ये लोग वेबसाइट के जरिए फर्जी डॉक्यूमेंट्स बनाते थे। वेबसाइट रजत मिश्रा चलाता था। गिरफ्तार लोगों में एक महिला भी शामिल है, जिसने फर्जी आधार से वोटर कार्ड बनवाया था। अब तक 1 हजार से अधिक बांग्लादेशियों की पहचान की गई है।

## हमें आबादी के हिसाब से अधिकार मिलें: मुफ्ती

**जम्मू।** पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कहा कि हम सिर्फ यह कह रहे हैं कि आबादी के हिसाब से अधिकार दें, हम अधिकार छीनने के लिए नहीं कह रहे हैं। हम सिर्फ ये कह रहे हैं कि लोगों को उनकी आबादी के हिसाब से अधिकार देना चाहिए, नेशनल कॉन्फ्रेंस ने यह कहकर चुनाव में वोट लिए कि सदन में इस मुद्दे को उठाएंगे, लेकिन उन्होंने इस पर बात की। सोमवार को जब यहां के युवा विरोध-प्रदर्शन कर रहे थे और वे मुख्यमंत्री के पास गए तो उन्होंने क्या कहा, उन्होंने कहा कि 6 महीने इंतजार करो, तब तक कोर्ट का फैसला आ जाएगा।



# महंगाई ने लोगों की रसोई का बजट बिगाड़ा और सरकार नींद में: राहुल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**लोकसभा** में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सब्जियों की कीमतों में उछाल को लेकर मंगलवार को सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि आम लोगों की रसोई का बजट बिगड़ गया है, लेकिन सरकार कुंभकरण की नींद सोई हुई है।



राहुल ने दिल्ली के कालकाजी इलाके की एक सब्जी मंडी का दौरा किया था। उन्होंने इस दौरे का एक वीडियो मंगलवार को अपने विभिन्न सोशल मीडिया हैंडल पर जारी किया। उन्होंने कहा कि अपने यूट्यूब चैनल पर वीडियो को पोस्ट कर लिखा कि कुछ दिनों पहले एक स्थानीय सब्जी मंडी में कर ग्राहकों के साथ खरीददारी करते हुए विक्रेताओं से बातचीत की। यह जाना कि आम लोगों का बजट कैसे बिगड़ रहा है और महंगाई ने किस तरह से सभी को परेशान कर रखा है। लोग बढ़ती कीमतों से जूझ रहे हैं और आम ज़रूरत की छोटी-छोटी चीजों पर समझौता करने पर मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि हमने लहसुन, मटर, मशरूम और दूसरी सब्जियों के भाव पर चर्चा की और लोगों के असली अनुभव सुने। 400 रुपए किलो लहसुन और 120 रुपए किलो मटर ने कैसे सबके बजट को हिला दिया है। लोग खाएंगे क्या और बचाएंगे क्या।

# विश्व शतरंज की महाशक्ति के रूप में उभरा भारत

**एजेंसी, बेंगलुरु**



चेहरे पर जीत की चमक लिए दोनों बाजू खोलकर मुस्कुराते हुए डी गुकेश की तस्वीर एक अरब से अधिक भारतवासियों की यादों में हमेशा के लिए चस्पा हो गई।

सिंगापुर में विश्व शतरंज चैंपियनशिप मुकाबले में चीन के डिंग लिरेन को हराने के ठीक बाद खींची गई यह तस्वीर विश्वनाथन आनंद के दौर के बाद विश्व शतरंज के मानचित्र में भारत के बढ़ते कद की तस्दीक करती है। वर्ष 2024 भारतीय शतरंज के उत्थान का रहा, जिसका खाका खुद आनंद ने तैयार किया।

गैरी कास्पारोव के अनुसार 'विशी के बच्चे' बेखौफ और महत्वाकांक्षी युवा हैं, जिनके पास चेन्नई के 18 वर्ष के गुकेश के रूप में अब एक नया रोलमॉडल है। शतरंज के इतिहास में सबसे युवा विश्व चैंपियन बने गुकेश। इस सफर की शुरूआत अप्रैल में फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के जरिए हुई। वह टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने और इसके साथ ही 32 वर्ष के लिरेन के खिलाफ विश्व चैंपियनशिप मुकाबले में भी जगह बनाई। 14 दौर के खिताबी मुकाबले से पहले ही गुकेश को प्रबल दावेदार माना जा रहा था, जिससे दबाव बनना लाजमी था। तीसरे, 11वें और 14वें दौर में जीत दर्ज करके गुकेश ने विश्व चैंपियन का खिताब जीता। गुकेश ने जबर्दस्त प्रदर्शन किया। इसका श्रेय उनके सहयोगी स्टाफ को भी जाता है, जिसमें भारत में शतरंज की क्रांति का सूत्रपात करने वाले आनंद और मशहूर मानसिक अनुकूलन कोच पैडी अपटन शामिल थे।

### शतरंज ओलंपियाड में भारत का दबदबा

सितंबर में बुडापेस्ट में भारत ने शतरंज ओलंपियाड में टीम और व्यक्ति गत वर्ग में छह स्वर्ण पदक जीते। पुरुष टीम फाइनल में भारत ने स्लोवेनिया को और महिला वर्ग में अजरबैजान को हराया।
एक ही ओलंपियाड में महिला और पुरुष दोनों खिताब जीतने वाले दूसरे दो देश चीन और पूर्व सोवियत संघ हैं।
व्यक्ति गत वर्ग में गुकेश, अर्जुन एरिगैसी, दिव्या देशमुख और वंतिका अग्रवाल ने स्वर्ण पदक जीते।
ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा और आर वैशाली कैंडिडेट्स में खेलने वाली भाई-बहन की पहली जोड़ी रही।
प्रज्ञानानंदा ने मई में नॉर्वे शतरंज में दुनिया के नंबर-एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को उनकी ही धरती पर क्लासिकल प्रारूप में हराया।
एरिगैसी 2,800 ईएलओ रेटिंग अंक पार करने वाले आनंद के बाद दूसरे भारतीय बने।
वह इस समय कार्लसन (2831), फेबियानो कारूआना (2805) और हिकारू नकामूरा (2802) के बाद 2801 अंक लेकर चौथे स्थान पर हैं।

भारत फिडे टीम रैंकिंग में चौथे स्थान पर हैं। भारत में 64 ग्रैंडमास्टर हैं और उनमें से अधिकांश 25 वर्ष से कम के हैं। ये फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंडस्लैम टूर, फिडे महिला जीपी, फिडे महिला विश्व कप और एशियाई चैंपियनशिप में अगले साल चुनौती पेश करेंगे।

# अंडर-19 टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय महिला टीम घोषित

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत ने अगले साल 18 जनवरी से दो फरवरी तक मलेशिया के कुआलालंपुर में खेले जाने वाले आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप के लिए मंगलवार को 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की।

बीसीसीआई की महिला चयन समिति ने टीम की घोषणा की, जिसका नेतृत्व निकी प्रसाद करेंगी जबकि सानिका चालके उप-कप्तान होंगी। इस प्रतियोगिता में कुल 16 टीम भाग लेंगी, जिन्हें चार ग्रुप में बांटा गया है।

भारत मौजूदा चैंपियन है और उसे मेजबान मलेशिया, वेस्टइंडीज और श्रीलंका के साथ ग्रुप-ए में रखा गया है।



**भारतीय टीम।** निकी प्रसाद , सानिका चालके , जी त्रिशा, कमलिनी जी, भाविका अहिरे , ईश्वरी अवसरे, मिथिला विनोद, जोशिता वीजे, सोनम यादव, पारुनिका सिसौदिया, केसरी द्रिथि, आयुषी शुक्ला, आनंदिता किशोर, एमडी शबनम, वैष्णवी एस।
**स्टैंडबाय खिलाड़ी।** नंदना एस, इरा जे, अनादि टी।

## स्पोर्ट्स विंडो

### बेन स्टोक्स हैमस्ट्रिंग में चोट के कारण तीन महीने के लिए बाहर

**लंदन।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स बाईं हैमस्ट्रिंग में चोट के कारण कम से कम तीन महीने के लिए क्रिकेट से बाहर हो गए हैं।



इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने एक बयान में बताया कि स्टोक्स अगले महीने हैमस्ट्रिंग की सर्जरी कराएंगे। वह पिछले सप्ताह हैमिल्टन में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। इंग्लैंड को इस मैच में हार का सामना करना पड़ा था। इस 33 वर्षीय ऑलराउंडर को पाकिस्तान में फरवरी और मार्च में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए रविवार को घोषित इंग्लैंड की टीम में नहीं चुना गया था। हैमस्ट्रिंग की समस्या के कारण स्टोक्स श्रीलंका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला और अक्तूबर में पाकिस्तान में पहला टेस्ट मैच नहीं खेल पाए थे।

### अली हातिम लकड़वाला को यंग राइडर शोजंपिंग का खिताब

**नई दिल्ली।** चेन्नई के अली हातिम लकड़वाला ने लियोनार्डो वान होली पर सवार होकर 33.31 सैकंड का शानदार समय निकालकर यहां राष्ट्रीय जूनियर घुड़सवारी चैंपियनशिप में यंग राइडर शोजंपिंग चैंपियन का खिताब जीता। आर्मी पोलो एंड राइडिंग क्लब में यंग राइडर (आयु वर्ग 18 से 21) टीम ड्रेसेज इवेंट में सिद्धांत जायसवाल, जयवीर वर्मा और गीतिका टिक्करिसेट्टी ने 178.22 के संयुक्त स्कोर के साथ पहला स्थान हासिल किया। लकड़वाला ने ई सूर्या आदित्य (37.22 सेकंड) को पीछे छोड़ा। गीतिका टिक्करिसेट्टी ने 40.93 सेकंड के समय के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। इस बीच 12 से 14 आयु वर्ग की टीम ड्रेसेज इवेंट में, इनारा मेहता लुथरिया, अनन्या सजीत हरिदास, सुभ चौधरी और प्रणव दीपक की चौकड़ी ने 226.18 अंकों के साथ खिताब जीता।

### खूबसूरती के लिए मशहूर रोसेली ब्रिच

**नई दिल्ली।** रोसेली ब्रिच इंग्लैड के लिए क्रिकेट खेलती हैं। वह जितनी खतरनाक बॉलर हैं, उतनी ही खूबसूरत हैं। वह मिडिल आर्डर मे बल्लेबाजी करती है। यूनिवर्सिटी ऑफ ससेक्स मे एडमीशन लेने के बाद उन्होंने क्रिकेट खेलना शुरू किया।



### भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी को अमेरिका का वीजा मिला

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने 26 दिसंबर से न्यूयॉर्क में शुरू होने वाली आगामी विश्व रैपिड और ब्लिट्ज चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा करने के लिए अमेरिका का वीजा प्राप्त करने के बाद राहत की सांस ली। विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज इस भारतीय ने शुक्रवार को अमेरिकी दूतावास से टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए आवश्यक वीजा देने की प्रक्रिया में तेजी लाने की अपील की थी। इस टूर्नामेंट में मैग्नस कार्लसन, फैबियानो कारूआना, इयान नेपोम्नियाचची और बोरिस गेलफेंड जैसे शीर्ष खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। एरिगैसी ने अपने 'एक्स' हैंडल पर लिखा, ''मुझे अमेरिका का वीजा मिल गया है। मैं अभिभूत हूं और अपनी स्थिति पर इतनी सकारात्मक प्रति‍ या मिलने से बहुत आभारी हूं।'' एरिगैसी ने इससे पहले शुक्रवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर और खेल मंत्री मनसुख मांडविया के साथ एआईसीएफ से सोशल मीडिया के जरिए मदद मांगी थी।

### चैंपियंस ट्रॉफी में भारत बनाम पाकिस्तान मैच 23 फरवरी को दुबई में

**दुबई।** भारत चैंपियंस ट्रॉफी के अपने सभी लीग मैच दुबई में खेलेगा, जिसमें 23 फरवरी को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबला होगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। आईसीसी आयोजनों में जैसा कि होता आया है, भारत और पाकिस्तान को एक ही ग्रुप में रखा गया है। इस ग्रुप में न्यूजीलैंड और बांग्लादेश भी हैं। ग्रुप-बी में दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और इंग्लैंड शामिल हैं। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच 19 फरवरी को कराची में खेला जाएगा। इस मैच में मेजबान पाकिस्तान का सामना न्यूजीलैंड से होगा। इसका फाइनल नौ मार्च को होगा।

### अफरीदी ने द. अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट से बाहर रखने का अनुरोध किया

**कराची।** पाकिस्तान के स्टार तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने कार्यभार प्रबंधन के लिए टीम प्रबंधन और राष्ट्रीय चयनकर्ताओं से दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट मैचों के लिए उनके नाम पर विचार नहीं करने का अनुरोध किया है। अफरीदी फरवरी मार्च में होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिये पूरी तरह फिट होना चाहते हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट के लिए शाहीन के बिना पाकिस्तानी टीम का ऐलान होने पर सीनियर चयनकर्ता आकिब जावेद ने कहा कि चैंपियंस ट्रॉफी के लिये उन्हें तरोताजा रखने की कवायद में कार्यभार प्रबंधन किया जा रहा है। सूत्र ने कहा ,''असलियत यह है कि शाहीन ने खुद अनुरोध किया था कि चैम्पियंस ट्रॉफी तक टेस्ट मैचों से उन्हें बाहर रखा जाए।''

# पंत, गिल और जायसवाल की मानसिकता से छेड़छाड़ नहीं करना चाहता : रोहित शर्मा

**एजेंसी, मेलबोर्न**

यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत और शुभमन गिल अपनी अनियमित फॉर्म के कारण भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मौजूदा टेस्ट सीरीज में एक जैसी स्थिति में है, लेकिन कप्तान रोहित शर्मा का मानना है कि इन तीनों में से किसी पर भी अतिरिक्त बोझ नहीं डाला जाएगा क्योंकि इससे स्थिति और जटिल हो जाएगी।

जायसवाल ने पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में 161 रन की मैच जिताने वाली पारी खेली थी, लेकिन इसके बाद उनका बल्ला नहीं चल पाया जबकि गिल और पंत अभी तक खेले गए तीन टेस्ट मैच में अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा पाए।

रोहित ने इन तीनों बल्लेबाजों की फॉर्म को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में यहां संवाददाताओं से कहा, ''गिल, जायसवाल और पंत जैसे खिलाड़ी एक ही नाव पर सवार हैं। वे जानते हैं कि वह क्या करने में सक्षम हैं। हमें चीजों को जटिल नहीं बनाना चाहिए।''

उन्होंने कहा, ''जायसवाल पहली बार ऑस्ट्रेलिया में खेल रहा है। वह पहले ही दिखा चुका है कि वह क्या करने में सक्षम है। वह बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी है और जब आपके पास उसके जैसा खिलाड़ी हो तो आप उसकी मानसिकता में बहुत अधिक छेड़छाड़ नहीं करना चाहेंगे।''


शुभमन गिल


ऋषभ पंत


यशस्वी जायसवाल

रोहित ने कहा, ''उसे जितना संभव हो उतना स्वच्छंद होकर खेलने दें तथा उसकी बल्लेबाजी को लेकर बहुत अधिक विचार करके उस पर अतिरिक्त बोझ नहीं बनने दें। वह किसी अन्य की तुलना में अपनी बल्लेबाजी के बारे में बेहतर समझ रखता है और उसने अभी तक इसी तरह से क्रिकेट खेली है।'' इसी तरह से गिल को लेकर भारतीय कप्तान किसी तरह से चिंतित नहीं हैं और उन्हें उन पर पूरा भरोसा है। रोहित ने कहा, '' जहां तक गिल की बात है तो हम सभी जानते हैं कि वह कितना कुशल खिलाड़ी है। यह उसके कौशल पर भरोसा करने से जुड़ा हुआ है। जायसवाल की तरह हम उसके लिए भी चीजों को जटिल नहीं बनाना चाहते हैं। वह अपनी बल्लेबाजी को बहुत अच्छी तरह से समझता है।''

उन्होंने कहा, ''गिल जानता है कि बड़े स्कोर कैसे बनाए जाते हैं और वह पहले ऐसा कर चुका है। उसे केवल अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने की जरूरत है।''

रोहित ने यह सुझाव भी खारिज कर दिया कि पंत पर 2021 के अपने शानदार प्रदर्शन को दोहराने का दबाव है। उन्होंने कहा, ''पंत पर किसी तरह का दबाव नहीं है। उसने यहां अभी तक तीन टेस्ट मैच खेले हैं। भारत में वह अच्छी फॉर्म में था। हमें दो या तीन टेस्ट मैच के आधार पर आकलन नहीं करना चाहिए। वह जानता है कि उसे क्या करना है।''

रोहित ने इसके साथ ही तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बारे में कहा, ''बुमराह के मामले में सबसे आसान तरीका यही होता है कि उसे किसी तरह की सलाह नहीं दी जाए। वह जानता है कि वह क्या कर रहा है और किस तरह से चीजों को आगे बढ़ाना है। वह चीजों को जटिल बनाने का प्रयास नहीं करता है तथा उन्हें सरल बनाए रखता है। वह अपने कौशल पर पूरा भरोसा रखता है।''

### गिल को खुद पर भरोसा करना होगा: पोंटिंग

**मेलबोर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि भारत के शीर्षक्रम के बल्लेबाज शुभमन गिल ने अपनी बल्लेबाजी शैली में काफी बदलाव कर लिए हैं, जिससे विदेश दौरों पर रन नहीं बन पा रहे, लेकिन उन्हें आत्मविश्वास पैदा करना होगा।



गिल अंगूठे की चोट के कारण बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का पहला टेस्ट नहीं खेल सके थे। एडीलेड में दूसरे टेस्ट में वह अच्छी शुरुआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल सके।

ब्रिसबेन में तीसरे टेस्ट में वह पहली पारी में जल्दी आउट हो गए, लेकिन बाद में केएल राहुल और रवींद्र जडेजा ने अर्धशतक जमाकर मैच ड्रॉ कराया।

पोंटिंग ने कहा ,''मुझे उसे खेलते देखना पसंद है। जब आप उसे अच्छी बल्लेबाजी करते देखें तो उसका कोई सानी नहीं है, लेकिन विदेश में उसका प्रदर्शन वैसा नहीं रहा है।''

पोंटिंग ने कहा कि एडीलेड में दूसरे टेस्ट में उन्होंने गिल की तकनीक में काफी बदलाव देखे, जिससे उनसे रन नहीं बन पा रहे। उसे अपनी रक्षात्मक तकनीक पर थोड़ा और काम करना होगा ताकि ऑस्ट्रेलिया में रन बना सके। ''

# कोंस्टास एमसीजी में टेस्ट पदार्पण के लिए तैयार, हेड का खेलना संदिग्ध

**एजेंसी, मेलबोर्न**

ऑस्ट्रेलिया के युवा सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास भारत के खिलाफ बॉक्सिंग-डे टेस्ट मैच से टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने के लिए तैयार हैं, लेकिन तीसरे टेस्ट मैच में चोटिल होने वाले ट्रैविस हेड के खेलने को लेकर संदेह बरकरार है। चयनकर्ता टोनी डोडेमाइड ने मंगलवार को यहां अभ्यास सत्र के दौरान इस 19 वर्षीय बल्लेबाज को भारत के खिलाफ 26 दिसंबर से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट मैच के लिए अंतिम एकादश में शामिल करने की जानकारी दी। कोंस्टास ऑस्ट्रेलिया की पुरुष टीम की तरफ से टेस्ट क्रिकेट खेलने वाले 468वें खिलाड़ी बनेंगे।

कोंस्टास ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस के बाद टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले सबसे कम उम्र के ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बनेंगे। कमिंस ने 2011 में 18 साल की उम्र में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा, ''हम टीम बैठक से पहले अपनी बल्लेबाजी इकाई को लेकर स्पष्टता चाहते थे। हम अमूमन इस तरह का खुलासा नहीं करते हैं, लेकिन हम चाहते थे कि हर कोई यह जान ले कि वह टीम में है। ''


सैम कोंस्टास

उन्होंने कहा, ''वह (कोंस्टास) बहुत सहज है। वह वैसा ही है जैसा कि मैं उसे टीम से बाहर रहते हुए देखा था, तनावमुक्त और सहज। वह अपने खेल को अच्छी तरह से समझता है तथा वह विरोधी टीम पर दबाव बनाने में सक्षम है। वह मौके का पूरा फायदा उठाता है।''

कोंस्टास को नाथन मैकस्वीनी की जगह टीम में लिया गया जो पहले तीन टेस्ट मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। मैकडोनाल्ड ने हालांकि कहा कि बेहतरीन फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज हेड की मांसपेशियों में हल्का खिंचाव है। वह तीसरे टेस्ट मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। पिछले दो मैच में मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए हेड ने मंगलवार को नेट पर अभ्यास करने के बजाय सहायक कोच ब्रैड हॉज के थ्रो डाउन पर बल्लेबाजी का अभ्यास किया।

# खेलरत्न के लिए मनु भाकर की अवहेलना पर कोच जसपाल राणा ने उठाए सवाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दो ओलंपिक पदक जीतने वाली निशानेबाज मनु भाकर के कोच जसपाल राणा ने खेल मंत्रालय, भारतीय खेल प्राधिकरण और भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) को ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के लिए मनु की अनदेखी किए जाने पर आड़े हाथों लिया है।


मनु भाकर

राणा ने कहा ,'' मैं उन सभी को जिम्मेदार ठहराऊंगा। कोई कैसे कह सकता है कि मनु ने आवेदन नहीं किया। उसने एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनकर इतिहास रचा है। उसका नाम तो अपने आप आना चाहिए। क्या अधिकारियों को पता नहीं है कि मनु भाकर कौन है और उसकी क्या उपलब्धि है। इस अपमान से उसकी प्रगति में बाधा पहुंचेगी।'' उन्होंने यह भी कहा कि पुरस्कार के लिए खिलाड़ियों के सीधे आवेदन करने की अनिवार्यता खेल के हित में नहीं है।

मंत्रालय ने कहा कि मनु ने पुरस्कार के लिए आवेदन नहीं किया है, लेकिन उनके पिता रामकिशन भाकर ने कहा कि उन्होंने आवेदन किया है।

राणा ने कहा ,''यह हैरानी की बात है। कोई शीर्ष खिलाड़ी पुरस्कार के लिए आवेदन या अनुरोध क्यों करे। उसे तो अपने आप पुरस्कार मिलना चाहिए। उसकी अनदेखी कैसे हो सकती है कोई व्यवस्था तो होनी चाहिए।'' उन्होंने कहा ,'' क्या हर खिलाड़ी को पता है कि कैसे आवेदन करना है। क्या इसका कोई तुक है कि सिर्फ खिलाड़ी ही आवेदन कर सकता है। महासंघ, साइ या मंत्रालय क्यों नहीं।'

## महिला क्रिकेट

### भारतीय महिला टीम ने वेस्टइंडीज को दिया 359 रनों का लक्ष्य

# हरलीन के शतक से भारत का चुनौतीपूर्ण स्कोर

**एजेंसी, वडोदरा**

हरलीन देओल (115) के प्रभावशाली पहले शतक की मदद से भारत ने मंगलवार को यहां दूसरे महिला एकदिवसीय मैच में वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच विकेट पर 358 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। यह वेस्टइंडीज के खिलाफ किसी भी टीम द्वारा बनाया गया सबसे बड़ा स्कोर भी है। हरलीन ने 103 गेंद की पारी में 16 चौके जड़े। उन्होंने अपनी पारी के दौरान तीन शानदार साझेदारियां की। उन्होंने दूसरे विकेट के लिए प्रतिका रावल (76) के साथ 75 गेंद में 62, तीसरे विकेट के लिए कप्तान हरमनप्रीत कौर (22) के साथ 41 गेंद में 43 और चौथे विकेट के लिए जेमिमा रोड्रिग्स (52) के साथ 71 गेंद में 116 रन की आक्रामक साझेदारी की। इससे पहले शानदार लय में चल रही स्मृति मंधाना ने 47 गेंद में सात चौके और दो छक्के की मदद से 52 रन बनाने के अलावा प्रतिका के साथ भारत को लगातार दूसरे मैच में पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी के साथ शानदार शुरुआत दिलायी। प्रतिका ने 86 गेंद की पारी में 10 चौके और एक छक्का लगाया। जेमिमा ने आखिरी ओवरों में 36 गेंद की तेज तर्रार पारी में छह चौके और एक छक्का जड़ा। भारतीय प्रबंधन हरलीन के शतक से खुश होगा क्योंकि इस पारी के दौरान उन्होंने यह साबित किया कि वह ऑफ के साथ साथ लेग साइड में सहजता से रन बना सकती हैं। दाएं हाथ की इस बल्लेबाज को क्षेत्ररक्षकों के बीच गेंद खेलकर रन चुराने में कोई परेशानी नहीं हुई।



उन्होंने शमीलिया कॉनेल की गेंद पर चौका लगाकर 98 गेंद में अपना पहला शतक पूरा किया। मंधाना और रावल ने शुरुआती विकेट के लिए केवल 16.3 ओवर में 110 रन जोड़कर मेजबान टीम के बड़े स्कोर की नींव रखी। मंधाना के रन आउट होने के बाद भी प्रतिका किसी तरह की परेशानी में नहीं दिखी। उन्होंने 58 गेंदों में अपना पहला एकदिवसीय अर्धशतक पूरा किया। कप्तान हरमनप्रीत कौर एफी फ्लेचर के खिलाफ आ, मक शॉट खेलने की कोशिश में बोल्ड हो गयी। वेस्टइंडीज ने हरमनप्रीत के आउट होने के बाद राहत की सांस ली लेकिन जेमिमा ने क्रीज पर आते ही बड़े शॉट खेलकर उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया। इस बल्लेबाज ने महज 34 गेंद में अपना पचासा पूरा किया।

### हिमाचल की टीम राष्ट्रीय सब-जूनियर नेटबॉल के लिए रवाना

**भोरंज।** लड़के व लड़कियों की सब जूनियर राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिता 28 से 31 दिसंबर तक चे्नई में होगी। इसमें हिमाचल प्रदेश की लड़के व लड़कियों की टीम मंगलवार को जाहू से प्रतियोगिता स्थल चेन्नई के लिए रवाना हुई।

हिमाचल प्रदेश नेटबॉल संघ के प्रदेशाध्यक्ष भूपिंद्र सिंह ठाकुर ने खिलाड़ियों को रवाना किया। हिमाचल प्रदेश नेटबॉल संघ के महासचिव अशोक आनंद ने बताया कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अखिल भारतीय नेटबॉल संघ ने पहली बार हिमाचल प्रदेश की राष्ट्रीय खिलाडी भावना को अंपायर नियुक्त किया है, जोकि हिमाचल प्रदेश के लिए गौरव की बात है।

उन्होंने कि हिमाचल प्रदेश की लड़के व लड़कियों टीम में योगिता और वर्षा को कोच नियुक्त किया है तथा महक और किरना को टीम मैनेजर नियुक्त किया है।